


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 270 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.6 2079 बुधवार, 14 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## ऑस्ट्रेलिया में पुलिस पर हमला, 2 अधिकारी समेत 6 लोगों की मौत

क्वींसलड : ऑस्ट्रेलिया में दो पुलिसकर्मी समेत 6 लोगों पर हमला हुआ, जिसमें सभी की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस एक लापता व्यक्ति की तलाश करने गई थी। इस दौरान हमला किया गया।

पुलिस ने बताया कि शाम करीब 4 बजे सोमवार को जब चार अधिकारी क्वींसलैंड राज्य में एक दूरस्थ इलाके में पहुंचे, तभी कम से कम दो शूटरों ने पुलिस अधिकारियों पर गोलियां चलाईं।

# तवांग पर रक्षा मंत्री का जवाब

## ➤ हाथापाई में दोनों तरफ के सैनिकों को चोटें आईं, हमारे जवानों ने चीनियों को खदेड़ा



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। तवांग में 9 दिसंबर को भारत-चीन सैनिकों के बीच हुई झड़प पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद में जवाब दिया। राजनाथ अपने 3 मिनट के जवाब में बोले, हाथापाई में दोनों तरफ के सैनिकों को चोटें आईं। हमारा कोई सैनिक नहीं मारा गया। भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों को उनकी पोस्ट पर जाने को मजबूर कर दिया।

17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित तवांग के यांगत्से में 9 दिसंबर को 600 चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने लाठी-डंडों से उन्हें वापस खदेड़ दिया था।

**राजनाथ बोले, भारतीय सैनिकों ने बहादुरी दिखाई :**

राजनाथ ने कहा, 9 दिसंबर 2022 को पीएलए ट्रूप्स ने तवांग में एलएसी का उल्लंघन कर नियम तोड़े थे। भारतीय सेना ने पीएलए को अतिक्रमण से रोका। उन्हें उनकी पोस्ट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें भी आई हैं। हमारे किसी भी सैनिक की न तो मृत्यु हुई है और न कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। समय से हमने हस्तक्षेप किया। इसकी वजह से चीनी सैनिक वापस चले गए।

इसके बाद लोकल कमांडर ने 11 दिसंबर को चाइनीज काउंटर पार्ट के साथ व्यवस्था के तहत फ्लैग मीटिंग की। चीन को ऐसे एक्शन के लिए मना किया गया और शांति बनाए रखने को कहा। कूटनीतिक स्तर पर भी मुद्दा उठाया गया। हमारी सेनाएं भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी भी प्रयास को रोकने के लिए तत्पर हैं। विश्वास है सदन सेनाओं की वीरता और साहस को समर्थन देगा। यह संसद बिना किसी संशय के भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और क्षमता का अभिनंदन करेगी।

### ओवैसी का सवाल : 9 को झड़प हुई तो संसद में सरकार ने जानकारी क्यों नहीं दी ?



असदुद्दीन ओवैसी ने तवांग इलाके में हुई झड़प मामले में सरकार को घेरते हुए सवाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन सैनिकों के बीच झड़प 9 दिसंबर को हुई थी। इस दौरान पार्लियामेंट चल रहा है तो सरकार ने इसकी जानकारी उसी दिन क्यों नहीं दी? हमें तीन दिन बाद मीडिया बता रही है कि हमारे बहादुर सैनिक घायल हुए हैं। मुझे देश की आर्मी पर पूरा भरोसा है, लेकिन देश में एक कमजोर लीडरशिप है। मोदी सरकार चीन का नाम लेने से भी घबराती है।

## संसद में कांग्रेस के हंगामे पर शाह नाराज

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में भारत-चीन के बीच झड़प के मुद्दे को लेकर विपक्ष की तरफ से हंगामे पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि लोकसभा में आज विपक्ष ने प्रश्नकाल नहीं चलने दिया। मैं इस कृत्य की निंदा करता हूं। उन्होंने इस पूरे हंगामे के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस के चीन से संबंध होने का आरोप लगाते हुए राजीव गांधी फाउंडेशन पर भी टिप्पणी की।

इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने साफ कहा कि रक्षा मंत्री संसद में भारत-चीन की सेना के बीच हुई झड़प पर बयान देंगे फिर भी संसद को बाधित किया गया। इसी पर अमित शाह ने कहा कि चीन पर कांग्रेस का दोहरा रवैया है।

भारतीय सैनिकों ने कुछ ही देर में चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया था। भारत की एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं हुआ है। शाह ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि नेहरू जी के चीन प्रेम के चलते भारत की सुरक्षा परिषद में सदस्यता बलि चढ़ी थी। 1962 में चीन ने हजारों हेक्टेयर भूमि हड़पी। उन्होंने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस को चीन से मोटी रकम मिलती है। राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसे मिले। गृह मंत्री ने कहा, प्रश्नकाल की सूची में प्रश्न संख्या 5 देखने के बाद मुझे इनकी (कांग्रेस) चिंता समझ में आई। सवाल राजीव गांधी फाउंडेशन के विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस को रद्द करने के संबंध में था। अगर वे अनुमति देते तो मैं संसद में जवाब देता कि राजीव गांधी फाउंडेशन को 2005-2007 के वित्तीय काल में दौरान चीनी दूतावास से 1.35 करोड़ रुपये का अनुदान मिला, जो एफसीआरए के अनुसार उचित नहीं था, इसलिए गृह मंत्रालय ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए इसका पंजीकरण रद्द किया।



## सैनिकों की झड़प पर आया चीन का पहला बयान

बीजिंग, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प पर जहां संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बयान दे दिया है, वहीं अब इस मुद्दे पर चीन की तरफ से भी पहला बयान आया है। चीन ने कहा है कि फिलहाल भारतीय सीमा के पास स्थिति स्थिर है। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा और राज्यसभा में दिए बयान में कहा कि पीएलए ने भारतीय सीमा पर अतिक्रमण की कोशिश की। हालांकि, भारतीय सैनिकों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में किसी सैनिक की न तो मृत्यु हुई और न ही कोई घायल हुआ। दूसरी तरफ चीन की मीडिया में अब तक सैनिकों की झड़प की खबर गायब है। सिर्फ चीन के ग्लोबल टाइम्स अखबार के अंग्रेजी एडिशन के संपादक हू शिजिन का चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में शिजिन ने भारत-चीन के सैनिकों की झड़प और किसी की जान न जाने की बात कही है।

## चीन की 43 प्रतिशत जमीन दूसरों से हथियाई हुई

*5 देशों की 41 लाख वर्ग किमी जमीन हड़पी*
*भारत के 90 हजार वर्ग किमी पर नजर*

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। एलएसी पर चीनी सैनिकों ने एक बार फिर भारत में घुसने की कोशिश की है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर अपना दावा पेश करता रहा है। चीन ने पिछले साल ही अरुणाचल प्रदेश के 15 इलाकों के नाम बदल दिए थे। यानी चीन के जमीन हथियाने की नीति का अगला फोकस भारत है। रूस और कनाडा के बाद चीन सबसे बड़ा देश है। इसका कुल एरिया 97 लाख 6 हजार 961 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 43 प्रतिशत जमीन दूसरों से हड़पी हुई है।

चीन ने पूर्वी तुर्किस्तान पर 1949 में कब्जा किया था। चीन इसे शिनजियांग प्रांत बताता है। इसका कुल एरिया ईरान जितने बड़े देश के बराबर है। यहां की कुल आबादी में 45 प्रतिशत उइगर मुस्लिम हैं, जबकि 40 प्रतिशत हान चीनी हैं। उइगर मुस्लिम तुर्किक मूल के माने जाते हैं। चीन ने शिनजियांग को स्वायत्त क्षेत्र घोषित कर रखा है। 23 मई 1950 को चीन के हजारों सैनिकों ने तिब्बत पर हमला कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया। पूर्वी तुर्किस्तान के बाद तिब्बत, चीन का दूसरा सबसे बड़ा प्रांत है। इसका कुल एरिया दक्षिण अफ्रीका जैसे देश जितना बड़ा है। यहां की आबादी में 78 प्रतिशत बौद्ध हैं। 1959 में चीन ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को बिना बॉडीगार्ड के बीजिंग आने का न्योता दिया था, लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें घेर लिया था, ताकि चीन गिरफ्तार न कर सके। बाद में दलाई लामा को भारत में शरण लेनी पड़ी। 1962 में भारत-चीन के बीच हुए युद्ध के पीछे ये भी एक कारण था।

दूसरे विश्व युद्ध के बाद चीन ने इनर मंगोलिया पर कब्जा कर लिया था। 1947 में चीन ने इसे स्वायत्त घोषित किया। एरिया के हिसाब से इनर मंगोलिया, चीन का तीसरा सबसे बड़ा सब-डिविजन है। इसका क्षेत्रफल कोलंबिया जितने बड़े देश के बराबर है। हॉन्गकॉन्ग पहले चीन का ही हिस्सा था, लेकिन 1842 में ब्रिटिशों के साथ हुए युद्ध में चीन को इसे गंवाना पड़ा। 1997 में ब्रिटेन ने चीन को हॉन्गकॉन्ग लौटा दिया, लेकिन इसके साथ 'वन कंट्री, टू सिस्टम' समझौता भी हुआ। जिसके तहत चीन हॉन्गकॉन्ग को अगले 50 साल तक राजनीतिक तौर पर आजादी देने के लिए राजी हुआ। हॉन्गकॉन्ग के लोगों को विशेष अधिकार मिले हैं, जो चीन के लोगों को नहीं हैं।

**ताइवान को भी अपना हिस्सा मानता है चीन :**

1911 में चीन में कॉमिंगतांग की सरकार बनी। 1949 में यहां गृहयुद्ध छिड़ गया और माओ त्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्टों ने कॉमिंगतांग की पार्टी को हराया। हार के बाद कॉमिंगतांग ताइवान चले गए। 1949 में चीन का नाम 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' पड़ा और ताइवान का 'रिपब्लिक ऑफ चाइना' पड़ा। >14

## संसद पर हमले की 21वीं बरसी

### उपराष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की 21वीं बरसी है। आतंकवादियों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद भवन पर हमला किया था। संसद पर हुए हमले के 21 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन आज भी इस कायराना आतंकवादी हमले की यादें भारतीयों के दिलो-दिमाग में ताज हैं। 21 साल पहले आज ही दिन के हुए इस हमले में नौ जवान शहीद हुए थे, जिसमें दिल्ली पुलिस के पांच जवान शामिल थे। वहीं, हमला करने वाले सभी पांच आतंकी भी मारे गए थे।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने मंगलवार को संसद परिसर में शहीद जवानों को श्रद्धांजिल अपर्ति की और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

## महाठग सुकेश ने ट्रायल कोर्ट के जज को भी ठगने की कोशिश की

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि महाठग सुकेश ने ट्रायल कोर्ट के जज को भी ठगने की कोशिश की। सुकेश ने जज को फर्जी फोन किया था। उसने खुद को सुप्रीम कोर्ट का जज बताकर ट्रायल कोर्ट के जज को प्रभावित करने की कोशिश की गई थी। सुकेश ने यह फोन कॉल साल 2017 में किया था।

## अंडमान और निकोबार में 4.8 तीव्रता का भूकंप

अंडमान द्वीप : अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आज दोपहर 2 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.8 मापी गई। भूकंप की गहराई जमीन से 59 किमी नीचे थी।

### झड़प की खबरों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा

## थरूर ने चीन की मंशा को लेकर किया आगाह

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और चीन के सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में झड़प का मामला तूल पकड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बीते 9 दिसंबर को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इस झड़प में दोनों पक्षों के जवान घायल हुए हैं। सूत्रों ने यह भी बताया है कि तवांग के याग्त्से एरिया में चीनी सैनिक भारतीय सेना की चौकी को हटाना चाहते थे, लेकिन भारतीय सैनिकों ने करारा जवाब देते हुए उन्हें खदेड़ दिया। वहीं, चीन और भारत के सैनिकों के बीच हुई इस झड़प को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस और एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया दी है।



**थरूर बोले, तवांग पर चीन की बुरी नजर**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं है कि तवांग पर चीन की नजरें हैं और हमें बहुत सावधान रहने की जरूरत है। इस विषय पर हर पार्टी, हर व्यक्ति हमारी सेना के साथ है। कल जो भी हुआ वो हमारी तरफ से एक संदेश है कि हम हमारे प्रादेशिक अखंडता और संप्रभुता के लिए हमारे बीच एकता है।

**अपनी राजनीतिक छवि को बचाने के लिए मोदी सरकार मामले को दबा रही :**

हिंसक झड़प पर कांग्रेस ने भी सरकार को घेरा है। कांग्रेस ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प का मामला सामने आया है। वक्त आ गया है कि सरकार ढुलमुल रवैया छोड़कर सख्त लहजे में चीन को समझाए कि उसकी यह हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी ट्वीट करते हुए मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि भारतीय सेना के शौर्य पर हमें गर्व है। सीमा पर चीन की हरकतें किसी भी तरह से स्वीकार नहीं की जाएंगी। बीते दो साल से हम बार-बार सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार केवल अपनी राजनीतिक छवि को बचाने के लिए इस मामले को दबाने में लगी है। इसी कारण चीन का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है।

## नकली सीबीआई अफसर बनकर लूटे 30 लाख और जेवर

कोलकाता, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर कुछ लोगों ने नकली सीबीआई अफसर बनकर एक बिजनेसमैन के घर से 30 लाख रुपये कैश और ज्वेलरी लूट ली। घटना भवानीपुर इलाके की है। विक्टिम सुरेश वाधवा (60 साल) ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई, तब मामले का खुलासा हुआ। बिजनेसमैन की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस स्टिकर लगीं गाड़ियों में आए आरोपी :**

वाधवा ने बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे 7-8 लोग सीबीआई अफसर बनकर उनके घर पहुंचे और कहा कि वे रेड डालने आए हैं। ये लोग पुलिस स्टिकर लगीं तीन गाड़ियों में आए थे। जब सुरेश ने घर का दरवाजा खोला तो सभी लोग खुद को सीबीआई अफसर बताकर घर के अंदर घुस आए। वाधवा ने उनसे आईडी कार्ड दिखाने को कहा, लेकिन किसी ने भी उनकी बात का जवाब नहीं दिया। विक्टिम के मुताबिक, नकली सीबीआई अफसर 30 लाख रुपये कैश और लाखों की ज्वेलरी लेकर चले गए। इन लोगों ने जब्त किए सामान की लिस्ट भी बनाई, लेकिन विक्टिम से कहा कि ये लिस्ट उन्हें बाद में भेजी जाएगी। उन्होंने विक्टिम से ये भी कहा कि उन्हें बयान देने के लिए दफ्तर बुलाया जाएगा।

**पुलिस को शक, मामले में घर का करीबी शामिल :**

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि नकली सीबीआई अफसर बनाकर आए सभी लोग ऊंची कद-काठी के थे और रेड के दौरान लाठी लिए हुए थे। पुलिस को शक है कि इस मामले में घर में रहने वाले लोगों या बिजनेसमैन वाधवा के करीबी लोगों का हाथ हो सकता है। पुलिस ने बताया कि हम वाधवा रेजिडेंस के नौकरों और उनके फार्म के कर्मचारियों से बात कर रहे हैं। आरोपियों को पता था कि वाधवा घर में कैश और ज्वेलरी कहां रखी है, यह जानकारी उन्हें किसी अंदर के शख्स से ही मिली होगी। इसलिए हम उस इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी निकाल रहे हैं जिससे उन तीन गाड़ियों की पहचान हो सके जिसमें बैठकर आरोपी आए थे।

## केरल में अब राज्यपाल नहीं होंगे कुलाधिपति

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। केरल विधानसभा ने राज्यपाल को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने का प्रस्ताव पास कर दिया है। पिछले महीने ही केरल सरकार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राज्य के कुलाधिपति पद से हटा दिया था। सरकार ने 10 नवंबर को विश्वविद्यालय के नियमों में संशोधन किया, जिससे राज्यपाल को कुलाधिपति पद से हटाया जा सके। अब इस पद पर कला और संस्कृति क्षेत्र से जुड़े किसी शख्स को नियुक्त किया जाएगा।

दरअसल, इसी साल अक्टूबर में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की ओर से राज्य के 9 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से इस्तीफा मांगा था। इस मुद्दे पर केरल के सीएम पिनरई विजयन और राज्यपाल में तनातनी चल रही थी। केरल के सीएम ने गर्वनर पर राज्य की यूनिवर्सिटीज में आरएसएस समर्थक कुलपतियों को नियुक्त करने का आरोप लगाया था।

## क्या भारतीय करेंसी से हट सकती है महात्मा गांधी की फोटो?

### सरकार ने संसद में दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में करेंसी नोट पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर छापने की मांग की थी। इस मांग को लेकर सरकार का संसद में जवाब सामने आया है। सरकार ने संसद को बताया कि उसके पास भारतीय करेंसी नोट पर स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर, प्रख्यात व्यक्तियों, देवी और देवताओं यहां तक की जानवरों की भी तस्वीर छापने की मांग को लेकर अनुरोध किया गया है। वहीं, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर करेंसी नोट से हटाने की किसी भी योजना से सरकार ने सिरे से इनकार कर दिया है।



लोकसभा में सरकार से सवाल किया गया था कि क्या भारती करेंसी नोट पर देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के फोटो समेत और भी फोटो लगाने की मांग को लेकर सरकार से क्या अनुरोध किया गया है? ऐसे में सरकार की इस मांग को लेकर क्या योजना है? इस सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने स्वीकार किया है सरकार से अनुरोध कर ये मांग की गई है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर, प्रख्यात व्यक्तियों, देवी और देवताओं और जानवरों की भी करेंसी नोट पर तस्वीर छापने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि आरबीआई के एक्ट 1934 के सेक्शन 25 के तहत बैंक नोट के डिजाइन, फॉर्म और मटेरियल के इस्तेमाल को लेकर आरबीआई के सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सिफारिश के बाद सरकार से मंजूरी लेनी पड़ती है जिसके बाद ही बदलाव संभव है।

**अरविंद केजरीवाल ने क्या कहा था :**

दरअसल, अक्टूबर में अरविंद केजरीवाल ने भारतीय रुपये पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की फोटो लगाने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि नोट पर एक तरफ गांधीजी और दूसरी तरफ लक्ष्मी-गणेश की फोटो होगी, तो इससे पूरे देश को उनका आशीवार्द मिलेगा। उन्होंने अपने बयान में आगे कहा कि लक्ष्मी जी को समृध्दि की देवी माना गया है, तो वहीं गणेश जी सभी विघ्न को दूर करते हैं। केजरीवाल ने इसी वजह से दोनों देवी-देवताओं की फोटो को नोट पर लगानी की बात कही।

**1969 में पहली बार छपी थी गांधीजी की फोटो**

बता दें कि 1969 में महात्मा गांधी के 100वें जन्मदिन पर पहली बार करेंसी पर महात्मा गांधी की तस्वीर छापी गई। इसमें महात्मा गांधी को बैठे हुआ दिखाया गया था। पीछे सेवाग्राम आश्रम छपा था।

## ममता का बड़ा आरोप : दिल्ली से चलती है मेघालय और असम की सरकार

शिलांग, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने शिलांग दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मेघालय के मुख्यमंत्री कोरनाड संगमा सरकार पर तीखा हमला बोला। ममता ने कहा, मेघालय की सरकार असम और दिल्ली से चलती है। यहां के मुख्यमंत्री अपने लोगों की बात तक दिल्ली पहुंचा नहीं सकते।

उनको वही काम करना पड़ता है, जो दिल्ली और पड़ोसी राज्य असम के हुक्ममरान कहते हैं। वे स्टेट सेंट्रल लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले वे मुकरो घटना में मारे गए लोगों के परिजनों से भी मिलीं और पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी। इस दौरान उनके साथ तृणमूल कांग्रेस से महासचवि और सांसद अभिषेक बनर्जी और मेघालय टीएमसी के अध्यक्ष मुकुल संगमा भी मौजूद थे।

ममता ने कहा, चुनाव में आपको राजनीतिक पार्टियां पैसों का लालच देंगी। भाजपा या कोई अन्य दल अगर आपको पैसा दे तो ले लेना, क्योंकि ये आपके पैसे हैं, लेकिन वोट तृणमूल कांग्रेस को देना। उन्होंने कहा, मेघालय के विकास के लिए आपको ऐसी पार्टी को चुनना है जो आपके हक की लड़ाई लड़े। इस समय जो सरकार है, वह अपने लोगों की लड़ाई लड़ने में असफल है। उन्होंने यह कहते हुए तृणमूल कांग्रेस ने बाहरी पार्टी के आरोपों की हवा निकला दी कि रविंद्र नाथ टैगोर और बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखे गए गाने देश की शान हैं। क्या कभी पूछा कि वे कहां से थे। सुभाष चंद्र बोस कहां के थे, जिन्होंने जयहिंद का नारा दिया। तृणमूल कांग्रेस बंगाल की नहीं बल्कि एक सर्वभारतीय पार्टी है। उन्होंने कहा, दिल्ली दूर है और कोलकाता पास है।

अगर कुछ भी होगा तो आप लोग बंगाल आ सकते हैं। उन्होंने कहा, चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दीजिए, फरवरी में मेघालय में नया सूरज उगेगा। बैठक को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा, यहां की सरकार के पास अपने लोगों की समस्याएं हल करने की ताकत नहीं है। सरकार ने अपना जमीर दिल्ली के पास गिरवी रख दिया है। यहां के लोगों को छाती में गोली मारी जा रही है, लेकिन सरकार जांच आयोग बनाकर चुपचाप बैठी है। उन्होंने कहा, आप तृणमूल को वोट देकर विजयी बनाएं, हम आपकी लड़ाई लड़ेंगे।

# अब शिवराज की टेंशन बढ़ी?

## हिमाचल में हाथ जलाई बीजेपी इस हिट एंड रन फॉर्म्युले को एमपी में छोड़ेगी?

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। चुनाव से पहले पूरी सरकार बदलने की भारतीय जनता पार्टी की रणनीति कारगर साबित हो रही है। पहले पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह प्रदेश गुजरात में भाजपा ने हिट एंड रन का यह फॉर्म्युला आजमाया और एक के बाद एक दोनों जगहों पर उसे अपार सफलता मिली। कम-से-कम उत्तराखंड के लिए तो यह भी कहा जा सकता है कि वहां हाथ से फिसलती हुई सत्ता वापस मिल गई। बड़ी बात है कि हिमाचल प्रदेश में यही फॉर्म्युला नहीं अपनाया गया और परिणाम निराशाजनक आए। इसलिए, अब बीजेपी शासित एक अन्य चुनावी राज्य मध्य प्रदेश की सरकार में भी बड़े बदलाव की मांग उठ गई है।

एमपी के मैहर से बीजेपी विधायक नारायण त्रिपाठी ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखकर कहा है कि चूंकि अगले वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव होना है, इसलिए जरूरी है कि सत्ता विरोधी लहर को रोकने के लिए सरकार में आमूलचूल परिवर्तन किए जाएं। विधायक नारायण त्रिपाठी की यह चिट्ठी मीडिया में लीक हो गई है। इसके साथ ही, यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ माहौल बन रहा है? अगर इसका जवाब हां है तो बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व मध्य प्रदेश में भी उत्तराखंड और गुजरात का प्रयोग दुहराए, इसकी कितनी संभावना है? दरअसल, संभावनाओं के खेल में किसी बात पर दावेदारी नहीं की जा सकती है। ना ही कथित संभावना को सिरे से खारिज किया जा सकता है और ना ही ताल ठोंककर यह भी कहा जा सकता है कि यह होकर ही रहेगा। हां, परिस्थितियों के आकलन के आधार पर हां या ना के बीच पलड़ा किस तरफ झुका है, इसका अंदाजा जरूर लगाया जा सकता है। तो सवाल है कि मध्य प्रदेश की परिस्थितियां कैसी हैं?

### पहले शिवराज सरकार की मुश्किलों की चर्चा




➤ शिवराज सिंह चौहान चौथी बार सीएम हैं। पार्टी के अंदर ही एक खेमा चाहता है कि बदलाव हो। हालांकि बड़े नेता यह कहते रहे हैं कि शिवराज सिंह चौहान अच्छा काम कर रहे हैं। वहीं, कुछ दिनों पहले ग्वालियर में अमित शाह ने कहा था कि आप मोदी जी पर भरोसा कीजिए और हमें वोट दीजिए। इसके बाद यह सवाल उठ रहे थे कि एमपी में काम कर रहे शिवराज तो वोट मोदी के नाम पर क्यों?

➤ वहीं, सीएम पद की रेस में ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम की चर्चा सबसे ज्यादा होती है। पार्टी के कुछ पुराने नेता उनके करीब जा रहे हैं। इसमें कैलाश विजयवर्गीय से लेकर उमा भारती तक का नाम है।

➤ बीजेपी के सामने अभी सबसे बड़ी मुश्किल है सिंधिया समर्थकों और अपने पुराने नेताओं को एडजस्ट करने की। सिंधिया के आने के बाद ग्वालियर-चंबल में उन्हीं की चलती है। ऐसे में पार्टी के पुराने नेताओं का क्या होगा, इस पर संशय है।

➤ कैबिनेट विस्तार में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन का अभाव है। चर्चा है कि शिवराज कैबिनेट में बदलाव हो सकता है। इसमें कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। साथ ही अगले विस्तार में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

**चुनौतियों के समाधान के लिए क्या-क्या कर रही शिवराज सरकार, जानें**

➤ मध्य प्रदेश सरकार धर्म नीति और हार्डकोर हिंदुत्व की राह पर आगे बढ़ रही है। धर्म नीति पर आगे बढ़ने के लिए सरकार ने महाकाल लोक का निर्माण करवाया। ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की सबसे बड़ी प्रतिमा का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके साथ ही ओरछा राजा राम के दरबार को संवारा जा रहा है।

➤ हार्डकोर हिंदुत्व के लिए सरकार लव जिहाद के खिलाफ कानून लेकर आई। इसके साथ ही धर्मांतरण लेकर सरकार सख्ती दिखा रही है। ईसाइयों के बड़े धर्मगुरु पूर्व बिशप पीसी सिंह पर कार्रवाई की गई है। खरगोन दंगे के आरोपियों के घर तोड़े गए।

➤ मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार आदिवासियों को अपने पाले में रखने के लिए खूब मशक्कत कर रही है। एमपी में 47 सीटें आदिवासियों के लिए रिजर्व हैं। 84 सीटों पर इनका असर है। आदिवासी वोट जिस ओर जाता है, उसकी सरकार बन जाती है। चौथी बार सत्ता में आने के बाद आदिवासी क्षेत्रों में कुछ घटनाएं घटी। 2018 के चुनाव में आदिवासियों ने शिवराज सरकार को गच्चा दे दिया था और सत्ता से बीजेपी बेदखल हो गई थी। सरकार ने इससे सबक लिया है। बिरसा मुंडा की जयंती पर सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इसमें आए थे। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का नाम गोंड रानी के नाम पर किया, पेसा एक्ट लागू किया गया है और पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम भी आदिवासी नायक टाट्या भील के नाम पर किया गया।

# सरकार को एक बार फिर नए नामों की सिफारिश भेज सकता है कॉलेजियम

### इस सप्ताह हो सकती है बैठक



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। जस्टिस दीपांकर दत्ता के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बनने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम सरकार के पास एक बार फिर से नए नामों की सिफारिश कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार को नए नाम भेजने के लिए कॉलेजियम इसी सप्ताह बैठक बुला सकता है। इस बैठक में चीफ जस्टिस समेत पांच जज होंगे जो कि नए नामों पर मंथन करेंगे। बता दें कि हाल ही में सरकार ने कॉलेजियम की ओर से सुझाए गए 19 नामों को खारिज कर दिया था और फाइल लौटा दी थी।

**सरकार ने दीपांकर दत्ता की नियुक्ति पर दो महीनों के बाद लिया था फैसला**

लगभग दो महीनों तक फाइल अपने पास रखने के बाद ही सरकार ने दीपांकर दत्ता की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। वहीं इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम भी इस इंतजार में था कि जस्टिस दीपांकर के नाम पर मुहर लगने तक वह नए नामों की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट के पास नहीं भेजेगा।

**10 नए नामों की सिफारिश भेज सकता है कॉलेजियम**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कॉलेजियम इस बार सरकार के पास 10 नए नामों की सिफारिश भेजेगा जिनमें हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और वरिष्ठ जजों को प्राथमिकता दी जाएगी। यही नहीं कॉलेजियम एक मुस्लिम जज को भी सुप्रीम कोर्ट में भेजने की सिफारिश कर सकता है। चार जनवरी को रिटायर होने वाले जस्टिस अब्दुल नजीर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में एकलौते मुस्लिम जज हैं।

# शरद पवार को मिली जान से मारने की धमकी

## कॉलर ने घर पर फ़ोन कर कहा- 'वह उन्हें देसी पिस्तौल से गोली मार देगा'

मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। कॉलर ने पवार के सिल्वर ओक्स घर पर फोन किया और हिंदी भाषा में धमकी दी कि वह मुंबई आएगा और देसी पिस्तौल से उन्हें गोली मार देगा। एहतियात के तौर पर एनसीपी नेता के सुरक्षा दस्ते ने गामदेवी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 506(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने



घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि फोन करने वाला मानसिक रूप से अस्थिर प्रतीत होता है, जो नियमित अंतराल पर पवार के आवास पर फोन करता रहता है और इस तरह की धमकी देता है।

**कई बार दी जा चुकी है धमकी- एनसीपी**

तापसे ने कहा, पिछले कुछ दिनों में उसने कई बार फोन किया और इसी तरह की धमकी दी। पुलिस को सूचित कर दिया गया है। पवार के सोमवार को अपना 82वां जन्मदिन मनाने के एक दिन बाद यह फोन आया, जिसमें एनसीपी कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के शीर्ष नेताओं और अन्य शुभचिंतकों ने भाग लिया। पहले भी, पवार को इस तरह की धमकियां मिल चुकी है। अप्रैल में उनके आवास पर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों ने, जो हड़ताल पर थे, हमला किया था।

# एक जनवरी से 450 तरह के मेडिकल टेस्ट होंगे फ्री

### सीएम केजरीवाल ने किया एलान



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। नए साल पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली वालों बड़ा तोहफा देंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ विभाग के बेहद अहम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब राजधानी दिल्ली में एक जनवरी से 450 तरह के मेडिकल टेस्ट मुफ्त होंगे। केजरीवाल सरकार के मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पताल में यह टेस्ट मुफ्त होंगे। अभी तक 212 तरह के टेस्ट मुफ्त हो रहे हैं। इस योजना का लाभ दिल्ली के सभी नागरिकों को मिलेगा।

**सभी को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा प्रदान करना, हमारा मिशनः केजरीवाल**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ट्वीट कर लिखा कि हमारा मिशन है सभी को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा प्रदान करना है, चाहे किसी की आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। हेल्थकेयर भी महंगा हो गया है। बहुत से लोग निजी स्वास्थ्य सेवा का खर्च नहीं उठा सकते। दिल्ली सरकार के इस फैसले से ऐसे सभी लोगों को मदद मिलेगी।

# व्यक्ति ने उठाया खौफनाक कदम

**पत्नी और चार बच्चों को मारने के बाद खुद भी मौत को लगाया गले**

चेन्नई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले में दिल-दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने पत्नी और चार बच्चों की हत्या करने के बाद खुद भी मौत को लगे लगा लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना जिले के चेंगम क्षेत्र की है। जहां एक व्यक्ति ने अपने घर में कथित तौर पर अपनी पत्नी और चार बच्चों की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। व्यक्ति की पहचान 45 वर्षीय पलानीसामी के रूप में की गई है, जो खेतिहर मजदूर था। पुलिस के मुताबिक, करीब 9 साल की एक अन्य बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं, उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सबरीमाला मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पर केरल एचसी ने जताई चिंता

**प्रशासन को दिया बेहतर मैनेजमेंट का निर्देश**

सबरीमाला, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में भीड़ को मैनेज करना हमेशा एक चुनौती रहा है. यहां हमेशा ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है. ऐसे में अब केरल हाई कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में भीड़ प्रबंधन को लेकर निर्देश जारी किए हैं. वहीं, पठानमथिट्टा जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि सभी तीर्थयात्रियों के दर्शन सहज हों. दरअसल, वर्तमान में सबरीमाला में प्रसिद्ध भगवान अयप्पा मंदिर के लिए तीर्थयात्रा चल रही है. इस कारण श्रद्धालुओं की संख्या में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण यहां लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों को लेकर यातायात में काफी दिक्कते हो रही हैं. अब कोर्ट ने इसे देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन को इस भीड़ को सही तरीके से मैनेज करने के निर्देश दिए हैं.

**नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश**

कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा कि सन्निधानम आने-जाने की मौजूदा आवाजाही का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए. पैदल गश्ती दलों को चंद्रनंदन रोड पर आने से सख्ती से रोका जाना चाहिए. साथ ही यातायात को नियंत्रित करने के लिए भी कहा है ताकि तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन करने में परेशानी न हो. इससे पहले 11 दिसंबर को, केरल हाई कोर्ट ने व्यस्त दिनों में सबरीमाला मंदिर में भक्तों के लिए पूजा के समय को एक घंटे बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था

# अनिल विज की चीन को चेतावनी

## हरियाणा के गृहमंत्री का बयान, कमजोर दिल नेहरू का नहीं शेर दिल मोदी का है भारत

अंबाला, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों द्वारा सीमा पार घुसपैठ करने के मामले में हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को उन्होंने चीनी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यह 1962 के कमजोर दिल प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का भारत नहीं है बल्कि यह 2022 के शेरदिल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत है। उन्होंने ट्वीट कर कांग्रेस और चीन दोनों पर निशाना साधा है। इससे पहले भी गृहमंत्री अपने बयानों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। मगर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को कमजोर दिल बोलने के बाद कई लोग इस बयान का विरोध भी कर रहे हैं।

# नवाब मलिक की जमानत याचिका पर तुरंत सुनवाई से बॉम्बे हाई कोर्ट का इंकार



मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की जमानत याचिका पर तुरंत सुनवाई से बॉम्बे हाई कोर्ट ने साफ इंकार कर दिया है. इस मामले में अदालत ने सुनवाई के लिए 6 जनवरी की तारीख तय की है. साथ ही कोर्ट ने जांच एजेंसी ईडी को दो हफ्ते में जवाब फाइल करने का निर्देश भी दिया. दरअसल नवाब मलिक की तरफ से बीमारी का हवाला देते हुए जल्द सुनवाई की मांग की गई थी, इसी मामले पर सुनवाई हुई. नवाब मलिक ने जल्द सुनवाई के लिए किडनी की बीमारी का हवाला दिया गया था. नवाब मलिक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. हालांकि अदालत ने ये भी कहा कि अगर कैद में इलाज संभव नही होगा तो तुरंत सुनवाई हो सकती है, लेकिन नवाब मलिक का निजी अस्पताल में चल रहा है तो सुनवाई में आखिर इतनी जल्दबाजी क्यों?

# केयरटेकर पर मानसिक रूप से बीमार छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

### भीड़ ने किया आवासीय स्कूल पर हमला

नागपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर में एक 15 वर्षीय मानसिक रूप से बीमार छात्रा के साथ स्कूल के केयरटेकर द्वारा कथित रूप से छेड़छाड़ किए जाने के बाद भीड़ ने सोमवार को एक आवासीय स्कूल पर हमला कर दिया। भीड़ ने फर्नीचर और वाहनों में जमकर तोड़फोड़ मचाई। कथित छेड़छाड़ 8 दिसंबर को हुई थी और घटना के बारे में पता चलने पर लड़की के रिश्तेदार और उनके दोस्त स्कूल में इकट्ठे हो गए थे। एमआईडीसी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जैताला इलाके में एक स्कूल-सह-छात्रावास में हुई और 28 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विक्षिप्त युवक को बाघ ने बनाया निवाला

रामनगर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। नैनीताल के रामनगर में हाईवे पर सोमवार रात बाघ ने एक विक्षिप्त को शिकार बना लिया। रात से ही वन कर्मियों की टीम विक्षिप्त की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, धनगढ़ी नाले से मोहन की ओर कुछ दूरी पर रात 7:30 बजे के आस पास एक बाघ ने सड़क किनारे एक विक्षिप्त युवक पर हमला कर दिया और उसे जबड़े में दबाकर जंगल की तरफ ले गया।

# उद्धव वर्सेज शिंदे: नहीं बनी दोनों पक्षों के बीच सहमति

## बड़ी बेंच को मामला भेजने पर 10 जनवरी को होगा विचार

मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के शिंदे बनाम उद्धव विवाद में सुनवाई के मुद्दे तय करने पर दोनों पक्ष सहमत नहीं हो पाए हैं. उद्धव कैंप के वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को आज यह जानकारी दी. उन्होंने मामला 5 जजों की बजाय 7 जजों के बेंच में सुने जाने की भी मांग उठाई. सुप्रीम कोर्ट इस पर 10 जनवरी को विचार करेगा. शिवसेना के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों की बगावत के बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को इस्तीफा देना पड़ा था. इसके बाद शिंदे के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हुआ. इस पूरे घटनाक्रम के दौरान जून और जुलाई के महीने में दाखिल कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं. अगस्त में यह मामला संविधान पीठ को सौंपा गया था. 5 जजों की संविधान पीठ को शिंदे कैंप के 16 विधायकों की अयोग्यता, सरकार बनाने के लिए शिंदे को मिले निमंत्रण, नए स्पीकर के चुनाव जैसे कई मामलों पर उद्धव गुट की तरफ से उठाए गए सवालों पर विचार करना है.

**कोर्ट ने मुद्दे तय करने को कहा था**

एक नवंबर को जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में बैठी 5 जजों की बेंच ने दोनों पक्षों से साथ मिलकर सभी याचिकाओं में उठाए गए मुख्य मुद्दों का संकलन तैयार करने को कहा था. कोर्ट ने दोनों पक्षों को 4 हफ्ते में संकलन जमा करवाने के लिए कहा था. बेंच ने उद्धव कैंप के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और शिंदे गुट के वरिष्ठ वकील नीरज किशन कौल से यह भी कहा था कि वह तय कर लें कि उनकी तरफ से कौन-कौन वकील किन बातों पर पक्ष रखेंगे.



**नहीं बन पाई सहमति**

पिछले हफ्ते उद्धव ठाकरे गुट के वकील देवदत्त कामत ने सुप्रीम कोर्ट से मामला जल्द सुनने का अनुरोध किया था. इसी कारण से 5 जजों की बेंच आज सुनवाई के लिए बैठी थी लेकिन कपिल सिब्बल ने यह बताया कि दोनों पक्ष सुनवाई के सवालों पर सहमत नहीं हो पाए हैं. शिंदे कैंप के वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि इस बारे में कोर्ट के निर्देश पर जो बैठक होनी थी उसमें देरी हुई. यही वजह है कि मुद्दे तय नहीं हो पाए. सिब्बल ने कोर्ट से अनुरोध किया कि वही सुनवाई के सवाल तय कर दे. महाराष्ट्र के राज्यपाल के लिए पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इस बात का समर्थन किया.

**सिब्बल ने उठाई बड़ी बेंच की मांग**

कपिल सिबल जजों से कहा कि वह मामले की सुनवाई 7 जजों की बेंच में किए जाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि 2016 में आए 'नबाम रेबिया' मामले के फैसले की समीक्षा किए जाने की जरूरत है. ध्यान रहे कि इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की बेंच ने यह कहा था कि अगर विधानसभा स्पीकर के खिलाफ खुद ही पद से हटाने का प्रस्ताव लंबित है तो वह दूसरे विधायकों की अयोग्यता पर विचार नहीं कर सकते. इसी को आधार बनाकर उद्धव सरकार के दौरान विधानसभा के डिप्टी स्पीकर को बागी विधायकों की अयोग्यता पर विचार करने से रोक दिया गया था. ऐसे में पूरे मामला इस बात से प्रभावित होता है कि नबाम रेबिया मामले का फैसला सही था या नहीं.

**कोर्ट ने लिखित नोट जमा करवाने को कहा**

चीफ जस्टिस ने अपने साथी जजों से इस पर चर्चा की. उन्होंने कहा, मेरे साथी जस्टिस पी एस नरसिम्हा का सुझाव है कि सिब्बल 3 पन्ने का संक्षिप्त नोट दूसरे पक्ष को दें. इसमें वह यह बताएं कि क्यों यह मामला 7 जजों की बेंच को भेजा जाना चाहिए. दूसरा पक्ष भी इसके खिलाफ अपनी दलील का नोट सिब्बल को सौंपे. अगली सुनवाई से 2 हफ्ते पहले यह सभी नोट सुप्रीम कोर्ट के पास भी जमा करवा दिए जाएं. 10 जनवरी को कोर्ट यह विचार करेगा कि मामले में आगे की सुनवाई किस तरह होनी है.

# पीएम मोदी पर आपत्तिजनक बयान

## राजा पटेरिया पर दो धाराएं और बढ़ायीं, कांग्रेस ने दिया कारण बताओ नोटिस

भोपाल, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक बयान देने वाले कांग्रेस नेता राजा पटेरिया पर दो धाराएं और लगा दी गयी हैं. उन पर धारा 115 और 117 बढ़ाई गई हैं. ये धाराएं जनता को उकसाने के आरोप में लगायी गयी हैं. पटेरिया की गिरफ्तारी के बाद सियासी पारा उछाल पर है. पीसीसी चीफ कमलनाथ ने राजा पटेरिया को शो कॉज नोटिस जारी किया है. प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा राजा पटेरिया पर लगी आधा दर्जन धाराओं के अलावा दो नई धाराओं को बढ़ाया गया है. जनता को उकसाने के मामले में राजा पटेरिया पर धारा 115 और 117 बढ़ाई गई हैं. दमोह के हटा से राजा पटेरिया की गिरफ्तारी हुई है. नरोत्तम मिश्रा ने पीएम मोदी की हत्या का बयान देने वाले राजा पटेरिया के मामले में कांग्रेस हाईकमान एक खामोशी पर भी सवाल उठाए हैं. गृह मंत्री ने कहा इतने गंभीर मामले में कांग्रेस आलाकमान मौन है. कमलनाथ कोई टिप्पणी करते राजा पटेरिया को पार्टी से निकाल दे तो अच्छा होता. लेकिन पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोनिया गांधी सभी ने चुप्पी साध ली है.

**कमलनाथ ने जारी किया शो काज नोटिस**

कल से मचे सियासी हड़कंप के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने राजा पटेरिया को शो कॉज नोटिस जारी करने की बात कही है. कमलनाथ ने कहा इस तरह के बयान की निंदा करता हूं.



मामला कोर्ट में है कोर्ट जो फैसला लेगी वह सभी को मानना होगा. कांग्रेस पार्टी ने पटेरिया को शो कॉज नोटिस जारी किया है और पूरे मामले में जवाब मांगा है.

# आतंकी साजिश नाकाम, सोपोर में संदिग्ध आईईडी मिला, एंटी बम स्क्वॉड ने किया नष्ट

जम्मू-कश्मीर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर मंगलवार को एक बार फिर सुरक्षाबलों ने आतंकी साजिश को नाकाम किया है। उत्तरी कश्मीर के बारामुला के सोपोर शहर में सुरक्षाबलों ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को बरामद किया है। इसके बाद एंटी बम स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया। स्क्वॉड ने आईईडी को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर नष्ट कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना की 52 राष्ट्रीय राइफल्स, सीआरपीएफ और सोपोर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने के सोपोर के तुलीबल इलाके में सोपोर-कुपवाड़ा बाईपास रोड पर एक आईईडी का पता लगाया। इसका पता चलने के तुरंत बाद यातायात को रोक दिया गया। साथ ही लोगों की आवाजाही भी रोकी गई। मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय किया। सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया। अब यातायात बहाल कर दिया गया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

बुधवार, 14 दिसंबर, 2022 3

सुविचार: जब कभी मुझे ऐब देखने की इच्छा होती है तो मैं अपने से आरम्भ करता हूं और इससे आगे बढ नहीं पता।

# जल्द ही राष्ट्रीय राजनीति में इतिहास रचेगी बीआरएस : कविता



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एमएलसी के. कविता कहा कि के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति आने वाले दिनों में राष्ट्रीय राजनीति में एक इतिहास रचने जा रही है और विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में नेता जल्द ही बीआरएस में शामिल होंगे।

मंगलवार को यहां मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में बीआरएस एमएलसी ने कहा कि बीआरएस पार्टी की घोषणा के साथ ही भाजपा नेताओं का दिमागी अवरोध खत्म हो गया है और उनका दिमाग खराब हो गया है। उन्होंने बतुकम्मा उत्सव का अपमान करने और महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के लिए भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष बंदी संजय को भी दोषी ठहराया और कहा कि आने वाले दिनों में तेलंगाना में लोग निश्चित रूप से भाजपा को एक उपयुक्त सबक सिखाएंगे। कविता ने कहा कि राज्य के आम चुनाव प्रचार के दौरान, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपमानजनक भाषा के साथ अपमानित किया तब, लोगों ने ममता बनर्जी को स्पष्ट जनादेश दिया था और भाजपा को विधानसभा क्षेत्रों में हराकर एक उचित सबक सिखाया था। जैसा कि बंडी संजय अब तेलंगाना के लोगों का अपमान कर रहे हैं, भगवा पार्टी को जल्द ही पश्चिम बंगाल में उसी तरह के भाग्य का सामना करना पड़ेगा।

नई दिल्ली में बीआरएस पार्टी कार्यालय के उद्घाटन समारोह के हिस्से के रूप में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा किए जाने वाले 'राजश्यमाला यज्ञ' पर टिप्पणी करते हुए, कविता ने कहा कि केसीआर के लिए यज्ञ और अन्य अनुष्ठान करना कोई नई बात नहीं है और कहा कि बीआरएस पार्टी भगवान का आशीर्वाद चाहिए।

कमजोर हिंदी टिप्पणी को लेकर लोकसभा में तेलंगाना पीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बीच वाकयुद्ध का जवाब देते हुए, बीआरएस नेता ने कहा कि बेहतर होता कि निर्मला सीतारमण हिंदी भाषा के बारे में बात करने के बजाय रुपये के मूल्यह्रास पर प्रतिक्रिया देतीं।

कविता ने कहा कि बीआरएस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ एक वैकल्पिक ताकत बनने जा रही है। हम सभी विपक्षी दलों को भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए एक छत के नीचे लाने की कोशिश कर रहे हैं। हर राज्य में राजनीतिक परिस्थितियों के आधार पर कार्य योजना तैयार की जाती है।

# आदिवासियों को विकास से दूर रख रहे हैं माओवादी : अतिरिक्त एसपी



कोत्तागुडेम, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त एसपी (ऑपरेशन), टी. साईमनोहर ने कहा कि सीपीआई (माओवादी) पार्टी जिले के तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमावर्ती इलाकों में एजेंसी गांवों में रहने वाले आदिवासियों के साथ अन्याय कर रही है।

केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डालकर नक्सली उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। निर्माण के लिए आवश्यक वाहनों और उपकरणों को नष्ट करने और जलाने के माध्यम से नक्सली विकास में बाधा डाल रहे हैं। नक्सली आदिवासियों तक चिकित्सा देखभाल, शिक्षा, सड़क और अन्य सुविधाएं नहीं पहुंचाना चाहते हैं। साईं मनोहर ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि माओवादी पार्टी मुखबिर बताकर निर्दोष आदिवासियों की हत्या कर उनके परिवारों और बच्चों को अनाथ बना रही है। माओवादी पीएलजीए सप्ताह के नाम पर निर्दोष आदिवासियों को उनकी गैरकानूनी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करते रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पिछले कई सालों से नक्सलियों ने अपने स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आदिवासियों को नुकसान पहुंचाया और उन्हें विकास से दूर रखा।

माओवादी नेता त्योहारों के नाम पर तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमावर्ती इलाकों के आदिवासियों से पैसे और जरूरत की चीजें लूट रहे थे और ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नक्सलियों को यह महसूस करना होगा कि उनकी विचारधारा से कुछ हासिल नहीं होता, पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दें और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करें।

# बीसी संगठनों ने जाति जनगणना की मांग को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की धमकी दी



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना बीसी आयोग के अध्यक्ष वीकृष्ण मोहन राव ने मांग की कि केंद्र को देश में जाति जनगणना के संचालन के लिए तुरंत उपाय करना चाहिए। नेशनल बीसी दल द्वारा मंगलवार को यहां आयोजित 'सामान्य जनगणना में जाति जनगणना' पर चर्चा में भाग लेते हुए, कृष्ण मोहन राव ने चल रही सामान्य जनगणना-2021 के हिस्से के रूप में जातिगत जनगणना कराने की अनिच्छा के लिए केंद्र पर जमकर निशाना साधा। ने कहा कि आरक्षण की मात्रा निर्धारित करने और ओबीसी कल्याण के लिए बजट आवंटन के लिए, जातिगत जनगणना ही एकमात्र समाधान है।

कृष्ण मोहन राव ने कहा कि बीजेपी को छोड़कर, सभी राजनीतिक दलों ने एक विस्तृतजाति जनगणनाके लिए सहमति व्यक्त की है और इसे अपने चुनाव घोषणापत्र में भी शामिल किया है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भी जाति जनगणना और ओबीसी आरक्षण की मात्रा बढ़ाने के समर्थन में है। नेशनल बीसी दल के अध्यक्ष डुंद्रा कुमार स्वामी ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार ओबीसी विरोधी नीतियों को अपना रही है और उनके समुदायों को भारी नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेड़ों, मवेशियों और अन्य चीजों की गणना करने में अधिक रुचि रखती है, लेकिन ओबीसी की नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र जाति की जनगणना करने में विफल रहा तो बीसी संगठन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## 53 वर्षीय ब्रेन डेड टीचर के 8 अंग दान किए

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अत्तापुर निवासी 53 वर्षीय शिक्षक बी. नागेंद्र, जिन्हें न्यूरो-चिकित्सकों द्वारा ब्रेन डेड घोषित किया गया, के कुल आठ अंगों को उनके रिश्तेदारों ने जीवनदान अंगदान पहल के हिस्से के रूप में ज़रूरतमंद रोगियों को दान कर दिया। 7 दिसंबर को एलबी नगर में अपनी बाइक से गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हुए नागेंद्र को यशोदा अस्पताल, मालकपेट ले जाया गया। तीन दिनों तक आपातकालीन आईसीयू देखभाल प्रदान करने के बावजूद, उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और 12 दिसंबर को न्यूरो-चिकित्सकों की टीम ने नागेंद्र को ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

जीवनदान समन्वयकों द्वारा परामर्श सत्रों के बाद, नागेंद्र के परिवार सहित उनकी पत्नी बी. विजयलक्ष्मी, बेटों और भाई ने उनके अंगों को दान करने की सहमति दी। दो किडनी, लिवर, दो फेफड़े, हृदय और दो कॉर्निया निकाले गए और विभिन्न प्रत्यारोपण केंद्रों को आवंटित किए गए।

# गरीबों को आश्रय प्रदान करने के लिए सीएम प्रतिबद्ध : पुव्वाड़ा

## मंत्री ने 234 लाभार्थियों में घर के पट्टे बांटे



खम्मम, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पुव्वाड़ा अजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव डबल बेडरूम घरों का निर्माण करके राज्य में सभी पात्र गरीबों को आश्रय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने खम्मम शहर में 8वीं डिवीजन की वाईएसआर नगर कॉलोनी में 234 डबल बेडरूम घरों के लाभार्थियों और जिले के रघुनाथपलेम मंडल में जिन्कलाथांडा के लाभार्थियों को घर के पट्टे सौंपे। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि खम्मम निर्वाचन क्षेत्र में सबसे बड़ी संख्या में डबल बेडरूम हाउस बनाए जा रहे हैं। सभी योग्य लोगों को खम्मम निर्वाचन क्षेत्र में घर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के पास टेकुलापल्ली में एक ही स्थान पर 1,250 घर बनाए गए हैं, जिसमें गरीबों के लिए सम्मानपूर्वक रहने की सभी सुविधाएं हैं। मुख्यमंत्री के समर्थन और आईटी मंत्री केटी रामा राव के सहयोग से खम्मम में इतने बड़े पैमाने पर डबल बेडरूम हाउस बनाए गए। अजय कुमार ने बताया कि हितग्राहियों के नाम पर स्थाई हक, मकान नंबर व हाउस टैक्स सहित मकान दिए जा रहे हैं। हैदराबाद के बाद, अकेले खम्मम शहर में बड़े पैमाने पर कुल 2,000 डबल बेडरूम वाले घर दिए गए।

मंत्री ने कहा कि सीपीआई नेता पुव्वाड़ा नागेश्वर राव ने अतीत में गरीबों को हाउस टाइटल दिए थे और अब मैं मुख्यमंत्री की मदद से ऐसा करने का मौका पाकर खुश हूं। उन्होंने कहा कि खम्मम शहर में बिना किसी बिचौलिए के गरीबों के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकास और कल्याण को समान प्राथमिकता दी जा रही है। खम्मम शहर में कुल 30,000 व्यक्ति विभिन्न प्रकार की आसरा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं।

इससे पहले अजय कुमार ने शहर के विभिन्न इलाकों में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि श्रीनिवास नगर से धमसालपुरम तक 2 करोड़ रुपये की नई सड़क स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर मेयर पी नीरजा, सूडा के अध्यक्ष बी विजय कुमार, एएमसी के अध्यक्ष डी लक्ष्मी प्रसन्ना, जिला कलेक्टर वीपी गौतम, नगर आयुक्त आदर्श सुरभि, टीआरएस सिटी विंग के अध्यक्ष पी नागराजू और अन्य उपस्थित थे।

# चक्रवात मंडौस : हैदराबाद में दो दिन और जारी रहेगी बारिश



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में मंगलवार को चक्रवात मंडौस के कारण हल्की बारिश और आसमान में बादल छाए रहने के कारण छाते निकल आए। शहर के विभिन्न हिस्सों में दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी हुई जो शाम को कुछ तेज हो गई। शाम 5 बजे तक, हयातनगर में 9.3 मिमी बारिश हुई, इसके बाद सरूरनगर (5.5 मिमी), बहादुरपुरा (3.3 मिमी) और सैदाबाद (2 मिमी) बारिश हुई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बुधवार को भारतीय तट से दूर पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इससे अगले दो दिनों के दौरान शहर के बहुत कम हिस्सों में बारिश हो सकती है, लेकिन कुल मिलाकर तापमान में मामूली वृद्धि और आसमान में बादल छाए रहने के साथ मौसम शुष्क होने की संभावना है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस कम है। तेलंगाना स्टेट डेवलपमेंट प्लानिंग सोसाइटी के अनुसार, अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, वहीं न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति होगी, नागरकुर्नूल, जोगुलम्बा गडवाल, निजामाबाद और आदिलाबाद सहित कुछ जिलों में बहुत हल्की बारिश की उम्मीद है। अधिकांश क्षेत्रों में तापमान भी बढ़ेगा।

## राजनरसिम्हा ने पार्टी के खिलाफ की सनसनीखेज टिप्पणी



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और अविभाजित आंध्र प्रदेश राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने आज पार्टी के खिलाफ सनसनीखेज टिप्पणी की। उन्होंने पार्टी की विभिन्न राज्य स्तरीय कमेटियों के गठन का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी में जो घटनाक्रम हुए हैं, वे दुखद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग पार्टी में कड़ी मेहनत कर रहे हैं उन्हें मान्यता नहीं मिल रही है और आरोप लगाया कि तीन महीने पहले पार्टी में शामिल होने वालों को समितियों में महत्वपूर्ण पद दिए गए। उन्होंने कहा कि हाल ही में पार्टी समितियों के गठन के बाद पार्टी में कुछ हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले आठ साल से पार्टी में परोक्ष राजनीति शुरू हो गई है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी में गुप्त नेताओं के बारे में पार्टी आलाकमान को सबूत सौंपे हैं और उम्मीद है कि पार्टी इस मुद्दे पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने पार्टी आलाकमान से उसके द्वारा गठित समितियों की समीक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पार्टी छोड़ने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है और उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनका जन्म कांग्रेस पार्टी में हुआ है।

IN THE COURT OF THE HON'BLE X ADDL. CHIEF JUDGE, CITY CIVIL COURT, AT: HYDERABAD.
E.P.No. 741 of 2022 IN
O.S.No. 652 of 2015

Between
G.S.Mallikarjun ..Decree Holder/Plaintiff
AND
Jai Prakash Gilda ...Judgment Debtor/Defendant

To
JAI PRAKASH GILDA, S/o.Satyanarayana Gilda, Aged about: 51 years, Occ: Business, R/o. H.No.1-8-163, Chikkadapally, Hyderabad, ...JDR/Defendant

Whereas the Decree Holder filed above E.P.No.741 of 2022 to execute the decree in O.S.No.652 of 2015 passed by Hon'ble X Addl. Chief Judge, City Civil Court, At Hyderabad. In the said E.P. the Hon'ble Court have issued notices but the same were returned un-served with an endorsement JDR Vacated. Hence the Hon'ble Court direct to publish a notice through paper publication, therefore you are hereby informed that the above E.P. stands posted to **30.12.2022** at 10.30 AM. You are hereby summoned to appear in the Hon'ble Court either in person or through your advocate on the above said date, failing which the matter will be decided in your absence.

( BY ORDER OF HON'BLE COURT )
Sd/- **N.BOJJAIAH,** Advocate,
O/o.11-3-253, Street No.6, Venkateshwara Colony, Saroornagar, Hyd. Cell: 9440484059

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्वीट्टर@SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे निविदा सूचनाओ की जानकारी हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

PUB/1108

सं.एचक्यू/एमडी/43/रेफर्रल/पालिसी/2022-23 दि.12/12/2022

रुचि की अभिव्यक्ति (इओआय)

मेडिकल डैरेक्टर/सेंट्रल हास्पिटल/लालागुडा व्दारा रेल बोर्ड की पालिसी नुसार रेल लाभार्थियों के चिकित्सा के प्रति दमरे पर सूचीबध्द से जुडे नगरव्दय (सिकंदराबाद/हैदराबाद) के अधिकारक्षेत्र के तहत उपलब्ध सीजीएचएस/इसीएचएस/इएसआई एम्पैनल्ड या सूचीबध्द/ नान एम्पैनल्ड या गैर सूचीबध्द खास दंत चिकित्सा अस्पतालों या एक्सक्लूसिव डेंटल हास्पीटल्स से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती हैं।

नगरव्दय (सिकंदराबाद/हैदराबाद) के अधिकारक्षेत्र के तहत उपलब्ध सीजीएचएस/इसीएचएस/इएसआई एम्पैनल्ड/ नान एम्पैनल्ड एक्सक्लूसिव डेंटल हास्पीटल्स व्दारा तत्संबंधित इओआय हेतु व्यक्तिगत रुप में/डाक के माध्यम से निम्न् नियम व शर्तों के अनुसार, **मेडिकल डैरेक्टर/सेंट्रल हास्पिटल/लालागुडा, सिकंदराबाद -500017** कार्यालय पर, 15 जनवरी 2023 के पहले आवेदन कर सकते हैं।

संबंधित दरें जो सीजीएचएस-2014 हैदराबाद के नुसार होनी चाहिए एवं निर्धारित दरें जोकि अस्पतालों के वर्गीकरण या अस्पताल टारिफ या दरों पर आधारित होने चाहिए, जिसमें जो भी न्यूनतम हो तथा जो भी तत्संबंधित मदें या आयटम्स सीजीएचएस दर सूची के तहत कवर न करते हों, तो ऐसी मदोंपर अस्पताल व्दारा रेल लाभार्थियों के लिए दोनों ओर से, अपने अस्पताल की दरों के नुसार कुछ छूट या डिस्काउंट एवं फार्मेसी पर डिस्काउंट तथा मुफ्त एंबुलंस सेवाएं उपलब्ध होंगी।

रेलवे और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के बीच एमओयु या आपसी समझौते/ करार पर हस्ताक्षर करते समय सीजीएचएस द्वारा तैयार किए गए प्रारूप, रेलवे की आवश्यकता के अनुसार संशोधित, का पालन किया जाना चाहिए क्योंकि यह व्यापक है और लगभग सभी पहलुओं को शामिल करता है। (प्राधिकरण: रेलवे बोर्ड पत्र सं.2021/एच-1/11/10/एमओयु दि. 22/11/2021, 09-12-2021 तथा 03-06-2022 तत्संबंधित वेबसाइट www.scr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध)

A1469

चिकित्सा निदेशक/सीएच/लालागुडा

## शर्मिला की पदयात्रा को हाईकोर्ट ने दी अनुमति

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उच्च न्यायालय ने आज वाईएसआरटीपी के संस्थापक-अध्यक्ष वाईएस शर्मिला की पदयात्रा आयोजित करने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने शर्मिला से अतीत में लगाई गई शर्तों को याद रखने को कहा। शर्मिला के वकील वरप्रसाद, जिन्होंने इस मामले पर बहस की, ने अदालत से उनकी पदयात्रा की अनुमति देने का आग्रह किया। शर्मिला ने अदालत की अनुमति लेने के लिए लंच मोशन पिटीशन दायर की। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पुलिस से पूछा कि वह शर्मिला की पदयात्रा की इजाजत कैसे नहीं देगी?

# पूर्व मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विनाशकारी बताया, पीएम पर साधा निशाना



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वामपंथी पार्टी के वरिष्ठ नेता और त्रिपुरा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने आज केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और उसके द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को विनाशकारी करार दिया।

आज यहां पीपुल्स प्लाजा में एसएफआईके 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन में सभा को संबोधित करते हुए माणिक सरकार ने कहा कि सम्मेलन देश में गंभीर परिस्थितियों के बीच आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में न केवल शिक्षा क्षेत्र, बल्कि देश के सभी क्षेत्रों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार दक्षिणपंथी आरएसएस के इशारे पर काम कर रही है। माणिक सरकार ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक साजिश के तहत देश के शिक्षा क्षेत्र को नष्ट कर रही है और कहा कि वह देश में शिक्षा क्षेत्र को कॉर्पोरेट क्षेत्र को सौंप रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की एनईपी देश के छात्रों को विभाजनकारी नीति सिखा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस की सेना विश्वविद्यालयों में घुस रही है और छात्र संघ के नेताओं पर हमला कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को विकृत कर रही है और छात्रों से एनईपी पर विस्तृत चर्चा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एनईपी के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन करने की जरूरत है। यह कहते हुए कि देश बेरोजगारी की भारी समस्या का सामना कर रहा है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आने के बाद देश में हर साल दो करोड़ नौकरियां भरने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रहे हैं और पीएम से पूछा कि उनके वादे का क्या हुआ अपने शासन के अंतिम छह वर्षों में 12 करोड़ नौकरियां पूरी कीं? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री केंद्र में खाली पदों को भी नहीं भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसएफआई के सम्मेलन में केंद्र की भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान करना चाहिए।

## निर्मला सीतारमन ने रेवंत रेड्डी का मज़ाक उड़ाया : मल्लू रवि

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मल्लू रवि ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उन्होंने सोमवार को लोकसभा में हिंदी भाषा में बोलने के लिए टीपीसीसी प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी का अपमान किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निर्मला ने अपनी अपमानजनक टिप्पणियों से न केवल रेवंत रेड्डी बल्कि तेलंगाना के लोगों का भी अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के क्षेत्रीय भाषा बोलने वाले लोगों पर हिंदी भाषा थोपने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्मला ने उनकी बहू होते हुए तेलुगु लोगों का अपमान किया। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब निर्मला की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि देश की अर्थव्यवस्था आईसीयू में है, उन्होंने निर्मला से पूछा कि क्या वह इस बात से सहमत हैं कि रुपये का मूल्य मुर्दाघर में है।

केंद्र सरकार की जीएसटी आय के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार को जीएसटी के माध्यम से धन मिल रहा था, तो उन्होंने आरोप लगाया कि देश के राज्यों को जीएसटी से किसी भी प्रकार की आय नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण कर रही है और कहा कि केंद्र सरकार के कदम से देश के एससी, एसटी और बीसी को बहुत नुकसान हो रहा है। आगे बोलते हुए रवि ने निर्मला से पूछा कि केंद्र सरकार देश में कितना काला धन लेकर आई? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विवादास्पद विमुद्रीकरण कदम के बाद देश में काले धन का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। कांग्रेस पार्टी की नवगठित समितियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने राज्य के सभी समुदाय के नेताओं को समान महत्व दिया है।

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्वीट्टर @SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे की निविदा सूचनाओं की जानकारी हमारे **वेबसाइट**: www.scr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है।

PUB/1103

नं. सी/सी/आयआरईपीएस ई-आक्शन कांट्राक्ट्स/2022, दि.08/12/2022

कृते भारत के राष्ट्रपति, संघीय गणराज्य, की ओर से, वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद डिवीजन, दमरे व्दारा कमर्शियल एर्निंग्स कांट्राक्ट्स हेतु आयआरईपीएस ई-नीलामी निविदाएं आमंत्रित हैं। तदनुसार, सिकंदराबाद डिवीजन ने निम्न कांट्राक्ट्स या ठेकों के लिए निविदाओं की प्रोसेसिंग की है, जिसे **वेबसाइट**:https://www.IREPS.gov.in पर अधिसूचित किया गया है।

| क्रम सं. | श्रेणी सं. एवं दि. | श्रेणी | विवरण | नीलामी शुरु दिनांक व समय | नीलामी बंद दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | एससी-एडीवीटी 2022-11 | एडवर्टाइजिंग | बेल्लमपल्ली रेसिड्युएल कोल तथा अन्य सामग्री की स्वच्छता या क्लीनींग करना। | 15-12-2022 11:00:00 | 15-12-2022 11:30:00 |
| 02. | एससी-एडीवीटी 2022-12 | एडवर्टाइजिंग | सीडीएनआर, एनएलआरडी एंड चएएफजेड के 19 ट्रेन्स डिजीटल आरडीएन कांट्राक्ट्स के प्रति विनिल रैपिंग कांट्राक्ट या ठेका । क्लस्टर केइएक्स-डब्ल्यूएल से इएक्स-केएल तक केजेडजे एवं वीकेबी क्लस्टर्स स्टेशनों पर पीबीसीएम प्रबंधन । काजीपेट यार्ड के समीपीय महबूबाबाद रेलवे स्टेशन लेवल क्रासिंग गेट नं. 60ए पर डिजीटल आरडीएल ठेका । | 22-12-2022 11:00:00 | 22-12-2022 15:50:00 |
| 03. | एससी-केटगिरी-004 | केटरिंग | मधिरा पर जीएमयु-214, लिंगमपल्ली पर एसएमयु -16, मंचेरियाल पर एसएमयु-7, रामगुंडम पर एसएमयु --23, विकाराबाद पर एसएमयु-30 चेर्लापल्ली पर एसएमयु-126, बेल्लमपल्ली पर एसएमयु -101 | 19-12-2022 12:00:00 | 19-12-2022 13:30:00 |
| 04. | एससी -केटगिरी 005 | कैटरिंग | परली वैजनाथ पर एसएमयु 21 करीमनगर पर एसएमयु 130, हसनपर्ती रोड पर एसमयु 129 नेचर क्यूर हास्पिटल पर एसएमयु 39, तांडूर पर एसएमयु 27 | 20-12-2022 12:00:00 | 20-12-2022 13:10:00 |
| 05. | एससी केटरिंग 006 | केटरिंग | फतेहनगर पर एसएमयु 33, हायटेक सिटी पर एसएमयु 36, बोरबंडा पर एसएमयु 31, खैरताबाद पर एसएमयु 38, भद्राचलम रोड पर एसएमयु 10, महबूबाबाद पर एसएमयु एसएमयु 19, जेम्स स्ट्रीट पर एसएमयु 37 | 21-12-2022 12:00:00 | 21-12-2022 13:30:00 |
| 06. | एससी केटरिंग 007 | केटरिंग | डोर्नकल पर जीएमयु 206, डोर्नकल पर जीएमयु 207, पेध्दापल्ली पर जीएमयु 219, घानापूर पर जीएमयु 209, बेगमपेट पर एसएमयु 14, सिरपुर कागज नगर पर एसएमयु 26. | 22-12-2022 12:00:00 | 22-12-2022 13:20:00 |
| 07. | एससी-एचवायबी 002 | पे एंड यूज टायलेट्स | हैदराबाद रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज टायलेट या शौचालय का ठेका । | 22-12-2022 11:30:00 | 22-12-2022 12:00:00 |

इच्छुक पार्टीयां तथा ठेकेदारों को इस बात पर विशेष ध्यान देना होगा कि, वे ई-नीलामी सूचना से जुडे पूर्ण विवरण के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट पर जाएं तथा तत्संबंधित विवरण प्राप्त करें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण हेतु यदि हो तो कृपया अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर संपर्क करें।

एलोकेशन हेड 0401-09-290/21 के प्रति तत्संबंधित शुल्क के रूप में रु. 15,000/- डेबिट किया जाएगा। इस सूचना के प्रकाशित होने पर, इस आफिस के रिकार्ड हेतु संबध्द प्रेस क्लिप्पिंग की प्रतिलिपि भेजी जाए।

A1462

वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद

# नीतीश बोले- तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का चुनाव

## मेरा टारगेट 2024 में भाजपा को हटाना, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनना नहीं

पटना, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में सीएम पद के दावेदार नहीं होंगे। उन्होंने खुद इसकी घोषणा की है। पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक में नीतीश ने कहा- 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। मेरा लक्ष्य 2024 लोकसभा में भाजपा को हराना है। मैं सीएम या पीएम पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता।

**मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा**

वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया- बिहार विधानसभा के बाद महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई थी। उसमें मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया कि मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा। 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।



चौधरी ने शराबबंदी को लेकर महागठबंधन के विधायकों के सवाल उठाने पर कहा- तमाम नेताओं के सामने मुख्यमंत्री ने यह बात साफ कर दी है कि शराबबंदी के फैसले के वक्त सभी दलों का समर्थन मिला था। अब इस पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं है।

**नीतीश ने कहा था- तेजस्वी को आगे बढ़ाना है**

इससे पहले नालंदा में भी सोमवार को डेंटल कॉलेज के उद्घाटन में नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो कब से बिहार में विकास का काम करवा रहे हैं। लेकिन तेजस्वी जी जो हैं, अब इनको आगे बढ़ाना है। हमको तो जितना करना था, वो कर दिए। अब इनसे एक-एक काम करवाना है। इसके लिए अब ये सबकुछ देख रहे हैं, समझ रहे हैं। एक-एक काम करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस दौरान डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग नीतीश जी के नेतृत्व में हरसंभव कदम उठा रहे हैं। बेसिक एमेनिटीज, पढ़ाई, दवाई और कमाई को दुरुस्त करने पर काम किया जा रहा है।

जेडीयू खुला राष्ट्रीय अधिवेशन में जिस तरह से जेडीयू के नेताओं ने 2024 को लेकर अपनी लाइन को क्लियर किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2024 लोकसभा का चुनाव लड़ा जाएगा। अब आरजेडी की तरफ से जेडीयू नेताओं का साथ मिल गया है।

**गलत पैरवी करेंगे तो अफसर आपकी नहीं सुनेंगे**

राजद के विधायक राहुल तिवारी ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व की बात तो कही ही साथ ही, उन विधायकों को भी चेताया जो यह कहते हैं कि हमारी बात अधिकारी नहीं सुनते हैं। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि गलत पैरवी लेकर जाएंगे तो अधिकारी आपकी नहीं सुनेंगे। यदि सम्मान पाना है तो गलत का साथ छोड़ दीजिए। राहुल तिवारी ने बताया- शराबबंदी को लेकर कांग्रेस के विधायकों को चिन्हित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब शराबबंदी हो रही थी तो जलील मस्तान मद्य निषेध मंत्री थे, जो कांग्रेस के थे और उन्हीं के नेतृत्व में यह शराबबंदी हुई थी। ऐसे में यदि पूर्व विधायक सवाल उठाता है तो उससे पहले समझ लेना चाहिए कि वह किस आधार पर सवाल उठा रहे हैं।

# कौशांबी में कांग्रेसियों ने एक-दूसरे पर जमकर चलाए लाठी-डंडे

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेसी आपस में भीड़ गए। कांग्रेसियों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चलाए। जहां दो गुटों में भिड़ंत के चलते अफरा तफरी मच गई। इसके चलते कई राहगीर और पटरी दुकानदार भी प्रभावित हुए। इस दौरान किसी को चोट आई तो किसी का ठेला ही पलट दिया गया। चलिए जानते हैं क्या है पूरा मामला।

**पूरा मामला**

मिली जानकारी के अनुसार पीसी सदस्य और पूर्व प्रधान के दो गुट पद यात्रा के दौरान प्रदेश प्रभारी अजय राय के साथ चलने को लेकर आपस में भिड गए। एएसपी समर बहादुर ने बताया कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बा के पास कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के साथ चलने को लेकर कांग्रेसियों के दो गुटों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में मारपीट कर अराजकता फैलाने वाले दो लोगों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश की जा रही है।



**यूपी में भारत जोड़ो यात्रा जारी**

गौरतलब है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी 7 सितंबर से भारत को एकजुट करने और मजबूत करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। यह यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा से बढ़ती कट्टरता को खत्म करने, बेरोजगारी और सामाजिक आसमंताओं के विरोध में निकाली जा रही है, जो देश के 12 राज्य एवं 2 केंद्र शासित प्रदेशों से गुजर रही है।

इस दौरान यूपी में भी कांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव 2022 से पहले सभी जनपदों में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का फैसला लिया है। इसमें हर जिले से कांग्रेसी शामिल होंगे। यूपी में निकलने वाली यात्रा में 100 से 500 तक कांग्रेसी पदयात्रा करेंगे। फिलहाल बताते चलें कि पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर बाकी लोगों की पहचान कर रही है। तहरीर मिलने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई करेंगी।

# पर्यटकों को भा रहा बिहार

## 2022 में आए एक करोड़ से अधिक सैलानी, इस जगह को कर रहे पसंद

पटना, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार पर्यटन की कोशिशों का असर दिख रहा है। कोरोना से पहले बिहार में पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही थी। 2015 में 2.80 करोड़ देशी और 9.24 लाख विदेशी पर्यटक बिहार आये थे। 2019 में देशी पर्यटकों की संख्या बढ़ कर 3.40 करोड़ और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़कर 11 लाख हो गयी, लेकिन कोरोना के कारण बिहार आने वाले देशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी कमी हुई थी। 2020 में यह कम होकर 59.52 लाख और 2021 में 25 लाख पर हो गयी। हालांकि, 2022 में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई और सितंबर तक यह बढ़ कर एक करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। सितंबर तक 18 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक भी बिहार आएं हैं।

**160 पर्यटन स्थलों को विकसित किया जायेगा**

सूबे के पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि को देखते हुए सरकार ने सभी सर्किट को विकसित कर पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने की योजना बनायी है। एक ही परिसर में पर्यटकीय दृष्टिकोण से विश्राम



क्षेत्र, कैफेटेरिया, दुकान,व प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, शौचालय, पार्किंग, हस्तशिल्प की दुकान एवं अन्य सुविधाएं दी जायेंगी। इस नीति के तहत जिले पर्यटक स्थलों का भी विकास होगा। जिले में पर्यटकों के लिए सभी विश्वस्तरीय सुविधाएं जुटायी जायेंगी। इसके साथ ही पहले चरण में सूबे में 160 स्मार्ट पर्यटक स्थलों को भी विकसित किया जायेगा।

**पर्यटकों के लिए हर 50 किमी पर सुविधा**

प्रीमियम मार्गीय सुविधा के तहत प्रत्येक 50 किलोमीटर की दूरी पर सुविधाएं विकसित की जायेंगी। लगभग डेढ़ एकड़ जमीन में सुविधाएं विकसित होंगी। स्टैंडर्ड मार्गीय सुविधा हर 30 किमी की दूरी पर विकसित होगी। इसके लिए एक एकड़ भूमि का उपयोग होगा। वहीं, बेसिक मार्गीय सुविधा 30 किलोमीटर की दूरी पर विकसित होगी और इसके लिए 7500 वर्गफुट जमीन का उपयोग करने का निर्णय लिया गया है। जनसुविधा विकसित करने के एवज में विभाग निवेशकों को 10, 20, 35 एवं 50 लाख या 50 फीसदी अनुदान देगा। 160 केंद्र बनेंगे, जिनमें अधिकतम 10 फीसदी की वृद्धि भी हो सकती है।

# बीटेट-सीटेट पास अभ्यर्थियों ने डाक बंगाला चौराहा किया जाम

## बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

पटना, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पटना में बीटीईटी-सीटीईटी पास अभ्यर्थियों ने डाक बंगाला चौराहा जाम किया। सातवीं चरण के बहाली की मांग को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सड़क पर उतर गए हैं। इससे यातायात पुलिस को ट्रैफिक डाइवर्ट करना पड़ रहा है। शिक्षक अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर पिछले 38 दिनों से गर्दनीबाग में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। मगर सरकार के द्वारा सातवी चरण की बहाली का नोटिफिकेशन जारी नहीं करने पर आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा का घेराव करने निकले हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि वह पिछले 3 साल से प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस पर उन्हें शिक्षा विभाग के द्वारा सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। कुछ अभ्यर्थियों का आरोप है कि उन्हें रोकने के लिए डंडे भी चटकाए गए हैं। विधानसभा जा रहे बड़ी संख्या में शिक्षक अभ्यर्थियों को डाक बंगला चौराहे पर रोक लिया गया है। इन्हें रोकने के लिए यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की



गयी है। पुलिस के आला अधिकारी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वहां मौजूद हैं। पुलिस प्रशासन यहां से आगे जाने के लिए बैरिकेटिंग कर दी है। हालांकि पुलिस के अधिकारी लगातार शिक्षक अभ्यर्थियों से बातचीत करके उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। मगर छात्र वापस जाने के लिए तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि डाकबंगाल चौराहा के जाम हो जाने से आधे पटना में जाम की स्थिति हो गयी है। बिहार प्रारंभिक युवा शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने बताया कि करीब चार सालों से शिक्षक अभ्यर्थी सीटेट, बीटेट पास कर सड़क पर आंदोलन को विवश हैं। उन्होंने कहा कि गर्दनीबाग में शांतिपूर्ण ढंग से शिक्षक अभ्यर्थी पिछले 38 दिनों से धरने पर बैठे हैं, बावजूद इसके शिक्षा विभाग के कोई अधिकारी उनकी सुधि लेने धरनास्थल पर नहीं पहुंचे।

विभाग के उदासीन रवैये के कारण शिक्षक अभ्यर्थियों में काफी रोष है।सरकार को समझना होगा कि छात्र राज्य सरकार का विरोध नहीं कर रहे हैं केवल अपने हक का रोजगार मांग रहे हैं।

# अधिसूचना पर लगी रोक जारी

## हाईकोर्ट में सरकार ने एक दिन का मांगा वक्त, आज फिर होगी सुनवाई

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा प्रदेश के नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना पर सोमवार को लगाई गई रोक बुधवार तक जारी रहेगी। राज्य सरकार सरकार मामले को लेकर बुधवार को कोर्ट में हलफनामा देगी। इस तरह निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का इंतजार और बढ़ गया है। नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप राज्य सरकार पर लगाते हुए दाखिल जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब देने के लिए एक दिन का और समय देने की मांग की गई थी, जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इससे पहले सोमवार को प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान करने पर मंगलवार तक रोक लगा दी थी। बेंच ने राज्य निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव की अधिसूचना मंगलवार तक जारी करने से रोका था। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया



प्रतीत होता है कि सरकार ने ओबीसी कोटे का आरक्षण तय करने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये ट्रिपल टेस्ट फामूर्ले का अनुपालन नहीं किया है। वैभव पांडे सहित कई याचीगणों ने अलग-अलग याचिका दायर करके नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। याचिका करने वालों की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल सुरेश महाजन के मामले में दिये गये निर्णय में स्पष्ट तौर पर आदेश दिया था कि स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण जारी करने से पहले ट्रिपल टेस्ट किया जाएगा और यदि ट्रिपल टेस्ट की औपचारिकता नहीं की जा सकी है तो एससी व एसटी सीटों के अलावा बाकी सभी सीटों को सामान्य सीट घोषित करते हुए, चुनाव कराए जाएंगे।

# नगर पंचायतों का कार्यकाल समाप्त

## जारी किया गया आदेश

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी में नगर पंचायतों का कार्यकाल 12 दिसंबर 2022 को पूरा हो गया है। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं, मंगलवार को ही इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी करने पर रोक लगा दी है। निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की घोषणा की जा चुकी है पर इस पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने पर कोर्ट मामले की सुनवाई कर रहा है। मामले पर बुधवार को भी सुनवाई होगी।

# भागवत कथा सुनने गए युवक को गोली मारी

अररिया, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अररिया जिले के बौसी थाना अंतर्गत बसैटी गांव में अपराधियों ने सोमवार की देर रात युवक को गोली मार दी, जिसे आननफानन में इलाज के लिए पूर्णिया भेजा गया। रास्ते में उसकी मौत हो जाने के बाद मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। आक्रोशित ग्रामीणों ने डाकबंगला बसैटी मार्ग पर अवस्थित बसैटी बाजार में सुबह 6 बजे से सड़क जाम कर आगजनी के साथ प्रदर्शन किया। दोपहर बाद एक बजे जाम खत्म हुआ। इस दौरान पुलिस पर प्रदर्शनकारी काफी आक्रोशित दिखे। लोगों का गुस्सा किसी भी तरह कम नहीं हो रहा था। प्रदर्शनकारी वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात में युवक गौतम स्वर्णकार भागवत कथा सुनने गया था। इस दौरान किसी युवक से उसकी कहासुनी हो गई और फिर उसी ने गौतम को गोली मार दी। गोली मारने के बाद अपराधी फरार हो गया। गोली मारने की वजह कोई दुश्मनी थी या तात्कालिक वजह, अभी इसका पता नहीं चल पाया है।

# मंदिर के पुजारी की हत्या

मुजफ्फरपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के बाघी गांव में बदमाशों ने 50 वर्षीय पुजारी की हत्या कर दी। पुजारी का शव स्कूल के पीछे स्थित पोखर से बरामद किया गया है। पुजारी के हाथ पैर बंधे थे। जबकि, शव के साथ पत्थर भी बांधे गए थे। ताकि शव पानी के बाहर नहीं आ सके। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने मामले की जानकारी मनियारी थाने की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची मनियारी पुलिस ने किसी तरह शव को पानी से बाहर निकाला। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान कुढ़नी थाना क्षेत्र के बथना परैया निवासी अरविंद कुमार झा उर्फ मुनटुन झा के रूप में की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम से ही मंदिर मे स्थित उनके कमरे का दरवाजा खुला था। लोगों ने आशंका जताया कि हत्या कर उनकी लाश को बांधकर पोखर मे फेंका गया है।

# नर्सिंग होम चला रहे युवक की हत्या पर गुस्साए लोगों ने कांटी में किया प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में नर्सिंग होम संचालक की हत्या कर शव को चौर में फेंक दिया गया। मामला कांटी थाना क्षेत्र का है। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा शुरू कर दिया है। मृतक कांटी थाना क्षेत्र के लसगरीपुर के रहने वाले 35 वर्षीय पिंटू कुमार गुप्ता थे। सूचना पर पहुंची कांटी पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। मृतक के भाई विकास कुमार ने बताया कि गर्दन ऐंठा हुआ था। गले और छाती पर जख्म के निशान थे। उनकी बाइक उल्टी गिरी हुई थी। पेड़ में रबड़ बांधा हुआ था। लाश को देखकर साफ लग रहा है कि हत्या कर फेंक दिया गया है। कांटी थानेदार संजय कुमार ने काफी मुश्किल से लोगों को समझाकर शांत किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विकास ने बताया कि कांटी में ही पिंटू नर्सिंग होम चलाते थे। कुछ दिन पहले गांव में आपसी विवाद को लेकर लड़ाई भी हुई थी। उन्होंने विकास से कहा था कि कुछ लोग धमकी दे रहे हैं, तुम ठीक से रहना। सोमवार रात वे नर्सिंग होम से अपने किसी दोस्त को घर छोड़ने गए थे। स्टाफ अभिषेक को कॉल कर बोले कि आधे घंटे में नर्सिंग होम आ रहे हैं, लेकिन देर रात तक नहीं पहुंचे। उनका मोबाइल भी बंद था। परिजन ने चिंतित होकर खोजबीन शुरू की। कांटी पुलिस को भी जानकारी दी गई। विकास ने कहा कि सुबह तक पुलिस के साथ खोजते रहे, लेकिन कहीं भी उनका सुराग नहीं मिला। जहां मंगलवार को लाश मिली, वहां सोमवार रात भी गए थे। उस समय वहां कुछ नहीं था।

# सपा ने लोकसभा में एसटी हसन को बनाया नेता

## जेडीयू ने श्रवण कुमार को बनाया यूपी का प्रभारी

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को सांसद एस टी हसन को लोकसभा का नेता घोषित किया है। वहीं, बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने श्रवण कुमार को उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा व जदयू एक साथ आ सकते हैं। ऐसा होने पर यूपी व बिहार में भाजपा विरोधी दलों को बड़ी कामयाबी मिल सकती है। जदयू और भाजपा का गठबंधन टूटने के बाद जदयू बिहार में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन में सत्ता में है।

# लालू यादव की तबीयत अब भी नासाज

## अस्पताल से बाहर आकर बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा-दुआएं चाहिए



पटना, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अभी सिंगापुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत अभी भी नासाज बनी हुई है। वहीं लालू यादव को किडनी देने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने ट्वीट कर बताया है कि वो अस्पताल से बाहर आ गईं हैं। लेकिन उनके पिता की हालत अभी भी नासाज बनी हुई है और उन्हें लोगों की दुआओं की जरुरत है। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने बताया कि वह अस्पताल से डिस्चार्ज हो गई हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, "आज मैं आप लोगों की दुआओं और आशीर्वाद से हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर घर आ गई। मगर पापा अभी भी हॉस्पिटल में है और उनकी तबीयत कुछ नासाज बनी हुई हैं। बस आप लोगों की दुआओं की शक्ति चाहिए कि पापा भी जल्द से जल्द ठीक होकर आपके बीच,आपके अधिकार की खातिर आवाज बुलंद कर सकें।" बता दें कि लालू प्रसाद यादव का पांच दसिंबर को सिंगापुर के माउंट एलिज़ाबेथ अस्पताल में कडिनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन हुआ था, जो सफल रहा। लालू के ऑपरेशन पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर बताया था कि उनके पिता की और डोनर रोहिणी आचार्य दोनों स्वस्थ हैं। लालू यादव काफी समय से बीमार चल रहे हैं। जब रोहिणी आचार्य ने अपने पिता लालू को किडनी दी, तब देश के बड़े नेताओं ने भी उनके इस कदम की सराहना की, चाहे वह किसी भी दल के क्यों हो।

# नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्या

## ईंट भट्ठा की रखवाली की ड्यूटी में था जमीन विवाद में भी हत्या की आशंका

बक्सर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बक्सर जिले के रामपुर ईंट भट्ठा के पास एक युवक को गोली मार हत्या कर दी गई है। गोली कनपटी पर सटा के मारी गई है, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मंगलवार सुबह वहां से गुजर रहे ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों और कोरान सराय थाना को दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले मामले की छानबीन में जुट गई है। आशंका जाहिर की जा रही है कि जमीन विवाद में युवक की हत्या की गई है।

युवक ईंट भट्ठा पर नाइट गार्ड के रूप में तैनात था। युवक का एक पक्ष से रास्ता को लेकर एक महीने से विवाद चल रहा था। हालांकि पुलिस विभिन्न पहलुओं में जांच प्रारंभ कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

कोरान सराय थानाक्षेत्र के बसकितिया गांव के निवासी सतेंद्र यादव (45) रात में खाना खाने के बाद कोरान सराय केसठ नहर मार्ग के किनारे स्थित रायल ईंट भट्ठा पर सोने चला गया। यह ईंट भट्ठा नाजिर गंज के मुमताज अंसारी का है। वहीं, ग्रामीण सूत्रों की मानें तो मृतक का गांव में ही अपने पड़ोसियों के साथ रास्ते का एक महीने से विवाद चल रहा था। यह हत्या जमीन विवाद में की गई है या फिर कोई कारण है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

इधर, इस मामले में कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार अभी इस मामले में कुछ भी स्पष्ट बताने में परहेज कर रहे है। हालांकि मौत की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस गोली मार हत्या की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। साथ ही परिजनों द्वारा कुछ लोगों का नाम लिखित दिया गया है। इसके आधार पर छापेमारी कर उनको गिरफ्तार किया जाएगा।

# गंगा घाट पर सरेआम हो रहा जान से खिलवाड़

## 25-30 क्षमता वाली नाव पर सवार हुए 59 लोग, 13 मोटरसाइकिल एवं 6 साइकिल



समस्तीपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। समस्तीपुर जिला के मोहनपुर प्रखंड के रसलपुर गंगा घाट पर क्षमता से अधिक नाव पर लोग बैठाकर गंगा पार करते देखा गया है। जो कि कभी भी बड़ा हादसा का कारण बन सकता है। बताते चलें कि सोमवार दोपहर रसलपुर गंगा घाट पर 25 से 30 सवारी की क्षमता वाली नाव पर 59 लोग, 13 मोटरसाइकिल एवं 6 साइकिल सवार कर रसलपुर गंगा घाट से हरदासपुर दियरा गंगा की ओर जा रहा था। नाव पर बड़ी संख्या में सवारियों को बिना सुरक्षा बंदोबस्त और साथ ही दर्जनों बाइक और अन्य सामने को रखकर लोगों की जान-जोखिम में डालकर गंगा पार कराया जा रहा है। ऐसे में यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा भी घट सकता है लेकिन उसके बाद भी नावों पर हो रही ओवरलोडिंग पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# 'मैं आतंकियों की मदद कर रहा था, मुझे पैसों की जरूरत थी

## ' संसद भवन पर हमले के दोषी अफजल गुरु ने और क्या-क्या कबूला था?



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। 13 दिसंबर 2001 की उस सुबह गुनगुनी धूप संसद भवन की दीवारों पर चांदी जैसी चमक रही थी। संसद में शीतकालीन सत्र चल रहा। पिछले कई दिन हंगामे भरे रहे थे। उस दिन भी सदन कुछ देर के लिए स्थगित करना पड़ा था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और विपक्ष की नेता सोनिया गांधी संसद से अपने घर को निकल गई थीं। उपराष्ट्रपति कृष्ण कांत का काफिला निकलने ही वाला था। अचानक 11 बजे अफरातफरी मच गई और गोलियों की आवाज सुनाई देने लगी। एक बार तो सभी ठिठक गए।

**लगा कि बंदर भगाने के लिए पटाखे चलाए हैं**

पहले लगा कि संसद भवन के नजदीक रकाबगंज गुरुद्वारे में फायरिंग हुई है। फिर लोगों ने अनुमान लगाया कि हो सकता है चिड़ियों या बंदरों को भगाने के लिए फायरिंग हुई हो या पटाखे चलाए गए हों, लेकिन चंद मिनट बाद तस्वीर साफ हो गई। 5 हथियारबंद आतंकी संसद भवन में घुस आए थे और एके-47 जैसे ऑटोमैटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग किए जा रहे थे। उस वक्त गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी भी पार्लियामेंट में मौजूद थे, लेकिन तबतक उनको भी नहीं पता लग पाया था कि आखिर हुआ क्या है।

**वॉकी-टॉकी से सीआरपीएफ को दी गई खबर**

पहले पार्लियामेंट की सिक्योरिटी में तैनात दिल्ली पुलिस के जवानों ने आतंकियों को रोकने की कोशिश की। इसी बीच पार्लियामेंट में तैनात पैरामिलिट्री फोर्स (सीआरपीएफ) की टुकड़ी को वॉकी टॉकी से खबर दे दी गई। संसद भवन पर हमले के दिन वहां रिपोर्टिंग कर रहे वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी ने बीबीसी को बताया था कि कुछ पत्रकारों और नेताओं को पार्लियामेंट के गेट नंबर 1 के अंदर पहुंचा कर बंद कर दिया गया।

**लालकृष्ण आडवाणी ने संभाली जवाबी हमले की कमान**

सुमित अवस्थी आगे बताते हैं, 'इसी दौरान मेरी निगाह लालकृष्ण आडवाणी पर पड़ी। उनके चेहरे पर चिंता साफ झलक रही थी। मैंने पूछा कि क्या हो गया तो उन्होंने कुछ जवाब नहीं दिया और आगे बढ़ गए। थोड़ी देर बाद मुझे पता चला कि जवाबी कार्रवाई की पूरी कमान आडवाणी ही संभाल रहे हैं और निगरानी कर रहे हैं'।

**साढ़े चार घंटे चली थी मुठभेड़**

आतंकवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच करीबन 11:30 बजे से शुरू हुई मुठभेड़ करीबन साढ़े चार घंटे चलती रही। संसद भवन पर हमले में दिल्ली पुलिस के 5 जवान, सीआरपीएफ की एक महिला सुरक्षाकर्मी, राज्यसभा सचिवालय के 2 कर्मचारी और एक माली की मौत हो गई थी। संसद भवन पर हमले के आरोपियोंमें मोहम्मद अफजल गुरु, शौकत हुसैन, अफसान और प्रोफेसर सैय्यद अब्दुल रहमान गिलानी को दोषी करार दिया गया था। फरवरी 2013 में अफ़ज़ल गुरु को फांसी दे दी गई थी। अफजल गुरु ने खुद कबूला था जुर्म

# पुणे के बाद कर्नाटक में भी मिला 'जीका वायरस' का एक केस



पुणे, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। जीकावायरस ने सरकार और लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पुणे के बाद कर्नाटक में भी जीका वायरस का एक केस मिला है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने सोमवार को कहा कि रायचूर जिले की पांच वर्षीय एक लड़की में जीका वायरस की पुष्टि हुई है। राज्य में यह पहला मामला है। हालांकि मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की चिंता की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार सभी आवश्यक उपाय कर रही है और जल्द ही इस संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी करेगी।

**लड़की की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार सावधानी बरत रही है और रायचूर और पड़ोसी जिलों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। किसी भी अस्पताल में संदिग्ध संक्रमण के मामले पाए जाने पर जीका वायरस परीक्षण के लिए नमूने भेजने के लिए भी कहा गया है। जिस लड़की में इस वायरस की पुष्टि हुई है, उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

**केरल, महाराष्ट्र और यूपी में भी मिले थे केस**

स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने बताया कि, "हमें पुणे लैब से जो रिपोर्ट मिली है, उसमें जीका वायरस की पुष्टि हुई है। यहां से यह सैंपल 5 दिसंबर को भेजा गया था। इसके साथ 2 और सैंपल भी भेजे गये थे। अन्य दो की रिपोर्ट निगेटिव आई है।" बता दें कुछ महीने पहले जीका वायरस के मामले केरल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में पाए गए थे।

**मच्छरों से फैलती है यह बीमारी**

जीका वायरस मच्छरों से फैलने वाली एक बीमारी है। यह बीमारी एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। ये मच्छर दिन के समय ही ज्यादा एक्टिव होते हैं। इस वायरस से होने वाला संक्रमण खतरनाक होता है।

# उपराज्यपाल बोले- विशिष्ट पहचान पत्र से घबराने की जरूरत नहीं

### परिवारों की सहमति से होगा तैयार



जम्मू, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि हरियाणा की तर्ज पर प्रत्येक परिवार के लिए विशिष्ट पहचान पत्र जारी करने के फैसले से किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। यह प्रत्येक परिवार की सहमति से तैयार किया जाएगा। इसके डाटा का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं का लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए होगा। जम्मू में एक कार्यक्रम के बाद वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद, परिवारवाद तथा भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा था। यह अपने भाइयों व बहनों को उनका हक देने में बाधा उत्पन्न कर रहा था। इसका उपयोग पाकिस्तान आतंकवाद को फैलाने में कर रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति, प्रगति तथा समृद्धि के नए अध्याय का शुभारंभ किया है। जम्मू-कश्मीर के लोग हमेशा शांति चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद तथा इसके समर्थक हमेशा धरती के स्वर्ग को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। अब हालात बदल गए हैं।

धरती का स्वर्ग अब नई ऊंचाइयां छू रहा है। लोगों की जीवनशैली आसान हुई है। आज विश्व समुदाय यह समझने लगा है कि कुछ भी अच्छा आतंकवाद या खराब आतंकवाद नहीं है। आतंकवाद किसी भी रूप में हो वह मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। दुश्मनों के इशारे पर काम करने वाले अलगाववादी हमारे भोले भाले युवाओं को बरगलाते रहे हैं और उन्हें तोपों का चारा बनाते रहे हैं।

# अफसर मंसूरी ने शुद्धिकरण के बाद अपनाया सनातन धर्म

## कृष्णा बन हिंदू रीति रिवाज से राधा संग लिए 7 फेरे



मंदसौर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंदसौर में एकबार फिर प्रेमी जोड़े धर्म की दीवार को गिरा दिया है. इस बार मंदसौर जिले के कचनारा गांव के एक मुस्लिम व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कर हिंदू रीति रिवाज से अपनी प्रेमिका से शादी की है. इससे पहले गायत्री मंदिर में वैदिक विधि विधान से शुद्धिकरण करके 32 वर्षीय अफसर मंसूरी ने हिंदू धर्म स्वीकार किया. अब अफसर मंसूरी कृष्णा सनातनी नाम से पहचाने जाएंगे. इस प्रेमी जोड़े की भी मंदसौर के चैतन्य सिंह राजपूत ने मदद की है. मंदसौर जिले के कचनारा गांव के रहने वाले अफसर मंसूरी अब कृष्णा सनातनी नाम से जाने जाएंगे. अफसर मंसूरी ने वैदिक विधि-विधान से मुस्लिम धर्म छोड़कर सनातन हिंदू धर्म अपना लिया है. अफसर मंसूरी को गायत्री मंदिर में दस स्नान प्रायश्चित करवाने के बाद विधिवत वैदिक विधि-विधान से सनातन धर्म की दीक्षा दी गई. मुस्लिम धर्म छोड़कर सनातन हिंदू धर्म स्वीकार करने वाले कृष्णा सनातनी का कहना है कि मेरी शुरू से हिंदू धर्म में आस्था है. मैं हनुमान जी का भक्त हूं.

सनातन धर्म स्वीकार कर चुके कृष्णा सनातनी का कहना है कि मैंने 7 साल पहले एक हिंदू लड़की से प्यार किया था. लगभग 4 साल पहले उससे हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी भी कर ली थी. सनातन धर्म स्वीकार करने के लिए मुझे कोई रास्ता नहीं मिल रहा था. मुझे चैतन्य सिंह राजपूत का सहयोग मिला और मैं सनातन धर्म स्वीकार कर रहा हूं. अफसर मंसूरी से प्यार करने वाली और बाद में हिंदू रीती रिवाज के साथ शादी करने वाली कृष्णा सनातनी की पत्नी भी खुश हैं कि उनके पति ने भी हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया है. कृष्णा सनातनी की पत्नी राधा ने बताया कि उनकी पहचान अफसर मंसूरी से एंबुलेंस के जरिये हुई थी. अफसर मंसूरी एंबुलेंस चलाते थे और मुझे मरीज ले जाने के बदले 500 रुपये देते थे. धीरे धीरे हमारी दोस्ती प्यार में बदल गई. बाद में हमने शादी भी कर ली. मध्य प्रदेश के मंदसौर में मुस्लिम धर्म छोड़कर सनातन हिंदू धर्म में प्रवेश करने का सिलसिला लगातार जारी है. छह माह पहले मंदसौर के भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पर जफर शेख नाम के व्यक्ति ने मुस्लिम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपनाया था और अपना नाम चैतन्य सिंह राजपूत रखा था.

चैतन्य सिंह राजपूत अभी तक आधा दर्जन से लोगों का धर्म परिवर्तन कराकर उनकी घर वापसी करा चुके हैं. इनमें चार लड़कियों ने मुस्लिम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपनाकर हिंदू धर्म के व्यक्ति से शादी की है. अफसर मंसूरी को सनातन धर्म की दीक्षा देने वाले पंडित नरेश त्रिवेदी का कहना है कि उन्होंने अपनी इच्छा से बिना किसी दबाव के सनातन धर्म में दीक्षा लेने के लिए आग्रह किया था. बाद में वह कोर्ट से शपथपत्र लेकर आए. इसके बाद उन्हें वैदिक विधि विधान के साथ सनातन धर्म की दीक्षा दी गई है. गोमूत्र, पंचामृत गंगा स्नान से इनका शुद्धिकरण किया गया है. अब उन्हें अफसर मंसूरी की जगह कृष्णा सनातनी नाम से जाना जाएगा.

# लाखों की विदेशी मुद्रा के साथ दुबई जा रही महिला एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

अमृतसर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अमृतसर एयरपोर्ट पर कस्टम कमिश्नरेट के एयर इंटेलिजेंस विंग ने 18.18 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा के साथ दुबई जा रही एक महिला को पकड़ा है। तलाशी लेने पर उसके पास 4.10 लाख के यूरो, 4.53 लाख के पाउंड, 7.91 लाख के ऑस्ट्रेलियन डॉलर समेत अन्य मुद्रा बरामद हुई। महिला से पूछताछ के बाद कस्टम अधिकारियों ने गैंग के सरगना को भी काबू कर लिया। इन्हें सीजेएम की अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक अमृतसर की एक महिला 11 दिसंबर को दुबई जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या आईएक्स-191 में सफर करने के लिए श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंची। सीआईएसएफ अधिकारियों ने जांच के दौरान उससे विदेशी मुद्रा पाए जाने के बाद कस्टम अधिकारियों के हवाले कर दिया। जांच में सामने आया कि महिला विदेशी मुद्रा ले जाकर दुबई से सोना तस्करी करना चाहती थी। तलाशी के दौरान महिला की कमर के नीचे बंधे पाउच में 4.10 लाख के यूरो, 4.53 लाख के पाउंड और 7.91 लाख के ऑस्ट्रेलियन डॉलर समेत अन्य मुद्रा मिली।

कस्टम कमिश्नर राहुल नानगरे ने बताया कि महिला से पूछताछ के बाद तस्करी करने वाले गैंग के सरगना को भी काबू कर लिया गया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अभी तक देश के अलग-अलग एयरपोर्ट के जरिये 2.05 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा और दुबई से पांच करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के सोने की तस्करी कर चुके हैं। कस्टम कमिश्नर ने बताया कि दोनों आरोपियों को सीजेएम की अदालत में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है।

# मुंबई की हवा खराब कर रही है लोगों के फेफड़े

### लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के पीछे क्या है कारण



मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली की प्रदूषित हवा के बारे में तो हम रोज अखबार से लेकर सोशल मीडिया में पढ़ ही लेते हैं लेकिन दिल्ली के बाद अब महाराष्ट्र भी जहरीली हवाओं की चपेट में आ गया है. दरअसल पिछले एक महीनों से मुंबई की हवा बेहद प्रदूषित हो गई है. इस महानगर का हाल भी दिल्ली जैसा ही हो गया है. सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च के मुताबिक महाराष्ट्र के मुंबई में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है. गुरुवार की सुबह यानी 8 दिसंबर को तो मुंबई में हवा की गुणवत्ता दिल्ली से भी बदतर थी. वहीं शुक्रवार यानी 9 दिसंबर की देर रात दिल्ली के हवा की क्वालिटी एक्यूआई सूचकांक में 249 (खराब) दर्ज की गई थी, जबकि मुंबई में यह संख्या 309 था जो कि बहुत खराब श्रेणी में आता है.

**सोमवार को एक्यूआई का स्तर 'बेहद खराब**

सोमवार यानी 12 दिसंबर को मुंबई में एयर क्वालिटी इंडेक्स 225 दर्ज किया गया जो कि राजधानी दिल्ली की तुलना में 'खराब' श्रेणी में आता है. सफर (सफ़र) के अनुसार सोमवार को दिल्ली में हवा का स्तर 152 था जो मध्यम श्रेणी में आता है. मुंबई में लगातार खराब हो रही हवा की गुणवत्ता को देखते हुए सफर के अधिकारियों ने यहां के नागरिकों को सलाह दी है कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें और अगर जाना ही पड़े तो मास्क जरूर पहनें. हवा की गुणवत्ता के गिरते स्तर से होने वाली बीमारियों पर बात करते हुए डॉ.छाया वाजा ने कहा कि हवा की खराब क्वालिटी में सांस लेने से अस्थमा जैसे फेफड़ों के विकारों में वृद्धि हो सकती है. खराब हवा के कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, पोस्ट-कोविड की स्थिति वाले मरीजों को खतरा है.

**एक महीने से नहीं हो रहा हवा की क्वालिटी में सुधार**

सफर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ गुफरान बेग ने इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा, 'यह पहली बार नहीं है जब मुंबई की हवा इतनी प्रदूषित हुई हो, लेकिन इससे पहले इस महानगर की हवा में प्रदूषण एक या दो दिन से ज्यादा नहीं टिका था. इस बार लगभग एक महीने से ज्यादा होने को है लेकिन वायु की गुणवत्ता में सुधार नहीं आ रहा है और यह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी चिंता का विषय है.

# नोएडा में विदेश भेजने के नाम पर महिला करती है ठगी, 50 से ज्यादा लोग हो चुके हैं शिकार

नोएडा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। नोएडा में बेरोजगार लोगों का फायदा एक महिला जमकर उठा रही है और अपना बैंक बैलेंस बढ़ा रही है। अब तक इस शातिर महिला के झांसे में 50 से ज्यादा लोग आ चुके हैं। यह महिला लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का लालच देती है और इसके बदले में उनसे पैसे ऐंठती है। लोगों से पैसे ठगने के आरोप में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) साद मियां खान ने बताया कि महिला को थाना सेक्टर 63 पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,845 हुई

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 114 नए मामले सामने आने से देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,75,095 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,845 रह गई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत का एक भी मामला नहीं मिलने से मृतक संख्या 5,30,658 पर स्थिर है. अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,845 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है. पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 61 मामलों की कमी दर्ज की गई है. वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है. आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 4,41,40,592 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.97 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं. गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे. पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे.

# मौसम का हाल: बस कुछ दिन और

### फिर शुरू हो जाएगा 'शीतलहर' का सितम, रिकॉर्ड बना सकती है इस बार की सर्दी

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के कई इलाकों में अभी भी सर्दी ने रफ्तार नहीं पकड़ी है लेकिन मौसम विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक एक सप्ताह के भीतर तापमान तेजी से गिरने लगेगा और



25 दिसंबर आते-आते उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में शीतलहर का सितम शुरू हो जाएगा। दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल में 15 दिसंबर से हवा की रफ्तार तेज हो जाएगी। भारी कोहरे के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में एक सप्ताह के भीतर अब कड़ाके की सर्दी आने वाली है। हिमालय के इलाकों में अब वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर लगभग खत्म हो चुका है। इसलिए जो बर्फबारी हिमालय प्रदेश और कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में हुई है, उसका असर दिल्ली में पड़ेगा। दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में बीते दो दिनों से राज्य में न्यूनतम तापमान में गिरावट के वजह से ठंड बढ़ी है। वहीं पहाड़ों की बर्फबारी से उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत के राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज की जारी है। कई जगहों पर सुबह-सुबह शीतलहर का असर दिखने लगा है।

# मणप्पुरम गोल्ड से 16 किलो सोना लूटने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

### पूछताछ में आरोपियों ने किए कई खुलासे

कटनी, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कटनी जिले में मणप्पुरम गोल्ड लोन डकैती मामले पर कटनी पुलिस ने बक्सर पुलिस की मदद से डकैती में शामिल एक और आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की हैं। आरोपी कटनी में धर्मेंद्र के नाम से रह रहा था, जिसका असली नाम मिथलेश पाल बताया गया है। दरअसल मणप्पुरम गोल्ड लोन डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले छह मुख्य आरोपी में से मिथलेश पाल भी एक था। जो कटनी में धर्मेंद्र नाम की आईडी के नाम से रह रहा था, पुलिस के मुताबिक ये वही आरोपी है जो पुलिस को गुमराह करने के लिए डकैती में लूटी बाइक को अमदरा टोल नाके के पास छोड़कर भाग निकला था। हालांकि पुलिस को आरोपी के पास से अब तक कोई भी सोना या नगद हाथ नहीं लगा है। पूछताछ में आरोपी ने कई बड़े खुलासे करते हुए बताया है की ये सभी बेऊर जेल में बंद सुबोध सिंह के कहने पर काम करते हैं, जिसे डकैती में शामिल अन्य लोगों से कोई मतलब नहीं होता। ये सभी एक चैन की कड़ी के तरह काम करते हैं, जिनका काम अलग-अलग होता है। बता दें घटना से पहले आरोपियों ने सात लाख का इन्वेस्ट किया था, जिसमें कार, बाइक, कूट रचित दस्तावेज बनाने से लेकर रहने खाने पीने की व्यवस्था शामिल रहती है। छह आरोपियों ने डकैती की तो उसे बक्सर तक पहुंचाने का काम दूसरी टीम का होता है। जो भोपाल से हुंडई वेरना कार खरीद कर कटनी पहुंचा था और पहली टीम से सोना लेकर डिंडोरी, पेंड्रा होते हुए पटना बिहार सोना पहुंचाया है। ये कार चालक सुबोध सिंह की चैन का दूसरा हिस्सा है। ऐसे कई लोग हैं, जो सुबोध सिंह के लिए काम करते हैं। जिनमें से कुछ को रिस्क के हिसाब से कमीशन मिलता है। तो किसी को सीधी पेमेंट दी जाती और ये पेमेंट भी कई लाखों में होती है। कटनी पुलिस ने अब तक नौ लोगों को आरोपी बनाया है, जिसमें से 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनसे तीन डकैती की घटना को अंजाम देने पहुंचे थे, तो एक आरोपी बक्सर से पकड़ा गया। फिलहाल पुलिस के हाथ सोना नहीं लगा है।

एसएसपी सुनील कुमार जैन की माने तो कटनी पुलिस ने जिस आरोपी को बक्सर पुलिस की मदद से पकड़ा है। न्यायालय में पेशकर रिमांड ली जाएगी, जिससे गन, समान समेत अन्य चीजों का पता लगाया जा सके। हमारी कोशिश है की जल्द ही सोना, नगद सहित आरोपियों को पकड़ा जा सके इसके लिए कटनी पुलिस की टीम लगी हुई है।

# इंदौर में बैंक अफसर की छह साल पहले हुई थी मौत,अब केयरटेकर सहित पांच पर एफआईआर

इंदौर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। इंदौर में एक बैंक अफसर की छह साल पहले जहर की वजह से मौत हो गई थी। तब पुलिस ने आत्महत्या का केस दर्ज कर केस क्लोज कर दिया था, लेकिन अब उस केस की फाइल फिर खुली है और पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। हत्यारे कोई और नहीं, बल्कि बैंक अफसर का ध्यान रखने वाली केयरटेकर और उसके साथी निकले। अफसर के रिश्तेदारों ने कोर्ट में साबित किया कि बैंक अफसर बीमार थे। दो साल से घर के बाहर ही नहीं निकले तो वे जहर खरीदकर कैसे ला सकते थे। राज मोहल्ला में रहने वाले बैंक अफसर बसंत कुमार वर्मा की छह साल पहले मौत हो गई थी। तब पोस्टमार्टम में मौत की वजह जहर का सेवन बताई गई थी। पुलिस ने आत्महत्या का केस दर्ज किया था,

# लॉरेंस बिश्नोई का रिमांड तीन दिन बढ़ा, अब 16 दिसंबर को पेश करेगी मुक्तसर पुलिस



मुक्तसर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। फिरौती के एक मामले में मुक्तसर पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को मंगलवार सुबह एक बार फिर सीजेएम अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से लॉरेंस का करीब एक सप्ताह का और रिमांड मांगा था, मगर अदालत ने तीन दिन का रिमांड दिया। अब पुलिस 16 दिसंबर को फिर लॉरेंस को अदालत में पेशी पर लाएगी। फिरौती के एक मामले में आठ दिसंबर को लॉरेंस की सीजेएम राय पाल सिंह रावत की अदालत में पेशी हुई थी। इस दौरान उसे छह दिन का पुलिस रिमांड मिला था जो आज पूरा होते ही लॉरेंस को दोबारा अदालत में पेश किया गया। इस दौरान पुलिस पक्ष ने पूछताछ के लिए और समय मांगते हुए करीब एक सप्ताह का वक्त मांगा, मगर अदालत ने तीन दिन का ही रिमांड दिया। हालांकि पिछले पेशियों में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के वकील सतनाम सिंह धीमान रहे थे, मगर आज हुई पेशी में लॉरेंस के वकील जगदीप सिंह बराड़ थे। जगदीप सिंह बराड़ वकील सतनाम सिंह धीमान के जूनियर हैं और सतनाम धीमान के व्यस्तता के चलते आज वे लॉरेंस पक्ष की ओर से पैरवी करने आए थे। बता दें कि थाना सिटी में दर्ज 67 नंबर एफआईआर के संबंध में बीते बुधवार को दिल्ली से पंजाब पुलिस लॉरेंस को लाई थी और मुक्तसर अदालत में पेश करने के बाद मिला छह दिन का रिमांड भी आज पूरा हो गया था। जिस पर मंगलवार को उसे दोबारा पेश किया गया था। गौरतलब है कि 22 मार्च 2021 को थाना सिटी मुक्तसर पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसे तीन नंबरों से कॉल के जरिए 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी जा रही है।

स्वतंत्र वार्ता


बुधवार, 14 दिसंबर, 2022

# तवांग झड़प के बाद मोर्चे पर हमारे लड़ाकू विमान

पूर्वोत्तर के अरुणाचल प्रदेश के जिले तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी हैं। 9 दिसंबर को तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद आईएएफ ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात कर दिए थे। तवांग के करीब यांगत्से में एलएसी के पास दो इलाकों होलीदीप और परिक्रमा एरिया में चीन भारतीय चौकियों का विरोध कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में 2-3 बार इन चौकियों की तरफ बढ़ रहे ड्रोन को भारतीय लड़ाकू विमानों ने रोका है। सुखोई-30MKI ने ये एयर वॉयलेशन रोका था। सूत्रों ने कहा कि अगर ड्रोन एलएसी की बराबरी में उड़ते हैं तो भारतीय सेना को इससे कोई परेशानी नहीं है। अगर कोई एयरक्राफ्ट या ड्रोन भारतीय सीमा की ओर उड़ान भरते हैं और हमारे रडार पर इनकी आक्रामक गतिविधि दिखाई देती है तो ये एयर वॉयलेशन होगा और आईएएफ तुरंत एक्शन लेगी। नॉर्थ ईस्ट में वायुसेना की मौजूदगी काफी मजबूत है। असम के तेजपुर और चाबुआ में कई जगहों पर सुखोई-30 की तैनाती है। राफेल फाइटर जेट्स भी बंगाल के हशीमारा में तैनात हैं, जो काफी कम समय में नॉर्थ ईस्ट को कवर कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल का हाशिमारा एयरबेस पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान तैनात हैं। यह यांग्त्से से 233 किमी के एयर डिस्टेंस पर बना है।

**क्या हैं कॉम्बेट एयर पेट्रोल या जंगी उड़ानें**

लड़ाकू विमानों के लिए उड़ान का मिशन तय करना। इस तरह की कवायद में एयरक्राफ्ट को किसी निश्चित इलाके की निगरानी की जवाबदारी सौंपी जाती है। आमतौर पर ऐसे मिशन रणनीतिक तौर पर संवेदनशील हिस्से, वॉर जोन, जमीन या समुद्र की हिफाजत के लिए लॉन्च किए जाते हैं। ऐसे मिशन के तहत फाइटर एयरक्राफ्ट को घुसपैठ करने वाले विमान या किसी और मशीनरी को मार गिराने का आदेश दिया जाता है। दुश्मन के फाइटर प्लेन को टारगेट तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया जाता है। कॉम्बेट एयर पेट्रोल जमीन और समुद्र दोनों के ऊपर लॉन्च किए जाते हैं। इनके जरिए अपने लड़ाकू विमानों, जमीन पर मौजूद मशीनरी या समुद्र में मौजूद जहाजों की हिफाजत की जाती है।




**तवांग क्यों कब्जाना चाहता है चीन ?**

अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के करीब तवांग कस्बा करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह जगह रणनीतिक तौर पर बेहद मायने रखती है। तवांग से पूरे अरुणाचल प्रदेश पर नजर रखी जा सकती है। इसी वजह से चीन इसे हथियाने की साजिश रचता रहता है। 1962 के युद्ध में चीन ने तवांग पर कब्जा कर लिया था। हालांकि, संघर्ष विराम के बाद वह पीछे हट गया था, क्योंकि तवांग मैकमोहन लाइन या एलएसी के अंदर पड़ता है।

**एलएसी क्रॉस करने का अहम पॉइंट है तवांग**

तवांग पर चीन की बुरी नीयत की दूसरी वजह यह है कि भारत-चीन के बीच बनी LAC क्रॉस करने के दो सबसे अहम पॉइंट्स में से तवांग एक है। पहला पॉइंट चंबा घाटी है, जो नेपाल और तिब्बत के बॉर्डर पर है। दूसरी जगह तवांग है, जो चीन और भूटान के जंक्शन पर है। यहां से चीन के लिए पूरे तिब्बत पर नजर रखना बेहद आसान होगा।

**चीनी विरोध की बड़ी वजह धर्मगुरु दलाई लामा**

तवांग को लेकर चीन के विरोध की तीसरी बड़ी वजह हैं तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा। दरअसल 1959 में तिब्बत से निकलने के बाद दलाई लामा ने तवांग में ही कुछ दिन बिताए थे। यहां एक बड़ा बौद्ध मठ भी मौजूद है। इस लिहाज से चीन तवांग पर कब्जे को अपनी प्रतिष्ठा की लड़ाई मानता है।

9 दिसंबर को 600 चीनी सैनिक तवांग के यांग्स्ते में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर भारतीय पोस्ट को हटाने के लिए घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। वे कंटीले लाठी डंडे और इलेक्ट्रिक बैटन से लैस थे। भारतीय सेना भी इस बार पूरी तरह तैयार बैठी थी। हमारी सेना ने भी कंटीले लाठी-डंडों से उनको जवाब दिया। इसमें दर्जनों चीनी सैनिकों की हड्डियां टूटी हैं। तवांग इलाके में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प को लेकर संसद में हंगामा हुआ। विपक्ष का आरोप है कि सरकार कुछ छुपा रही है। जब संसद चल रही है तो सरकार ने जानकारी क्यों नहीं दी। राजनाथ ने सत्र से पहले अपने घर पर हाईलेवल मीटिंग बुलाई। इसमें फॉरेन मिनिस्टर एस. जयशंकर, सीडीएस लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत तमाम अधिकारियों ने जानकारी दी।

बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (LAC) पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच खूनी झड़प हुई है। इसमें भारत के 6 जवान घायल हुए हैं, जबकि चीन के सैनिकों को हमसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। उनके कई सैनिकों की हड्डियां टूटी हैं। घायल भारतीय जवानों को गुवाहाटी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारी सेना ने भी कंटीले लाठी-डंडों से उनको जवाब दिया। इसमें दर्जनों चीनी सैनिकों की हड्डियां टूटी हैं।

## विशिष्ट पहचान-पत्र

सीमाई इलाका होने के नाते जम्मू-कश्मीर में कई घुसपैठिए छद्म नामों से वहां रह रहे हैं। काफी छानबीन के बाद भी उनका वपता लगाना प्रशासन के लिए आसान बात नहीं है। इसलिए वहां सभी परिवारों का एक विशिष्ट पहचान-पत्र बनाने पर विचार किया जा रहा है। वहां के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने मिलकर इससे संबंधित एक दृष्टिपत्र जारी किया। इसके पीछे सरकार की मंशा यह भी है कि इस कदम से विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लाभार्थियों का चयन आसानी से हो सकेगा। पहचान-पत्र में हर परिवार का एक विशिष्ट कोड होगा। कहने की जरूरत नहीं है कि इसमें सूचनाओं की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। यह बात समझ से परे है कि भाजपा को छोड़ कर सभी राजनीतिक दलों ने इस योजना का मुखर विरोध किया है। विपक्ष ने पूछा है कि जब पहले से इसी तरह का एक पहचान-पत्र आधार कार्ड के रूप में बन चुका है, तो अलग से एक पहचान-पत्र की क्या जरूरत है। फिर सरकार की व्यक्तिगत सूचनाओं की सुरक्षा के मामले में विफलता को भी गहरे रेखांकित किया जा रहा है। सब जानते हैं कि सुरक्षा की दृष्टि से जम्मू-कश्मीर बेहद संवेदनशील है। वहां आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाना वर्षों से चुनौती है। सुरक्षाबलों और दहशतगर्दों के संघर्ष में वहां के निर्दोष नागरिक भी शक के दायरे में आ जाते हैं। यहां तक कि कई बार आम नागरिक भी उनकी गोलियों के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में अगर डिजिटल पहचान का कोई पुख्ता और व्यावहारिक तंत्र हो, तो सुरक्षा मामलों में भी आसानी हो सकती है। इससे भला विपक्ष को क्यों एतराज है? बहरहाल, हिन्दू बहुल जम्मू के लोग इस पहचान-पत्र को स्वीकार भी कर लें, तो कश्मीर के लोगों को इसके लिए राजी करना नाकों चना चबाने जैसा होगा। देखा जाए तो पिछले आठ-नौ सालों में केंद्र और घाटी के लोगों के बीच अविश्वास लगातार गहरा होता गया है। जबसे जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता समाप्त हुई है तभ से वहां के लोगों के भरोसे की जमीन दरक चुकी है। ऐसे में विशिष्ट पहचान-पत्र के लिए डिजिटल डेटा इकट्ठा करने की योजना को वहां के लोग स्वाभाविक ही शक की नजर से देखने लगे हैं। चीन में भी इसी तरह जैविक सूचना एकत्र की गई। उसके बाद जिस तरह आंदोलनों या विरोध के समय प्रशासन ने लोगों को प्रताड़ित किया, उसके उदाहरण से कोई अनजान नहीं हैं। ऐसे में केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के लिए लोगों को यह समझाना बहुत मुश्किल होगा कि उनका इरादा ई-गवर्नेंस को प्रभावशाली और सामाजिक योजनाओं को वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाना है। केंद्र ने आपराधिक मामलों में न्याय की गति तेज और सुगम बनाने के मकसद से भी अपराधियों का जैविक विवरण डिजिटल रूप में इकट्ठा करने का प्रस्ताव रखा था, मगर उसका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया था। घाटी के लोग जैविक आंकड़े इकट्ठा करना अपनी निजता का हनन मान रहे हैं। इससे पहले जब आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी तो उसका भी खूब विरोध हुआ था। अब तो अनेक उदाहरण हैं, जब लोगों के निजी आंकड़े बड़े पैमाने पर बाजार में बेच दिए गए। इसलिए भी कश्मीर के लोग इसके लिए भडके हुए हैं। सबसे बड़ी अड़चन है कि वहां के लोग अब भी यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि वे भारतीय संविधान के अधीन हैं। उन्हें खुद को स्वतंत्र मानने का पागलपन सवाल है। इसके पीछे की वजह सरकार और वहां के लोगों के बीच लंबे समय से संवाद का न होना बताया जा रहा है। आतंकवाद खत्म करने के नाम पर वहां जिस तरह से हथियारों का खुल कर प्रयोग किया गया उससे शिकार वहां के बहुत सारे बेगुनाह भी होते रहे हैं। तमाम विशेषज्ञ राय देते रहे हैं कि अगर कश्मीर में अमन कायम करना है, तो पहले वहां के लोगों से बातचीत का सिलसिला शुरू करना चाहिए। जब तक वहां के लोगों में भरोसा नहीं बनेगा कि सरकार सचमुच उनके हित में कदम उठा रही है, तब तक विशिष्ट पहचान-पत्र योजना की कामयाबी का दावा करने में दिक्कत आती रहेगी।

## दाम्पत्य में खटास, टूट रहे परिवार


मनोज कुमार अग्रवाल

यह अपसंस्कृति का नया दौर है जिसमें बिना विवाह संस्कार के तमाम सामाजिक मान्यताओं को तोड़ कर लिविंग रिलेशनशिप में रहना पसंद है वहीं दूसरी ओर विवाहिताएं सुख सुविधाओं और अन्य कारणों से पति को छोड़कर विवाहेत्तर संबंध की ओर आकर्षित हो रहीं हैं। समाज में यह सारी विद्रूपता सिर्फ उच्च या एलीट समझे जाने वाले वर्ग तक ही सीमित नहीं है वरन शहरी ग्रामीण अमीर गरीब शिक्षित अशिक्षित सभी वर्गों में ऐसे मामलों की झड़ी लगी है। आइए आपको कुछ ताजा समाचार रिपोर्टों के माध्यम से बिगड़ रहे दाम्पत्य जीवन व पारिवारिक समीकरणों से अवगत कराने की कोशिश करते हैं। बलिया जिले नरहीं थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला सामने आया है। जहां विवाहिता तथा एक बच्चे की मां अपने प्रेमी के साथ भाग गयी।विवाहिता शौच करने के बहाने घर से बाहर निकली और अपने साढ़े तीन साल के मासूम बच्चे को छोड़ कर अपने पड़ोसी लड़के के साथ तीन दिन पहले फरार हो गई। पति ने काफी खोजबीन किया लेकिन पत्नी का पता नहीं चलने पर नरहीं थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बरेली में 38 साल की एक महिला अपने प्रेमी संग फरार हो गई। वह घर में रखे 25 हजार रुपए और सोने के जेवरात भी साथ ले गई। उसके 5 बच्चे हैं। उसका पिछले 1 साल से पड़ोस में रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला के पति ने रविवार को सीबी गंज थाना पुलिस से पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाई है। महिला के पति का कहना है कि उसके बच्चों का क्या होगा। बरेली के सीबीगंज के रहने वाले बबलू की शादी 13 साल पहले हुई थी। वह ऑटो चलाने का काम करता है। वह अपनी पत्नी और 5 बच्चों के साथ मकान में रह रहा था। उसने बताया कि उसे एक साल पहले मालूम पड़ा कि उसकी पत्नी के पड़ोस में रहने वाले एक युवक से अवैध संबंध हो गए हैं। वह फल का ठेला लगाता है। बबलू ने दोनों को कई बार बातचीत करते हुए देखा था। पत्नी को समझाया लेकिन वह नहीं मानी। इसको लेकर उनके बीच झगड़ा भी होता था। गाजियाबाद में महिला द्वारा बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पहले पति के सिर पर गोली मारी गई। उसके बाद उसका एक हाथ कुल्हाड़ी से काट दिया गया। इसके बाद पति की लाश को बॉयफ्रेंड के घर में 6 फीट गहरा गड्ढा खोदकर दबा दिया था। 4 साल बाद गाजियाबाद पुलिस ने इस केस का खुलासा करते हुए सोमवार को कंकाल बाहर निकाला। फिर कंकाल को पोस्टमॉर्टम और डीएनए की जांच के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है जहां पर एक पत्नी ने अपने पति की प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करवा दी. इसके लिए उसने हत्यारे को 650 ग्राम सोने की सुपारी दी थी. जिस शख्स की हत्या हुई है वो एक प्रॉपर्टी डीलर था. इस प्रॉपर्टी डीलर की पहचान धर्मेश नाम के रूप में हुई है और इसकी उम्र 42 साल है। दिल्ली के मंडावली इलाके मे पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## फिर सामने आया चीन का काला चेहरा


संजीव ठाकुर

चीन ने फिर एलएसई में घुसपैठ की कोशिश की है। पहले चीन में युद्ध के लिए लद्दाख के आसपास रोबोट उतारे थे अब गलवान क्षेत्र में अपने सैनिकों के माध्यम से सेना को भारत के आंदोलन इस क्षेत्र में भेजने का प्रयास किया हालांकि सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब देखा उन्हें वापस भेज दिया है। चीन में सर अपना काला चेहरा फिर दिखा दिया और मंसूबे स्पष्ट कर दिए की कितनी भी वार्ताएं हो जाएं चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा। क्वाड सम्मेलन के बाद भारत अमेरिका आस्ट्रेलिया और जापान के साथ अलग दोस्ताना नज़दीकियां पैदा हुई हैं। अमेरिका तालिबान अफगानिस्तान में धोखा खाने के बाद पाकिस्तान से जोरदार तरीके से खफा है, और तालिबानी अफगान, पाकिस्तान और चीन की त्रिकोणीय संधि से घबराया हुआ भी है। बाहुबली अमेरिका को अब चीन को खुली चुनौती देने लगा है। हिंद और प्रशांत महासागर के साथ चीन सागर में भी पड़ोसी देशों के साथ चीन के संबंध बाहुबलियों की तरह ही है, पर अमेरिका चूंकि भारत के साथ काफी नजदीक हो गया है अतः वह चीन के पड़ोसियों के साथ डराने वाले अंदाज से चिंतित एवं नाराज है। भारत के परंपरागत दुश्मन पाकिस्तान और चीन अब अपनी अपनी सीमा पर चालाकियां भरे कदम उठाने से बाज नहीं आ रहे हैं। भारत और चीन की 14 दौर की मीटिंग बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई है, चीन अपनी लद्दाख की सीमा पर, अरुणाचल प्रदेश में युद्ध के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए रोबोट को मैदानी इलाकों में तैनात कर चुका है। दूसरी तरफ पाकिस्तान अपने आतंकवादी गुर्गों को आई,एस,आई की मदद से भारत की सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश कराना चाहता है। सीमा पर पाकिस्तान तथा चीन के मंसूबे साफ नहीं दिखाई दे रहे हैं। यह दोनों देश हमेशा भारत को समय-समय पर चुनौती देने का काम करते रहे हैं। अब भारत के रिश्ते जापान, ऑस्ट्रेलिया,फ्रांस, इजरायल,ब्रिटेन और अमेरिका से काफी नजदीक तथा दोस्ताना हो चले हैं। अमेरिका को तालिबान से खदेड़ने के बाद पाकिस्तान चीन के सामने आर्थिक मदद के लिए शरणागत हो चुका है, हालांकि पाकिस्तान से तालिबानी अफगानिस्तान के संबंध पिछले कुछ दिनों से खराब चल रहे हैं,पर पाकिस्तान चीन की मदद से भारत के अंदरूनी मामले में दखल देने का प्रयास जरूर करेगा । उत्तर प्रदेश के आम चुनाव में भी पाकिस्तान दखल देने का प्रयास करेगा। अमेरिका इन सब बातों को लेकर भारत तथा अन्य देशों जो चीन के पड़ोसी राष्ट्र के लिए काफी चिंतित एवं नाराज होकर चीन को तिब्बत तथा अन्य मामलों में खरी-खोटी भी सुना चुका है। व्हाइट हाउस की विज्ञप्ति के अनुसार अमेरिका का मानना है कि क्षेत्र और दुनिया भर में चीन का व्यवहार वैश्विक शांति को अस्थिर करने वाला हो सकता है। अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने साझेदारों के साथ खड़ा रहना जारी रखेगा। अमेरिका की यह विज्ञप्ति प्रेस सचिव जेन साकी के माध्यम से विस्तारित की गई है कि लद्दाख में 20 महीने से चल रहे विवाद पर भारत और चीन के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सैन्य स्तर पर 14वें दौर की वार्ता विफल होने पर चीन आक्रामक रुख अपना सकता है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया भारत चीन सीमा पर अमेरिकी खुफिया एजेंसियां बारीकी से नजर रखे हुए हैं उन्होंने कहा कि हम भारत चीन सीमा पर विवादों का बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करना चाहते हैं। प्रवक्ता ने कहा यह बहुत स्पष्ट कि हम क्षेत्र और दुनिया भर में चीन के आक्रामक व्यवहार से चिंतित हैं जोकि वैश्विक शांति को अस्थिर करने वाला हो सकता है। चीन के प्रवक्ता ने लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश में सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के संबंध को बेहद सामान्य बताया और उन्होंने कहा की वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार है एवं दोनों पक्ष राजनीतिक एवं सैन्य माध्यमिक संवाद कर रहे हैं। हमें ऐसी उम्मीद है कि भारत चीन के साथ काम करेगा और सीमावर्ती क्षेत्रों में आपात प्रक्रिया को सामरिक प्रबंधन के नियंत्रण की ओर अग्रसर होगा।

उल्लेखनीय है कि तेरवें पर दौर की बैठक में भारत और चीन के मध्य एल,ए,सी में चुशूल में चीनी सैनिक हटाने की वार्ता आगे भी जारी रहेगी लद्दाख के कुछ प्रमुख क्षेत्रों में सैनिकों को पूर्वी चढ़ाने का लक्ष्य हासिल करने का मुद्दा प्रमुख रूप से चर्चा का विषय था। पेगांग झील के इलाके में 5 मई 2020 को भारत और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प होने के बाद पूर्वी लद्दाख सीमा में गतिरोध पैदा हुआ था। किंतु अभी भी चीन ने इस क्षेत्र में अपने 50000 सैनिकों की तैनाती कर रखी है साथ ही व युद्ध की तैयारी में जुट कर युद्ध करने में महारत हासिल रोबोट को मैदानी इलाकों में उतार चुका है। सैनिक विशेषज्ञों की माने तो पाकिस्तान और चीन अभी भी भारत के विरुद्ध खतरनाक साजिशों में लगा हुआ है। ऐसे में भारत को अपनी खुफिया एजेंसियों के माध्यम से इन पर कड़ी नजर रख अपनी सैन्य तैयारियों को पुख्ता कर लेने की आवश्यकता होगी। क्योंकि यदि युद्ध की स्थिति बनती है तो भारत को आत्मनिर्भर होकर अपनी रक्षा करनी होगी यह अलग मुद्दा है कि बाद में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस,इजरायल, रूस और जापान चीन के विरुद्ध भारत का साथ देने मैदान में उतर सकते हैं। कुल मिलाकर परिस्थितियां सामान्य नहीं दिखाई दे रही है। इसके लिए भारत को राजनीतिक तथा कूटनीतिक स्तर पर सैन्य तैयारियों के साथ मैदान में डट कर खड़ा रहना होगा। यह अलग मुद्दा है कि पाकिस्तान अभी बहुत बुरे हालातों में गुजर रहा है सरकार अस्थिर है और पाकिस्तानी सरकार की सेना से संबंध उतने अच्छे नहीं है, पाकिस्तानी सरकार भारत में उथल-पुथल कर अपनी जनता का ध्यान भारत में अस्थिरता पैदा कर अपनी ओर से हटाना चाहती है। यह भी संभव है कि पाकिस्तान सरकार का कभी भी तख्तापलट हो सकता है, इन परिस्थितियों में पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की किन्हीं भी परिस्थितियों में सक्षम नहीं है, पर चीन के इशारे पर वह कुछ भी करने को तैयार हो सकता है। चीन के इशारों पर काम करना और उसके आदेशों का पालन करना उसकी सबसे बड़ी आर्थिक मजबूरी है।

## महाराष्ट्र कर्नाटक का सीमा विवाद कैसे सुलझेगा

महाराष्ट्र और कर्नाटक सीमा विवाद इन दिनों चरम पर हैं। पिछले 66 वर्षों से 865 गांवों को महाराष्ट्र में शामिल होने की मांग हो रही है तो कर्नाटक सरकार इन गांवों को अपना हिस्सा मान रही है। पिछले दिनों महाराष्ट्र से कर्नाटक जाने वाली बसों और ट्रकों पर हमले की खबरें आईं, तो महाराष्ट्र ने कर्नाटक जाने वाली बसों पर रोक लगा दी।

यह विवाद और बढ़ा, जब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जत तहसील के प्रतिनिधिमंडल को म्हैसल सिंचाई योजना के विस्तार के लिए 2000 करोड़ रुपये आवंटित करने का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्नाटक सरकार में हलचल मच गई। पिछले 41 वर्षों से पानी को तरस रहे जत के लोगों को आनन फानन कर्नाटक सरकार ने पानी उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वरिष्ठ मंत्री चंद्रकांत पाटील और शंभूराजे देसाई की एक बॉर्डर कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाई, जो बेलगांव जाकर बातचीत करनेवाली थी। लेकिन कर्नाटक सरकार ने एक चिट्ठी लिखकर दोनों को आने से मना कर दिया। अब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक से भी कोई हल नहीं निकल रहा है। 1948 में बेलगांव नगरपालिका ने अनुरोध किया कि मुख्य रूप से मराठी भाषी आबादी वाले जिले को प्रस्तावित महाराष्ट्र राज्य में शामिल किया जाए। हालांकि, 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम ने बेलगांव और बॉम्बे राज्य के 10 तालुकों को तत्कालीन मैसूर राज्य का एक हिस्सा बना दिया। मौजूद विवाद उसी भाषा-वार क्षेत्रीयकरण की उपज है। बेलगांव में आज भी तीन चौथाई आबादी मराठीभाषी है। 1 मई 1960 को मुंबई के साथ संयुक्त महाराष्ट्र बना, तब भी 865 मराठी भाषी गांवों को महाराष्ट्र में शामिल नहीं किया गया।

1948 में मैसूर भारत का पहला राज्य बना। 1 नवंबर 1973 को मैसूर का नाम बदलकर कर्नाटक हो गया। उससे पहले 1956 में बीजापुर, धारवाड़, गुलबर्गा, बीदर के साथ बेलगांव जिले को तत्कालीन मैसूर राज्य में शामिल किया गया था। इससे भी पहले जब बेलगांव तत्कालीन बॉम्बे राज्य में था, तब केंद्र सरकार ने पाटस्कर सिद्धांत के अनुसार भाषाई बहुमत, भौगोलिक निकटता, गांवों का तत्व और लोगों की इच्छा के आधार पर सीमा मुद्दे का समाधान किया था। मगर आज भी बेलगांव को भाषिक बहुसंख्यकता के मुद्दे से बाहर रखने का आरोप लग रहा है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक सीमा विवाद में सबसे पहले भाई दाजीबा देसाई के नेतृत्व में बेलगांव में 'महाराष्ट्र एकीकरण समिति' की स्थापना हुई।

## संसद के प्रति कार्यपालिकाओं की जवाबदेही


सलिल सरोज

एक संसदीय लोकतंत्र में, संसद लोगों की इच्छा का प्रतीक है और इसलिए, सार्वजनिक नीति को लागू करने के तरीके की निगरानी करने में सक्षम होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सामाजिक-आर्थिक प्रगति के उद्देश्यों के अनुरूप है, प्रशासन और समग्र रूप से लोगों की आकांक्षाएं के लिए कुशल है। संक्षेप में, यह प्रशासन की संसदीय निगरानी का कारण है। संसद को प्रशासन के व्यवहार पर नजर रखनी होती है। यह कार्योत्तर पूछताछ और जांच कर सकता है कि क्या प्रशासन ने अनुमोदित नीतियों के तहत अपने दायित्वों के अनुरूप कार्य किया है और उसे प्रदत्त शक्तियों का उपयोग उन उद्देश्यों के लिए किया है जिनके लिए उनका इरादा था और क्या खर्च किया गया पैसा संसदीय मंजूरी के अनुसार था। यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी इस तथ्य से अवगत रहें कि वे अंततः संसदीय जांच के अधीन होंगे और वे जो करते हैं या करने में विफल होते हैं, उसके लिए जवाबदेह होंगे। लेकिन सार्थक जांच करने और प्रशासन को जवाबदेह बनाने में सक्षम होने के लिए, संसद के पास तकनीकी संसाधन और जानकारी होनी चाहिए। विभिन्न प्रक्रियात्मक उपकरण जैसे संसदीय समितियों की प्रणाली, प्रश्न, ध्यानाकर्षण, आधे घंटे की चर्चा, आदि प्रशासनिक कार्रवाई पर संसदीय निगरानी को प्रभावित करने के लिए बहुत शक्तिशाली साधन हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, बजट मांगों और सरकारी नीति या स्थितियों के विशेष पहलुओं पर चर्चा के द्वारा प्रशासन की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा, विशिष्ट मामलों पर तत्काल सार्वजनिक महत्व के मामलों, गैर-सरकारी सदस्यों के प्रस्तावों और अन्य मूल प्रस्तावों के माध्यम से चर्चा की जा सकती है। सदस्य अपनी बात रखने और यह कहने के लिए स्वतंत्र हैं कि देश के लिए क्या अच्छा है और मौजूदा नीतियों में क्या संशोधन आवश्यक हैं। सरकार संसदीय राय के प्रति संवेदनशील है; ज्यादातर मामलों में यह उस राय का अनुमान लगाता है; कुछ मामलों में यह उसके आगे झुक जाता है और कुछ अन्य में यह महसूस कर सकता है कि वह अपनी प्रतिबद्धताओं, दायित्वों और राजनीतिक दर्शन के अनुरूप कोई बदलाव नहीं कर सकता है। फिर भी, चर्चा के दौरान सदस्यों को प्रशासन के प्रदर्शन की आलोचना करने और सुझाव देने की पूर्ण स्वतंत्रता है कि किसी विशेष उपाय को कैसे किया जाना चाहिए या लागू किया जाना चाहिए। चर्चाएँ महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे संसदीय मनोदशा का संकेत देती हैं और प्रशासनिक तंत्र पर जनता की सोच के प्रभाव को लाती हैं जो अन्यथा सार्वजनिक भावनाओं और भावनाओं के प्रति अभेद्य या अभेद्य रह सकती हैं। संसदीय बहसों को प्रशासन को उसके कर्तव्यों और दायित्वों की याद दिलाने का काम करना चाहिए। संसदीय बहस प्रशासन की सोच और कार्रवाई को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करती है और वह सूक्ष्म प्रभाव, जिसे किसी भी दृश्य इकाइयों के संदर्भ में नहीं मापा जा सकता है, प्रशासन के सभी स्तरों - उच्च और निम्न में व्याप्त है। इस प्रकार इन संसदीय चर्चाओं में प्रशासनिक उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाता है और संसद द्वारा नीतियों को मंजूरी दिए जाने के बाद, प्रशासन को उन्हें सर्वोत्तम संभव तरीके से लागू करने की पूर्ण स्वतंत्रता होती है, लेकिन फिर भी यह सदन के पटल पर व्यक्त किए गए विभिन्न दृष्टिकोणों से भयभीत और निर्देशित होता है। सरकार के संसदीय रूप में, जैसे कि हमारी, संसद तीन प्रमुख कार्य करती है: कानून बनाना, लोगों का प्रतिनिधित्व करना और उनकी चिंताओं को स्पष्ट करना और कार्यकारी उत्तरदायित्व को सुरक्षित करना। कार्यपालिका का कार्य शासन करना है, संसद द्वारा बनाए गए कानूनों को लागू करना है।

एक देश को सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए, आर्थिक और सामाजिक प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए, और एक मजबूत और कुशल प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए कानूनों की आवश्यकता होती है। कार्यपालिका, अधिकांश भाग के लिए, कानून का प्रस्ताव करती है और अपने विधायी बहुमत के माध्यम से इसके पारित होने को सुनिश्चित करती है। पारित विधेयक लोक प्रशासन के लिए विधायी ढांचा प्रदान करते हैं। वित्त पर नियंत्रण, कर लगाने या संशोधित करने की शक्ति, आपूर्ति और अनुदानों का मतदान, और विभिन्न संसदीय उपकरणों के माध्यम से लोगों की शिकायतों को दूर करना संसद के अनन्य विशेषाधिकार हैं।

# 6 राशि के जातकों को विघ्न से होना पड़ेगा दो-चार



बुध को ज्योतिष में ग्रहों राजकुमार माना गया है, वहीं कुंडली में यह बुद्धि के कारक माने गए हैं। जबकि किसी भी जातक के विचार सहित उसकी बुद्धि कारक भी यही माने जाते हैं। ज्योतिष के अनुसार बुध शरीर में यह त्वचा के कारक माने गए हैं। इनका रंग हरा व रत्न पन्न है। इस दिन की कारक देव स्वयं प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी हैं।

राशिचक्र में कुल 12 राशियां मानी गई हैं। कुंडली में चंद्र की स्थिति पर ही हर जातक की राशि निर्भर करती है। यानि कुंडली के जिस स्थान पर चंद्र बैठा है वहीं आपकी राशि होती है। वहीं लगातार ग्रहों होने वाले परिवर्तन यानि ग्रहों की राशि पर पड़ने वाली दृष्टि का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है। लेकिन इनका प्रभाव ये जिन राशि के संपर्क में होते हैं उन्हीं के अनुसार फल देते हैं।

## मेष राशिफल

आज आपको अपने भविष्य से संबंधित कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है, जिसके कारण आप थोड़ा परेशान भी रहेंगे। मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तथा बुद्धि का विकास होगा। शरीर नयी ऊर्जा से भरा हुआ महसूस होगा तथा नित नए विचार मन में आएंगे। यदि आज आप अपनी संतान को कहीं बाहर पढ़ाई करने भेजना चाहते हैं, तो उसके लिए भी दिन उत्तम रहेगा, लेकिन आज आपको अपनी माता जी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा।

## वृषभ राशिफल

अच्छी खुशखबरी लेकर आएगा, लेकिन आज यदि आपने जरूरत से अधिक धन खर्च किया, तो वह आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है, लेकिन आप अपने बढ़ते हुए खर्चों के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे, इसलिए आपको उन पर लगाम लगानी होगी। कुल मिलाकर आज के दिन परिवार में तो सब ठीक रहेगा लेकिन आपके माता-पिता में से किसी एक का स्वास्थ्य खराब होने की आशंका हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य व भोजन का उचित ध्यान रखे। यदि उन्हें पहले से कोई बीमारी हैं तो सही समय पर उनके सभी टेस्ट इत्यादि करवा ले तथा डॉक्टर के संपर्क में रहे।संतान पक्ष की ओर से आज आपको कोई मन मुताबिक खुशखबरी मिलने से आप फूले नहीं समाएंगे, जिसके कारण आप सायंकाल के समय परिवार के सदस्यो के लिए किसी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।

## मिथुन राशिफल

आज का दिन आपके व्यावसाय मे कुछ परेशानियां लेकर आएगा, इसलिए आज आपको अपने व्यवसाय में निवेश करने से पहले उससे जुडी जानकारियों को अच्छे से समझना होगा, तभी निवेश करें अन्यथा आपको धन हानि वो सकती है। वहीं यदि यदि आपका विवाह हो चुका हैं तो आप अपने रिश्तों को लेकर संजीदा रहेंगे तथा आपका अपने साथी के प्रति विश्वास और बढ़ेगा। इस दौरान आपका अपने साथी को लेकर किसी से वाद-विवाद भी हो सकता हैं।

## कर्क राशिफल

आज का दिन आपके व्यावसाय मे कुछ परेशानियां लेकर आएगा, इसलिए आज आपको अपने व्यवसाय में निवेश करने से पहले उससे जुडी जानकारियों को अच्छे से समझना होगा, तभी निवेश करें अन्यथा आपको धन हानि वो सकती है। वहीं छात्रों का अपने पिता से किसी बात को लेकर वाद-विवाद हो सकता हैं तथा वे अपने भविष्य को लेकर कोई निर्णय ले सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपने लिए किसी नए विषय को चुनेंगे तथा वे इसमें पूरा मन लगाकर तैयारी भी शुरू कर देंगे।

## सिंह राशिफल

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से परेशानी भरा रहेगा। यदि आपको कोई पहले से कोई रोग है, तो उसमें आज बढ़ोतरी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती हैं। ऐसे में मन में बेचैनी का भाव भी रहेगा तथा क्या किया जाये और क्या नही, यही दुविधा रहेगी। यदि ऐसा हो, तो डॉक्टरी परामर्श अवश्य लें, जो लोग नई नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हें इसी में ही टिके रहना बेहतर होगा।

## कन्या राशिफल

आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। यदि आप व्यापारी है तो आज के दिन एक अच्छा समझौता हाथ में आ सकता है लेकिन आपके ध्यान ना दे पाने के कारण वह आपके हाथ से निकल जाएगा। वहीं यदि आज आपके परिवार में किसी परिवार के सदस्य के विवाह की बात चल सकती है, जिससे परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम पर भी चर्चा होगी। छोटे बच्चे आज मौज मस्ती करते नजर आएंगे।

## तुला राशिफल

आज का दिन आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ बिताएंगे, जिससे आपके पारिवारिक एकता भी बढेगी, वहीं कॉलेज में पढ़ रही छात्राओं का मन आज के दिन अपने घर के कामों में ज्यादा लगेगा तथा वे अपना ज्यादातर समय आत्म-सुधार में लगाएंगी। लेकिन यदि आज परिवार के किसी सदस्य को कोई स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या चल रही है, तो आज उसके कष्टों में वृद्धि हो सकती है, जिसके कारण आप परेशान भी रहेंगे। यदि ऐसा हो, तो डॉक्टरी परामर्श अवश्य लें।

## वृश्चिक राशिफल

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। निजी क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के मन में सरकारी काम करने की लालसा जागेगी तथा वे इसकी तैयारी करने का सोच सकते हैं। आज आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय खेलकूद में व्यतीत करेंगे, जिसकी वजह से आपके पुरानी यादें ताजा हो जायेगी। आज आप अपने भाई बहनों के साथ कुछ भविष्य की योजनाओं पर भी विचार विमर्श कर सकते हैं। उचित होगा कि कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले अपनों से बड़ों से अवश्य परामर्श ले।

## धनु राशिफल

आज के दिन आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। तभी घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा और आपका अपने भाई-बहनों के साथ संबंध और मजबूत होगा। आज आप यदि किसी बात को करेंगे, तो वह बात सुनकर आपका कोई मित्र आपसे नाराज हो सकता है, इसलिए आज यदि आप किसी से कोई बातचीत करें, तो उसमें वाणी पर नियंत्रण अवश्य रखें। वहीं यदि आपकी बहन शादी के लायक हो गयी हैं तो उसके रिश्ते की बात चल सकती हैं व रिश्ता भी पक्का हो सकता है।

## मकर राशिफल

आज का दिन आपके लिए मानसिक शांति प्रदान करने वाला रहेगा। जबकि सरकारी अधिकारी आज के दिन अपने काम को लेकर असंतुष्ट रहेंगे तथा उन्हें किसी बात को लेकर तनाव रहेगा। आज आप कुछ समय अकेले में व्यतीत करेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। ज्यादातर समय सामाजिक कार्यों में लगेगा। आज आपको संतान पक्ष की ओर से आपको आज कोई खुशखबरी मिल सकती है।

## कुंभ राशिफल

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा, जो विद्यार्थी में विदेश जाकर शिक्षा अर्जित करना चाहते हैं, उनके लिए आज दिन उत्तम रहेगा, जिसके कारण उनका यह सपना पूरा होगा। वहीं आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए खर्चीला होने वाला हैं। अनावश्यक खर्चें बढ़ जायेंगे जिससे वित्तीय नुकसान होने की आशंका हैं। आपकी बचत भी खत्म हो सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को अपने शत्रुओं से सावधान रहना होगा क्योंकि वह उनकी चुगली लगा सकते हैं व उनकी पदोन्नति व वेतन वृद्धि रुकवा सकते हैं।

## मीन राशिफल

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया हुआ था, तो आज वह आपको वापस मिल सकता है। लेकिन इसके साथ ही ध्यान रहे कि आज के दिन आपके परिवार के ऊपर मंगल भारी हैं व सदस्यों के बीच कई बातों को लेकर मन-मुटाव होने की आशंका हैं, अतः शांत बने रहें। ऐसे में किसी सदस्य के साथ आपकी तीखी नोकझोंक हो सकती हैं। व्यापार कर रहे लोगों को आज खुशखबरी मिल सकती है। जबकि नौकरी कर रहे जातकों के सुझावों का आज उनके कार्यक्षेत्र में स्वागत होगा, जिसे देखकर उनका मन प्रसन्न होगा।

# खुल जाएगा बुरी किस्मत का दरवाजा अगर इस दिन खरीदे जूते-चप्पल



**किस दिन खरीदें जूते-चप्पल-**

**वास्तु शास्त्र में हर व्यक्ति अपनी सुविधा के अनुसार जूते-चप्पल खरीदता है, लेकिन ये कई बार आपके लिए मुश्किलों का कारण बन सकता है।**
**ऐसे में आपको शुक्रवार के दिन ही जूता-चप्पल खरीदना चाहिए। दरअसल, ये दिल लक्ष्मी का दिन है और इस दिन जूते चप्पल खरीदना और इसे पहनना आपके लिए लकी हो सकता है।**

जूते चप्पल आपके भाग्य के साथ भी जुड़े रहते हैं। माना जाता है कि आपकी हर वस्तु अपने साथ कुछ अच्छी और बुरी चीजें लाती हैं। ऐसा ही कुछ जूते चप्पलों के साथ भी है। दरअसल, गलत दिन जूते चप्पल खरीदना आपके संबंधों और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इसके अलावा कई बार ये बैड लक लेकर आता है और आपके लिए मुश्किलों को कारण बन सकता है। इसके अलावा जूते चप्पल आपके लिए बुरी किस्मत का दरवाजा भी खोल सकते हैं। इसलिए आपको इन्हें खरीदने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए, जानते हैं जूता-चप्पल खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखें।

इन दिनों जूते-चप्पल खरीदने से बचें-
वास्तु शास्त्र के अनुसार मंगलवार और शनिवार को जूते-चप्पल खरीदना काफी कई बार दुर्भाग्य को बुलावा दे सकता है। इसलिए इन दो दिनों में जूते-चप्पल खरीदने से बचें। दरअसल, शनि का संबंध पैरों से माना जाता है जो कि आपकी चाल यानी लक को धीमा कर सकता है। इसके अलावा अमावस्या, ग्रहण वाले दिन जूते-चप्पल खरीदने से भी बचें।

साथ ही आप, जूते-चप्पलों के रंगों को लेकर भी सतर्क रहें और हर दिन इसे खरीदने से बचें। कोशिश करें कि शुक्रवार को ही ये काम करें और इसके दोषों से बचें।

# तिजोरी की गलत दिशा बिगाड़ सकती है आपकी फाइनेंशियल स्थिति



हर घर में एक जगह ऐसी होती है जिसका लोग काफी ध्यान रखते हैं। हम बात कर रहे हैं तिजोरी की जिसमें सभी अपनी कीमती चीजें रखते हैं। वास्तु में तिजोरी को लेकर भी दिशा निर्देश दिया गया है। अगर वास्तु के मुताबिक हम तिजोरी को रखें तो इसके कई लाभ सामने आते हैं। तो आइए वास्तु शास्त्र में आचार्य इंदु प्रकाश से जानते हैं तिजोरी रखने का सही नियम।

तिजोरी हमारे लिए बड़ी खास होती है तो इसे रखने की जगह भी खास और बड़ी सोच- समझकर तय करनी चाहिए। कई बार ऐसा होता है कि आप चाहें कितना ही पैसा कमा लें लेकिन फिर भी आपकी तिजोरी में बरकत नहीं होती। इस परेशानी से बचने के लिए तिजोरी को सही दिशा में रखना बहुत जरूरी है। तिजोरी को या तो दक्षिण दिशा की तरफ दीवार से सटाकर रखें, जिससे इसका मुंह उत्तर की ओर खुले या फिर पश्चिम दिशा में रखे जिससे यह पूर्व की ओर खुलेगी।


**शास्त्रों के अनुसार, उत्तर दिशा के स्वामी कुबेर और पूर्व दिशा में इंद्र देव का वर्चस्व माना जाता है।**

**इन दोनों दिशाओं में तिजोरी का मुंह खुलने से पैसों की बढ़ोतरी होगी और परिवार में भी खुशहाली का वातावरण बना रहेगा।**

**लेकिन ध्यान रहे कि तिजोरी का मुंह दक्षिण दिशा की तरफ कभी भी न हो, क्योंकि ये दिशा यम की दिशा है**

**और इस दिशा में तिजोरी का मुंह खुलना मतलब परेशानियों को बुलावा देना है।**

# स्वामी विवेकानंद से सीखें सहनशक्ति का महत्व



जब हमारे सामने हमारी ही बुराई होती है, उस समय हमारे धैर्य की परीक्षा होती है। अपनी बुराई सुनकर अधिकतर लोग गुस्सा हो जाते हैं, लड़ाई करने लगते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। आलोचना सुनकर उन बातों को सहन कर लेंगे तो कई परेशानियों से बच सकते हैं। ये बात स्वामी विवेकानंद के एक किस्से से समझ सकते हैं।

एक दिन रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद ट्रेन के फर्स्ट क्लास में बैठे हुए थे। उस समय में ट्रेन के फर्स्ट क्लास में सफर करना बहुत महंगा था। सामान्य लोग उस डिब्बे बैठ नहीं पाते थे। स्वामी जी का पहनावा भगवा यानी साधु वेश था। यात्रा के बीच में दो अंग्रेज उनके पास आकर बैठे। दोनों अंग्रेज ट्रेन के फर्स्ट क्लास में एक साधु को देखकर हैरान थे। उन्होंने सोचा कि साधु पढ़े-लिखे नहीं होते हैं, ये हमारी भाषा अंग्रेजी नहीं जानता होगा। दोनों अंग्रेज साधु को देखकर इंग्लिश में बुराई करने लगे। दोनों बाते कर रहे थे कि साधु धरती पर बोझ की तरह हैं। दूसरों के पैसों से ट्रेन के फर्स्ट क्लास में सफर करते हैं।

बहुत समय तक दोनों अंग्रेज स्वामी जी की बुराई किए जा रहे थे। स्वामी जी अंग्रेजी समझते थे और पूरी बातें भी समझ रहे थे, लेकिन उन्होंने अंग्रेजों की आलोचनाओं पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, चुपचाप रहे। कुछ समय बाद उस डिब्बे में टिकिट चेकर आया। जब वह स्वामी जी के पास पहुंचा तो उन्होंने उससे अंग्रेजी में बातें की। ये देखकर दोनों अंग्रेज और ज्यादा हैरान हो गए।

दोनों अंग्रेजों को अपनी गलती का अहसास हो गया। दोनों अंग्रेजों ने स्वामी जी से मॉफी मांगी और कहा कि आप अंग्रेजी जानते हैं और हम आपके सामने लगातार आपकी बुराई कर रहे थे, फिर भी आप चुप थे। आपने हमें जवाब क्यों नहीं दिया?

स्वामी जी बोले कि आप जैसे लोगों की आलोचनात्मक बातों की वजह से ही मेरी सहनशक्ति निखरती है। मैं किसी भी स्थिति में मेरा धैर्य नहीं छोड़ सकता। आपके विचार आपने प्रकट किए और मैंने उन बातों को सहन करने का निर्णय लिया। अगर मैं गुस्सा करता तो मेरा ही नुकसान होता। विवाद बढ़ता तो और भी ज्यादा दिक्कतें हो सकती थीं, इसलिए मैं चुप था।

**स्वामी जी की सीख**

**इस किस्से में स्वामी ने हमें सीख दी है कि हमारी सहनशक्ति और धैर्य की परीक्षा उस समय होती है, जब हमारे सामने कोई हमारी बुराई करता है। अगर हम उस स्थिति में शांत रहते हैं तो हम कई समस्याओं से बच सकते हैं।**

# भोजपुरी बाला के बोल्ड लुक ने मचाया तहलका

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की बोल्डनेस क्वीन नेहा मलिक के बोल्ड अवतार को देख किसी के भी दिसंबर की सर्दी में भी पसीने छूट जाएं. नेहा मलिक सोशल मीडिया पर अक्सर ही अपनी बोल्डनेस का जलवा दिखाती नजर आती हैं, हाल ही में उनकी कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. वायरल तस्वीरों में नेहा मलिक बेहद सेंसुअल नजर आ रही हैं.



नेहा मलिक सोशल मीडिया पर खूब पॉपुलर हैं, फिल्मों में अदाकारी से ज्यादा एक्ट्रेस के बोल्ड लुक के चर्चे ज्यादा होते हैं. नेहा मलिक अक्सर ही सोशल मीडिया पर अपना हॉट कर्वी फि ग र फ्लॉन्ट करती दिखाई देती हैं. नेहा मलिक वायरल तस्वीरों में सेंसुअस अंदाज के साथ अपने हुस्न का जलवा नेटीजन्स पर बिखेरती नजर आ रही हैं.

नेहा मलिक लेटेस्ट फोटोज में ब्लैक कलर की ब्रालेट टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहने स्टाइलिश अंदाज में दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस लेटेस्ट फोटोशूट में टेलीफोन को हाथ में लिए कैमरे के लिए पोज कर रही हैं. नेहा मलिक ने लेटेस्ट फोटोज में जमकर क्लीवेज फ्लॉन्ट की है. नेहा मलिक ने इन फोटोज के लिए डार्क मेकअप का इस्तेमाल नहीं किया है, सटल मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने लाइट पिंक शेड से अपने लुक को कंपलीट किया है. नेहा मलिक कभी काउच का सहारा लिए तो कभी जमीन पर लेटकर बोल्ड अंदाज दिखाती नजर आ रही हैं. नेहा मलिक के हुस्न का जलवा पूरे इंटरनेट पर फैला दिख रहा है. नेहा मलिक की फोटोज पर लोग खूब कमेंटबाजी कर रहे हैं. नेहा मलिक के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को कई म्यूजिक वीडियोज में देखा जा चुका है.

## तेजस्वी प्रकाश ने व्हाइट मिनी स्कर्ट में दिखा अब तक का सबसे ग्लैमरस अवतार

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ग्मैलर के मामले में काफी आगे निकल चुकी हैं. उनकी खूबसूरती पर उनके चाहने वाले फिदा रहते हैं. एक बार फिर की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं.

तेजस्वी प्रकाश छोटे पर्दे के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं. उनके इस प्रजेंस से उन्हें इंस्टाग्राम पर 6.4 मिलियन लोग फॉलो भी करते हैं. 29 साल की एक्ट्रेस की ग्लैमरस तस्वीरें भी इंटरनेट पर आए दिन वायरल होती रहती हैं. इसी बीच उनकी कुछ लेटेस्ट फोटोज भी सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रही है. दरअसल, सोमवार को तेजस्वी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कीं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं. तेजस्वी ने व्हाइट मिनी स्कर्ट में अपनी कुछ नई तस्वीरें क्लिक करवाई और उसे शेयर कर दिया, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आईं।




## पॉर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा, पूनम पांडे और शर्लिन चोपड़ा को राहत एससी से मिली अग्रिम जमानत




पॉर्नोग्राफी स्कैंडल मामले में एक बड़ा डेवलेपमेंट सामने आया है. अश्लीलता फैलाने के आरोप में घिरे राज कुंद्रा, पूनम पांडे, शर्लिन चोपड़ा और उमेश कामत को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है. सुप्रीम कोर्ट ने सभी आरोपियों को मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी है. अदालत ने आदेश दिया है कि सभी को जांच में पूरा सहयोग करना होगा. साथ ही जरूरत पड़ने पर जांच में शामिल भी होना होगा. बता दें कि कुछ हफ्ते पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज कुंद्रा की गिरफ्तारी से प्रोटेक्शन पाने की याचिका खारिज कर दी थी. अब सुप्रीम कोर्ट से मिली इस अग्रिम जमानत की शर्तें निचली अदालत तय करेगी.

# कमल हासन को लेकर रकुल प्रीत सिंह ने किया खुलासा

**बहुत कम अभिनेता** हैं जो जोश और समर्पण के मामले में कमल हासन को टक्कर दे सकते हैं. 68 की उम्र में भी वे पर्दे पर जबरदस्त एक्शन सीन करते हैं और दर्शक भी उनके अभिनय से हमेशा ही इंप्रेस होते हैं. इस साल उन्होंने विक्रम से तीन साल बाद कमबैक किया और आते ही धमाल मचाया. इसके बाद से ही उनके फैंस अभिनेता की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसी बीच हम आपको उनकी अपकमिंग मूवी के बारे में अपडेट दे रहे हैं.






हाल ही में कमल हासन के अगले प्रोजेक्ट इंडियन 2 को लेकर अभिनेत्री रकुल प्रीत ने एक अहम खुलासा किया है.

कमल हासन की 'इंडियन 2' की लंबे वक्त से चर्चा में हैं जिसी शूटिंग को कोई बार पोस्टपोन किया गया. हालांकि, अब इस पर तेजी से काम चल रहा है और अभिनेता शूटिंग में बिजी हैं. इस फिल्म में उनके साथ रकुल प्रीत भी अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं.

इंडियन 2 के सेट पर 68 साल की उम्र में भी कमल हासन रोल टाइम से कम से कम 5 घंटे पहले सेट पर पहुंच जाते हैं. इसकी वजह प्रोस्थेटिक्स के कारण तैयारी में लगने वाला समय है जिसका रकुल प्रीत ने खुलासा किया है.

हाल ही में रकुल प्रीत ने बताया कि इंडियन 2 में उनका भी प्रोस्थेटिक्स है. वे कहती हैं, 'मुझे आपको हिंदुस्तानी की तरह बताना होगा, इस फिल्म में भी उनका प्रोस्थेटिक्स है.'

रकुल प्रीत सिंह ने आगे बताया कि अभिनेता भारतीय सिनेमा का एक बड़ा हिस्सा रहे हैं और कोई भी उनसे बेहतर लैंडस्केप नहीं जानता. वे कहती हैं कि 'Prosthetic makeup को रिमूव यानी हटाने में दो घंटे लगते हैं और चेन्नई में बहुत गर्मी है लेकिन उन्हें परवाह नहीं है. मुझे लगता है कि यह एक अलग पीढ़ी है. मुझे लगता है कि 100 साल में वो 60 से ज्यादा साल सिनेमा का हिस्सा रहे हैं. जब से वेअस्तित्व में हैं, वे 75 प्रतिशत से अधिक वे सिनेमा का हिस्सा रहे हैं. सिनेमा को उनसे बेहतर कोई नहीं जानता.'

बता दें कि इस फिल्म में कमल हासन एक 90 साल के बुजुर्ग का किरदार निभा रहे हैं. प्रोस्थेटिक मेकअप में चार से पांच घंटे लगते हैं. वे सुबह 5 बजे पहुंच जाते हैं ताकि वह 10 बजे तक सेट पर पहुंच सकें.

इंडियन 2 में प्रिया भवानी शंकर और काजल अग्रवाल भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगी.

# शिकायत दर्ज होने के बाद भड़कीं उर्फी जावेद, वीडियो शेयर कर बोलीं- इसे बतौर सबूत कोर्ट में पेश करना

सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद आए दिन किसी न किसी बात को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वहीं, अब ऐसा लग रहा है कि उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अपने अतरंगी फैशन सेंस को लेकर चर्चा में रहने वाली उर्फी के लिए उनके कपड़े ही परेशानी का सबब बन गए हैं। उर्फी के खिलाफ एक वकील ने सार्वजनिक जगहों और सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही कहा गया है कि वह अश्लील हरकतें भी करती हैं, जिसके बाद उर्फी ने शिकायत करने वाले पर पलटवार कर एक पोस्ट साझा किया है।



उर्फी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी साझा कर वकील पर निशाना साधा है। उर्फी ने लिखा, 'मुझे नहीं पता कि मेरे खिलाफ और कितनी पुलिस कंप्लेंट फाइल होंगी। मेरे लिए ये शॉकिंग है कि लोगों को मुझसे दिक्कत है, उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता मुझे रेप और जान से मारने की धमकी मिलती हैं। आपको मुझसे दिक्कत है लेकिन रेप और मर्डर करने वालों से नहीं।'

इसके अलावा उर्फी ने अलगी स्टोरी में अपना एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें वह किसी रेस्टोरेंट में नजर आ रही हैं। ऑरेंज कलर की ड्रेस में उर्फी वॉक कर रही हैं और उन्होंने इसके साथ 'तुझको मिर्ची लगी तो मैं क्या करूं' गाना लगाया है। इसके साथ उर्फी ने लिखा, 'ये मैं एक रेस्टोरेंट में हूं जहां मैं अच्छी दिख रही हूं। इस वीडियो को कोर्ट में बतौर सबूत पेश किया जाए। ये मेरी रिक्वेस्ट है।'

बता दें कि उर्फी जावेद के खिलाफ शिकायत मुंबई के अंधेरी स्टेशन में दर्ज कराई गई है। वकील अली काशिफ खान देशमुख द्वारा 9 दिसंबर को लिखित में शिकायत पुलिस को दी गई है। इसके बाद 11 दिसंबर को पुलिस ने शिकायत दर्ज की। हालांकि ये पहली बार नहीं है, इससे पहले भी दिल्ली में एक शख्स ने उर्फी के खिलाफ अश्लीलता फैलाने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई थी।

# ऊप्स मोमेंट का शिकार होते-होते बचीं विद्या बालन

## एक्ट्रेस ने बड़ी समझदारी से संभाली स्थिति



अभिनेत्री विद्या बालन हाल ही में एक इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान उनके पति प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय भी साथ में नजर आए, लेकिन इसी बीच अभिनेत्री ऊप्स मोमेंट का शिकार होते-होते बचीं। इवेंट से उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें गलती से अभिनेत्री का पल्लू अचानक खिंच जाता है लेकिन वह समय रहते बहुत ही समझदारी से इसे संभाल लेती हैं।

जानकारी के मुताबिक अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा और सनी कपूर की कॉकटेल पार्टी में पहुंची थीं (जो आज शादी के बंधन में बंध गए)। इस दौरान अभिनेत्री हमेशा की तरह साड़ी में पहुंची थीं। साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही इवेंट में विद्या रेड कार्पेट की तरफ बढ़ती हैं, तो गलती से उनका पल्लू खिंच जाता है। एक्ट्रेस तुरंत उसे संभालते हुए पीछे तरफ से घूमकर ठीक कर लेती हैं। हालांकि इस दौरान विद्या बेहद डरी हुई नजर आईं जो स्वाभाविक था।

### यूजर्स दे रहे ऐसी प्रतिक्रिया

वायरल वीडियो साझा किया गया है, जिसके बाद यूजर्स विद्या बालन को लेकर इस पर अलग-अलग तरीके से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री ने जिस तरह से सिचुएशन को हैंडल किया उसके लिए कई लोग उनकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कुछ ने विद्या बालन की फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लेकर भद्दे कमेंट्स भी किए।

# वाणी कपूर ने लेटकर खिंचवा ली तस्वीरें, मच गया हाहाकार, दिखे हुस्न के हसीन रंग



**वहीं मॉर्डन या स्टाइलिश आउटफिट में ही नहीं बल्कि वाणी इंडियन लुक में भी कमाल लगती है**

वाणी कपूर बॉलीवुड की बोल्ड एक्ट्रेस में से एक हैं और अब हसीना की बोल्डनेस हर हद पार करती जा रही हैं. वाणी कपूर की लेटेस्ट तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर हाहाकार मचा रही हैं. वाणी कपूर के हॉट अंदाज के बारे में हम क्या कहें. हसीना की एक एक अदा कातिलाना है लेकिन वाणी है कि हुस्न की बिजलियां गिराती ही जा रही हैं. ना वो थमने का नाम ले रही हैं और ना उनका कहर कम हो रहा है.

एक बार फिर वाणी ने लेटेस्ट फोटोशूट कराकर उड़ा दिया है दिन का चैन और रातों की नींद. वाणी कपूर पिंक कलर के थाई स्लीट आउटफिट को पहनकर खुदा की कयामत लग रही हैं. लेटकर पोज देती वाणी की अदाओं पर हर कोई दिल लुटाता दिख रहा है. सोशल मीडिया पर वाणी कपूर की ये ताजा तस्वीरें अब छा गई हैं. कोई उन्हें हॉट बता रहा है तो कोई वाणी को एकटक निहारता ही रह जाता है. वैसे ये कोई पहली दफा नहीं है जब वाणी ने ऐसा बोल्ड अवतार दिखाया हो बल्कि वो अक्सर सोशल मीडिया पर इस अंदाज को लेकर छाई रहती हैं. वाणी कोई मौका हाथ से जाने नहीं देती अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करने के लिए. फिर चाहे जिम लुक में फोटो शेयर करनी हो या फिर सिर से पांल तक टिप टॉप बनकर स्टाइलिश आउटफिट कैरी करना होगा. वाणी का हर अंदाज उनके फैंस को खूब भाता है.

वहीं मॉर्डन या स्टाइलिश आउटफिट में ही नहीं बल्कि वाणी इंडियन लुक में भी कमाल लगती हैं. कभी साड़ी में तो कभी लहंगे में नजर आने वाली वाणी का भी जवाब नहीं. उनकी हर हदा दिल चुराने के लिए काफी है और हुस्न के तो हैं ही लाखों रंग.






# सर्दियों के मौसम में गर्म कपड़ों को नए जैसे रखने के आसान उपाय

**कुछ सरल** युक्तियों से अपने ऊनी कपड़ों का ख़्याल रख सकते हैं, ताकि वे आने वाले कई सीज़न तक नए जैसे बने रहें। सर्दियां आते ही गर्म कपड़े बाहर निकलने लगते हैं। वैसे तो ऊनी कपड़ों को धोने का तरीक़ा सामान्य कपड़ों से अलग होता है, जो इन्हें नए जैसा रखता है। पर कुछ और भी तरीक़े हैं जो इन कपड़ों की देखभाल के लिए आज़माए जा सकते हैं, ताकि इनकी गर्माहट और चमक दोनों बरकरार रहे।



### इस्त्री करने से बचें...

सामान्य कपड़ों पर इस्त्री करना आम है लेकिन ऊनी कपड़ों पर इस्त्री करना उन्हें नुक़सान पहुंचा सकता है। ऊन एक नाज़ुक चीज़ है और गर्मी के संपर्क में आने पर जल सकती है। इसलिए कोशिश करें कि सीधे ऊनी कपड़ों पर आयरन करने के बजाय उन पर सूती दुपट्टा या अख़बार बिछाकर इस्त्री करें।

### उपयोग के बाद ब्रश करें...

ऊनी कपड़ों में डलनेस का सबसे आम कारण धूल है। ये धूल को आकर्षित करते हैं। इसलिए, ऊनी कपड़ों को हर बार इस्तेमाल करने के बाद गारमेंट ब्रश से लंबाई में ब्रश करने की आदत बना लें। इससे इनमें धूल जमा नहीं होगी और नयापन बना रहेगा।

### मशीन में न धोएं...

गर्म कपड़ों पर यदि दाग़ लग जाए तो इन्हें मशीन में न धोएं। इससे ये ढीले हो जाते हैं और इनकी चमक चली जाती है। ऐसे में दाग़ वाले स्थान पर सौम्य डिटर्जेंट डालकर हल्के हाथ से साफ़ करें फिर सादे पानी से उस जगह को धो लें। इस तरह से दाग़ भी निकल जाएगा और कपड़ा भी ख़राब नहीं होगा।

### कीड़ों से बचाएं...

नीम एक प्राकृतिक कीट विकर्षक है और आपके ऊनी कपड़ों को कीड़ों से मुक्त रखने में मदद करता है। ऊनी कपड़ों को कीड़ों से सुरक्षित रखने के लिए सूखी नीम की पत्तियों को अलमारी के तले में फैला सकते हैं। इन्हें कपड़ों के बीच में भी रख सकते हैं। यदि नीम की पत्तियां नहीं मिल रही हों तो आप नीम का तेल भी इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉटन बॉल पर नीम के तेल की कुछ बूंदें डालकर भी अलमारी में रख सकते हैं।

### धोकर ही सहेजें...

ऊनी कपड़ों को अगले सीज़न के लिए रखने से पहले हमेशा अच्छी तरह से धोकर रखें। अगर वे हल्के से भी गंदे हैं, तो उन पर फफूंद लग सकती है।

इसके अलावा धोकर रखने से पहले ये सुनिश्चित कर लें कि वे धूप में पूरी तरह से सूखें हों, ताकि गीलेपन के कारण उनमें फफूंद व कीड़े न हों।

कपड़ों को ऐसे बक्से या सूटकेस में रखें, जिसमें हवा न जा सके। हवा लगने के कारण भी कपड़े में कीड़े लग सकते हैं।

# ज़िंदगी के बड़े फ़ैसलों में शामिल है जीवनसाथी का चुनाव

**जीवनसाथी** का चुनाव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण फ़ैसला होता है। आजकल लड़के-लड़की का एक-दूसरे को समझने के लिए मिलना-जुलना आम बात हो गई है, ताकि वे एक-दूसरे की कमियों और अच्छाइयों को जान पाएं। इसलिए जब आप मुलाक़ात करते हैं तो चंद इन महत्वपूर्ण संकेतों से व्यक्ति के व्यवहार के बारे में समझ सकते हैं। पर अगर आप ध्यान देंगे तो उसके व्यक्तित्व को बख़ूबी जान सकेंगे। आइए जानते हैं इन सामान्य लेकिन बेहद ज़रूरी बातों के बारे में।



### बातों की गंभीरता समझना

क्या कभी आपने इस बात पर ग़ौर किया है कि जब आप अपने होने वाले पति/पत्नी से बातें करते हैं या उन्हें अपनी कोई निजी बात बताते हैं तो क्या वे पूरे ध्यान और गंभीरता से उसे सुनते हैं? अगर हां तो ये आपके रिश्ते के लिए अच्छा है। पर यदि आपका भावी साथी आपकी बातों के दौरान फोन चला रहा है या अपने ही किसी काम में व्यस्त है और आपकी बात पर ख़ास ध्यान नहीं दे रहा है तो आपको थोड़ा संभल जाना चाहिए। यदि एक-दो बार ऐसा हुआ है तो वाक़ई उन्हें ज़रूरी काम हो सकता है, लेकिन हमेशा ही इस तरह का रवैया रखता/रखती है तो आपको भविष्य का निर्णय थोड़ा सोच-समझकर लेने की ज़रूरत है।

### मुश्किल वक़्त में साथ देना

एक अच्छा जीवनसाथी वही बन सकता है जो साथी की समस्याओं और तकलीफ़ों को समझे। सिर्फ़ शौक़ या रुचियों का मेल खाना ही रिश्ते में साथ आने के लिए काफ़ी नहीं है। पर यदि कॅरियर को लेकर बाहर जाने या माता-पिता की सेवा करने के लिए घर पर ही रुकने का निर्णय आपका साथी ले रहा है और आप उसे समझ रही/रहे हैं तो यह दोनों के रिश्ते के लिए बहुत अच्छा है। जो चीजें. आपके लिए मायने रखती हैं वे उनके लिए भी मायने रखें, और यदि ऐसा है तो यह आप दोनों के बीच अच्छा तालमेल बैठने का संकेत है।

### खुलकर बात करना

एक मज़बूत रिश्ते के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है एक-दूसरे को समझना। और आप तभी एक-दूसरे को अच्छी तरह से समझ पाएंगे जब खुलकर बात करेंगे। आपका साथी किन बातों पर नाराज़ होता है, उसकी सोच क्या है, क्या आप दोनों खुलकर बातें कर पाते हैं? अगर आपको कुछ भी कहने से पहले सोचना पड़ता है या सामने वाले के मूड को देखना पड़ता है तो ये ठीक नहीं है। अगर किसी बात को कहने से पहले इतना सोचना पड़े तो भविष्य में मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। हां, हर समय सभी का मूड एक-सा नहीं रहता इसलिए कभी-कभार मूड देखकर बात करना ठीक है। लेकिन हमेशा ही ऐसा हो तो वक़्त रहते संभलने में ही भलाई है।

### एक-दूसरे का सम्मान करना

किसी भी रिश्ते में एक-दूसरे का सम्मान करना बेहद ज़रूरी है। ये रिश्ते को मज़बूत तो बनाता ही है साथ ही उसकी गरिमा भी बनाए रखता है। यदि आपका साथी आपका सम्मान करता है या आपकी कही बात का मान रखता है तो ये भविष्य के लिए अच्छा इशारा है। लेकिन वहीं यदि आपको हमेशा अपने सम्मान की लड़ाई लड़नी पड़ती है या अपनी बात को मनवाने के लिए बहुत जतन करने पड़ते हैं तो ऐसे में रिश्ते में आगे बढ़ने से पहले रुककर थोड़ा सोचने की ज़रूरत है। हमेशा ये समझें कि इज़्ज़त मांगी नहीं जाती, वो सामने वाले के मन में होती है। इसलिए कभी भी सम्मान से समझौता न करें। ये बात दोनों पक्षों पर लागू होती है।

### पसंद को समझना ज़रूरी है

ये ज़रूरी नहीं कि दो लोगों की पसंद एक हो या शौक़ मिलते हों। किसी को गेम्स पसंद है, किसी को मूवी, कोई किताबों का शौक़ीन है तो किसी की पसंद अध्यात्म या राजनीति है, इसमें यह ज़रूरी नहीं कि आपके साथी को या आपको भी वही पसंद हो। पर आपका साथी आपकी पसंद को महत्व देता है तो आप दोनों में किसी प्रकार के वैचारिक मतभेद नहीं होंगे।

इस बात को हमेशा ज़ेहन में रखें कि सभी की प्राथमिकताएं, पसंद, शौक़ अलग हो सकते हैं और इसी बात को समझकर चलें तो रिश्ते में आने वाली कई मुश्किलों को आसानी से हल किया जा सकता है।

इस तरह बहुत-सी कई और बातों का भी अंदाजा लगाया जा सकता है। जैसे कि कुछ बदलाव जो आपके रिश्ते के लिए ज़रूरी हैं क्या वो संभव होते हैं? या फिर आप कितना बदल सकते हैं जिससे आप अपने रिश्तों में आने वाली चुनौतियों को भी जान सकें और अपने जीवनसाथी चुनने के निर्णय पर भी अंतिम मोहर लगाकर संतुष्ट हो सकें। इन पर ज़रूर ध्यान दें।

# कार्बोहाइड्रेट्स इंटेक कम करने के लिए खाने-पीने की इन चीजों से बनाएं दूरी

**ऐसा माना जाता है** कि हमें अपनी डाइट में कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा को कम रखना चाहिए. कुछ खास डाइट को फॉलो करने वाले लोग तो इसे पूरी तरह से नजरअंदाज करते हैं. कार्बोहाइड्रेट्स भी हमारे डाइट का मुख्य हिस्सा है. कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट्स को साबुत और अनप्रोसेस्ड प्लांट फूड्स से प्राप्त किया जाता है, जो न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं. कुछ मामलों में कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा को डाइट में कम करने से हेल्थ बेनिफिट्स होते हैं. यह सिंपल कार्बोहाइड्रेट्स में मामले में पूरी तरह से सच है, जिन्हें प्रोसेस्ड फूड्स से प्राप्त किया जाता है. स्टडीज के मुताबिक लो कार्ब डाइट से वजन कम करने और अन्य कई समस्याओं को कंट्रोल करने में मदद मिलती है. जानें अपनी डाइट में कार्बोहाइड्रेट इंटेक को कम करने के कौन से हैं आसान तरीके?



कार्बोहाइड्रेट इंटेक को कम करने तरीके कौन से हैं?

लो- कार्ब डाइट का इस्तेमाल आमतौर पर वजन कम करने के लिए किया जाता है. कुछ लो कार्ब डाइट्स के वजन कम करने के साथ अन्य कई लाभ भी हैं जैसे टाइप 2 डायबिटीज और मेटाबोलिक सिंड्रोम के जोखिम को कम करना आदि. कार्बोहाइड्रेट इंटेक को कम करने तरीके इस प्रकार हैं:

शुगर ड्रिंक्स को कम लें: अधिकतर शुगर (चाहे वो फ्रुक्टोज, लैक्टोज, सुक्रोज या ग्लूकोज हो) को सिंपल काबोहाइड्रेट माना जाता है. इनसे एनर्जी मिलती है. लेकिन कई समस्याओं की संभावना भी बढ़ जाती है. ऐसे में शुगर ड्रिंक्स जैसे सोडा, एनर्जी ड्रिंक्स आदि को कम मात्रा में लें.

रिफाइंड अनाज न लें: साबुत अनाज में न्यूट्रिएंट्स होते हैं. इसलिए रिफाइंड अनाज की जगह होल ग्रेन को प्राथमिकता दें.

फ्रूट जूसः फ्रूट जूस में विटामिन और मिनरल्स होते हैं. लेकिन, यह जूस सिंपल कार्ब्स से भरपूर होते हैं. अगर आप अपने आहार में कार्बोहाइड्रेट इंटेक को कम करना कहते हैं ,तो फ्रूट जूस को लेने से बचें. लो कार्ब स्नैक्स चुनें: लो कार्ब स्नैक्स जैसे नट्स और चीज में प्रोटीन और हेल्दी फैट कंटेंट अधिक होते है जिससे पेट ज्यादा समय तक भरा रहता है. ऐसे ही कुछ पैक्ड ब्रेकफास्ट फूड्स में सिंपल कार्ब्स होते हैं, इसलिए नाश्ते में ऐसे फूड्स को चुनें, जिनमें प्रोटीन अधिक हो और कार्ब्स कम हो जैसे अंडे. इससे भी आपको लम्बे समय तक भूख नहीं लगेगी.

# नए साल से पहले बालों को नेचुरली करें काला, फिटकरी का ये नुस्खा आएगा काम

**सफेद बालों को** काला करने के लिए कई तरीके आजमाए जाते हैं. अगर आप सफेद बालों से परेशान हैं तो फिटकरी में तेल में मिलाकर लगाने से इस दिक्कत से छुटकारा मिल सकता है. इससे कई और फायदे भी होते हैं. आजकल उम्र से पहले ही बाल सफेद होने लगे हैं. ये कमजोरी, खान-पान और प्रदूषण की वजह से हुआ है. सफेद बालों की वजह से लोग उम्र से पहले ही बूढ़े लगने लगते हैं. बालों की परेशानी को दूर करने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल पुराने समय से चलता आ रहा है. फिटकरी को नारियल तेल के साथ लगाने से बाल काले हो सकते हैं. फिटकरी और नारियल तेल में मौजूद न्यूट्रिएंट्स बालों को नेचुरली काला कर देते हैं.

### ऐसे करें काले बाल

बालों को काला करने के लिए पहले नारियल तेल को गर्म कर लें. अब फिटकरी को पीसकर इस तेल में मिला दें. इस मिक्सचर को हल्का ठंडा होने दें, फिर बालों में लगा लें. इससे बाल धीरे-धीरे नेचुरली काले हो जाएंगे. फिटकरी और नारियल तेल लगाने के कई फायदे हैं.

फिटकरी को नारियल तेल के साथ मिलाकर



लगाने से बाल काले हो जाते हैं. ये दोनों मिलकर कोलेजन को बढ़ाने का काम करते हैं और बालों को काला करने में मदद करते हैं. फटकीर को नारियल तेल के साथ मिलाकर लगाने से लंबे वक्त के लिए बाल काले हो जाते हैं.

### जूं से छुटकारा

फिटकरी और नारियल का तेल मिलाकर लगाने से जूं की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है. इनमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल गुण जूं पड़ने से रोकते हैं. ये जूं को मारने का काम भी करते हैं.

### डैंड्रफ होगा दूर

फिटकरी और नारियल तेल को मिलाकर लगाने से डैंड्रफ की परेशानी भी दूर हो जाती है. इन दोनों में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण मौजूद होते हैं, जो डैंड्रफ की परेशानी को दूर करते हैं. ठंडों के दिनों में बालों में नारियल तेल और फिटकरी मिलाकर लगाने से डैंड्रफ की परेशानी से बच सकते हैं.

### बालों का झड़ना बंद

फिटकरी और नारियल का तेल मिलाकर लगाने से बालों का झड़ना बंद हो जाता है. फिटकरी और नारियल तेल बालों को मजबूत बनाता है और नए बालों को उगने में मदद करता है. ये तेल लगाने से आपके बाल घने और मजबूत बन जाएंगे।

# ठंडियों की रात में आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे नहीं होगी झाइयों और ड्राइ फेस की समस्या



ंडियों का समय आ गया है. ऐसे में अब चेहरे के रूखेपन और झाइयों की समस्या बढ़ने लगेगी. ऐसे में हम 5 घरेलू नुस्खों के बारे में बता रहे हैं, जिससे आप इन समस्याओं से बचे रह सकते हैं. यहां हम ऐसे कुछ उपायों के बारे में बता रहे हैं, जिनका रुटीन में उपयोग करने से आपको अपने चेहरे पर खासा असर दिखेगा. सबसे खास बात ये कि इसके लिए सारा सामान आपके घर में ही मौजूद है.

* चेहरे से झाइयां दूर करने के लिए बादाम के तेल और विटामिन ई कैप्सूल को एक एक कटोरी में मिला लें. इसे चेहरे पर लगाकर रातभर रखे. सुबह चेहरे को धो लें. ऐसा सप्ताह में 2 से 3 दिन करें.





* झाइयां की समस्या से लड़ने के लिए आप खीरे का भी उपयोग कर सकते हैं. आपको बस चेहरे पर खीरे का रस लगाना है और कुछ देर बाद धो लेना है. कुछ दिनों में आपको असर नजर आएगा.

* आपके लिए आलू भी काफी असरदार हो सकता है. पहले आलू घिसकर उसे निचोड लें और झाइयों पर लगाएं. 10 से 15 मिनट रखने के बाद चेहरा साफ कर लें. एक हफ्ते में असर दिखने लगेगा.



* पपीता भी झाइयों और ड्राइ स्किन के खिलाफ अच्छा काम करता है. बस आपको पपीते का गूदा लेकर चेहरे पर लगाना है और हल्का मसाज करना है. आप देखेंगे की आपको काफी आराम हो रहा है.

सबसे जरूरी और खास बात ये की आप ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं. इससे स्किन पर्याप्त हाइड्रेशन रहेगा और आपको चेहरे के साथ पेट की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा.

# शादी से पहले जरूर करा लें ये मेडिकल टेस्ट पार्टनर के सामने नहीं झेलनी पड़ेगी शर्मिंदगी

शादी के बाद अगर आप अपनी जिंदगी में खुशियां चाहते हैं तो शादी से पहले यहां बताए जा रहे मेडिकल टेस्ट जरूर करा लें. वरना शादी के बाद अस्पतालों के बिल भरने में जिंदगी निकल जाएगी. भारतीय परिवारों में शादी की परंपरा को बेहद पवित्र माना जाता है. हर कोई चाहता है कि उसका वैवाहिक जीवन बहुत सुख में गुजरे. अगर आप भी शादी की तैयारी में हैं तो यहां बताए जा रहे मेडिकल टेस्ट जरूर कराएं. इससे शादी के बाद किसी तरह की मेडिकल दिक्कत आने की संभवना कम हो जाएगी और आप अपने बच्चों को अनुवांशिक बीमारियों से भी बचा सकते हैं.



### शादी से पहले रखें इन बातों का ध्यान

### फर्टिलिटी टेस्ट

जिस तरह लोग शादी से पहले लड़के-लड़की की कुंडली मिलाते हैं और उनकी पढ़ाई-लिखाई की जांच करते हैं. इसी तरह से उनका मेडिकल टेस्ट भी जरूर करा लेना चाहिए. फर्टिलिटी टेस्ट कराने से पता होता है कि कपल में से किसी व्यक्ति को भविष्य में बच्चा पैदा करने में कोई दिक्कत नहीं आएगी. अगर कोई दिक्कत है तो उसका इलाज कराया जा सकता है.

### जेनेटिक मेडिकल हिस्ट्री

मौजूदा दौर में डायबिटीज या दिल की बीमारियां एकदम आम हो गई हैं. इसलिए अगर कपल को एक दूसरे की फैमिली मेडिकल हिस्ट्री पता हो तो अच्छा होता है और भविष्य में इन बीमारियों का इलाज कराया जा सकता है.

### थैलेसीमिया टेस्ट

कपल को शादी से पहले थेलेसीमिया का टेस्ट जरूर कराना चाहिए क्योंकि यह बच्चों में जन्म दोष पैदा करता है. इसलिए कपल्स को शादी से पहले इसका टेस्ट जरूर कराना चाहिए.

### मानसिक स्वास्थ्य


शादी से पहले कपल्स का मेंटल हेल्थ स्टेटस पता कर लेना चाहिए कि उसे कोई मानसिक बीमारी तो नहीं है. इससे आगे के लिए वैवाहिक जीवन में को दिक्कत नहीं आती हैं.

### एचआईवी और एसटीडी टेस्ट

यह सबसे जरूरी टेस्ट है किसी भी शख्स को शादी से पहले HIV और STD टेस्ट जरूर करा लेना चाहिए. यह सुरक्षित यौन संबंध के लिए बेहद जरूरी है. अगर आप शादी की तैयारी कर रहे हैं तो सीरोलॉजी स्क्रीनिंग जरूर करा लें.

### ये टेस्ट भी हैं जरूरी

ऊपर बताए गए जांचों के अलावा ब्लड ग्रुप टेस्ट, जीनोटाइप टेस्ट और पेल्विक अल्ट्रासाउंड टेस्ट जरूर करा लेना चाहिए. पेल्विक अल्ट्रासाउंड टेस्ट एक जरूरी टेस्ट है जिससे गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय और फैलोपियन ट्यूब की स्थिति पता चलती है।



# ऑनलाइन एजुकेशन कंपनी प्लूरलसाइट ने 400 कर्मचारियों को निकाला

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। डेवलपर्स और आईटी पेशेवरों के लिए ऑनलाइन शिक्षा मुहैया कराने वाली कंपनी प्लूरलसाइट जिसकी वैल्यू हाल ही में 1 बिलियन डॉलर से अधिक थी, ने अपने वैश्विक कार्यबल के 20 प्रतिशत यानी लगभग 400 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। कंपनी के सीईओ आरोन स्कोनार्ड ने कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा कि वह इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं और इस फैसले की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने लिखा, आप सभी उस चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल के बारे में जानते हैं जिसमें हम काम कर रहे हैं। इसने हमारे व्यापार प्रदर्शन को प्रभावित किया है। उन्होंने सोमवार देर रात कहा- दुर्भाग्य से, इन चुनौतियों में चौथी तिमाही में तेजी आई है और इसके परिणामस्वरूप, आज हम अपनी टीम के आकार को पुनर्गठित करते हुए इसे कम कर रहे हैं। इससे हमारी टीम के लगभग 20 प्रतिशत सदस्य प्रभावित हो रहे हैं। यूएस एसईसी दस्तावेजों के अनुसार, 2004 में स्थापित, प्लूरलसाइट को 2019 में $163.5 मिलियन और 2020 में $164 मिलियन का शुद्ध घाटा हुआ था। सीईओ ने कहा कि प्रभावित होने वालों को इस बारे में इस सप्ताह के अंत में ऑल-हैंड मीटिंग्स के दौरान एग्जीक्यूटिव्स और अधिक जानकारी देंगे। उन्होंने कहा, आप में से कई लोगों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा इसका मुझे खेद है, हमने आपको मुश्किल समय में निराश किया है। प्लूरलसाइट एक ऑनलाइन शिक्षा कंपनी है जो अपनी वेबसाइट के माध्यम से सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, आईटी प्रशासकों और रचनात्मक पेशेवरों के लिए विभिन्न प्रकार के वीडियो प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उपलब्ध करती है।

| स्थान | 22 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | 24 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | सील्वर (1केजी) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 49,050 रुपये | 54,490 रुपये | 69,000 रुपये |
| चेन्नई | 50,450 रुपये | 55,040 रुपये | 72,800 रुपये |
| कोलकाता | 49,800 रुपये | 54,330 रुपये | 69,000 रुपये |
| मुंबई | 49,800 रुपये | 54,330 रुपये | 69,000 रुपये |

| स्थान | पेट्रोल पर लीटर | डीजल पर लीटर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | 109.67 रुपये | 97.82 रुपये |
| दिल्ली | 96.72 रुपये | 89.62 रुपये |
| चेन्नई | 102.63 रुपये | 94.24 रुपये |
| मुंबई | 106.31 रुपये | 97.28 रुपये |
| बेंगलुरू | 101.94 रुपये | 87.89 रुपये |

# स्लम मत बोलिए- जब हरदीप सिंह पुरी ने कहा तो बोले राजद के मनोज झा- शब्दों के इस्तेमाल में आप चर्चिल से भी आगे निकले

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने राज्यसभा में कहा कि उन्हें झुग्गी शब्द पसंद नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा से कहा कि झुग्गी शब्द का इस्तेमाल नहीं करें। क्योंकि यह अपमानजनक है और नीतियों की नाकामी की ओर इशारा करता है। उनकी बातों पर मनोज झा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री पुरी शब्दों का प्रयोग करने में विंस्टन चर्चिल को भी मात देते हैं।

**राज्य सभा में हरदीप सिंह पुरी ने सही शब्दों का इस्तेमाल करने कहा**

मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष के कुछ सांसदों को उनकी भाषा को ठीक करने का अनुरोध किया। केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री पुरी ने राजद सांसद मनोज झा की ओर इशारा करते हुए कहा कि अनौपचारिक समझौता जैसे शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली सरकार से भी इस शब्द का उपयोग करने का आग्रह कर चुके हैं। मनोज झा ने केंद्रीय मंत्री पुरी से झुग्गियों को उजाड़ने और विस्थापितों के पुनर्वास पर सरकार की नीतियों के बारे में पूछा था। केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उनके जवाब में राज्यसभा को बताया कि



दिल्ली में 300 से अधिक 'झुग्गी' समूहों में से केंद्र सरकार ने 210 का सर्वेक्षण किया है। मंत्री पुरी ने कहा कि एक जनवरी 2006 से पहले बनी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों को बिना वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराये नहीं हटाया जाना है। उन्होंने कहा कि साल 2015 से पहले बनी निजी झुग्गियों को भी वैकल्पिक आवास प्रदान किए बिना तोड़ा नहीं जाना है। हालांकि, 2015 के बाद की किसी भी 'झुग्गी' को वैकल्पिक आवास प्रदान किए बिना तुरंत हटा दिया जाएगा। इससे पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एनसीपी की फौजिया खान को परिवहन में लैंगिक समानता पर विश्व बैंक टूलकिट के बारे में पूछने पर बताया था कि उन्हें "टूलकिट" शब्द के साथ समस्या है। मंत्री पुरी सही शब्दों के इस्तेमाल को लेकर बीच-बीच में साथी सांसदों को जागरूक करते रहते हैं।

# अब ब्लू के अलावा गोल्ड और ग्रे टिक भी

## पहले से मिले ब्लू चेक मार्क हटाए जाएंगे

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। ट्विटर ने अपना अपडेटेड अकाउंट वैरिफिकेशन प्रोग्राम लॉन्च कर दिया है। अब सभी वेरिफाइड अकाउंट को केवल ब्लू टिक नहीं मिलेगा बल्कि इनमें तीन कलर कैटेगरी बांटी गई है। कंपनियों को गोल्ड चेक, सरकार को ग्रे चेक और आम नागरिकों को ब्लू टिक मिलेगा। इसके अलावा सभी चेक एक्टिवेट होने से पहले मैन्युअली चेक किया जाएगा। इससे पहले ट्विटर ने 9 नवंबर को चेक-मार्क बैज के साथ ट्विटर ब्लू लॉन्च किया गया था, लेकिन फेक अकाउंट की संख्या बढ़ने के कारण 2 दिन बाद ही सर्विस को होल्ड कर दिया गया था। नए ब्लू साइन अप बंद कर दिए गए थे। अभी इस सर्विस को अमेरिका



समेत कुछ देशों में रिलॉन्च किया गया है। इसके लिए हर महीने 8 डॉलर चुकाने होंगे। अगर इसे एपल के ऐप स्टोर पर खरीदते हैं तो यह 11 डॉलर प्रति माह पर उपलब्ध होगा। एपल स्टोर पर इसके महंगे होने का कारण एपल की ओर से लिया जाने वाला 30% टैक्स है। बीते दिनों एलन मस्क ने एपल के इस टैक्स के बारे में बताया था। भारत में जब ये सर्विस लॉन्च होगी तो इसके लिए 700 रुपए प्रति माह चुकाने पड़ सकते हैं। 8 डॉलर के इस सब्सक्रिप्शन में यूजर्स को ट्विट एडिट करने, 1080पी यानी एचडी क्वालिटी में वीडियो अपलोड करने, रीडर मोड और एक ब्लू चेकमार्क मिलेगा। इसके अलावा रिप्लाई, मेंशन और सर्च में प्रायोरिटी मिलेगी। सामान्य यूजर्स से 50% कम ऐड दिखेंगे और नए फीचर्स में भी प्रायॉरिटी मिलेगी। सब्सक्राइबर अपना हैंडल, डिस्प्ले नाम या प्रोफाइल फोटो भी बदल सकेंगे, लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो उनके अकाउंट का फिर से रिव्यू होने तक अस्थायी रूप से ब्लू चेकमार्क हट जाएगा। ट्विटर ने ये भी बताया कि बिजनेसेज के ऑफिशियल लेबल को गोल्ड चेकमार्क से बदला जाएगा।

# बैंकरप्ट क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स के फाउंडर अरेस्ट

## सैम बैंकमैन फ्राइड को अब बहामास से अमेरिका प्रत्यर्पित किया जा सकता है

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बैंकरप्ट हो चुके क्रिप्टोएक्सचेंज एफटीएक्स के फाउंडर सैम बैंकमैन-फ्राइड को बहामास में गिरफ्तार कर लिया गया है। अमेरिकी अभियोजकों के आपराधिक आरोप लगाए जाने के बाद बहामास में फ्राइड की गिराफ्तारी हुई है। फ्राइड को अब अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जा सकता है।



मैनहट्टन में अमेरिकी अटॉर्नी ऑफिस के एक प्रवक्ता ने बैंकमैन-फ्राइड के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एफटीएक्स की गड़बड़ियां सामने आने के बाद फ्राइड की 16 बिलियन डॉलर की वेल्थ महज कुछ दिनों में जीरो हो गई थी। एक समय सैम बैंकमैन की नेटवर्थ 26 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई थी। नेटवर्थ में गिरावट का कारण लिक्विडिटी क्रंच के बाद एफटीएक्स ट्रेडिंग लिमिटेड का दिवालिया होना है। एफटीएक्स दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एफिलिएटेड क्रिप्टो ट्रेडिंग कंपनी थी। फाइनेंशियल गड़बड़ियों के कारण लिक्विडिटी क्रंच (वित्तीय संकट) में आई एफटीएक्स ट्रेडिंग लिमिटेड दिवालिया हो गई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक सैम बैंकमैन-फ्राइड ने गुप्त रूप से एफटीएक्स से उसकी ट्रेडिंग आर्म अल्मेडा रिसर्च में 10 बिलियन डॉलर के कस्टमर फंड ट्रांसफर किए थे। अल्मेडा इस फंड का इस्तेमाल ट्रेडिंग के लिए करती थी।

जब ट्रेडिंग में इस फर्म को बड़ा लॉस हुआ तो क्रिप्टो पब्लिकेशन कॉइनडेस्क ने एक लीक बैलेंस शीट पर रिपोर्ट पब्लिश की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद एफटीएक्स में उथल-पुथल शुरू हो गई। एफटीएक्स के पास तीन दिनों में अनुमानित 6 बिलियन डॉलर की विड्रॉल रिक्वेस्ट आ गई।

# सेंसेक्स में 402 अंकों की उछाल

## निफ्टी 18600 के पार पहुंचकर बंद हुआ

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में हरियाली दिखी। मंगलवार को सेंसेक्स 402 अंकों की तेजी के साथ 62533 के स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 110 अंकों की तेजी के साथ 18608 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में पीएसयू बैंक, आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में बढ़त दिखी। इस दौरान बैंक निफ्टी 237 अंकों की बढ़त के साथ 43946 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार के दिन बैंक निफ्टी 43983 पर पहुंचा जो इसमें नया ऑल टाइम हाई है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 तेजी के साथ बंद हुए जब छह शेयरों में में कमजोरी दिखी। सोमवार के कारोबारी सेशन में बजाज फाइनेंसश इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयरों में मजबूती दिखी जबकि नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, मारुति और टाइटन के शेयरों में कमजोरी दिखी। भारतीय रुपये में मंगलवार को 27 पैसे की गिरावट दर्ज की गई। यह डॉलर के मुकाबले 82.80 के स्तर पर बंद हुआ। यह बीते छह हफ्तों में रुपये का सबसे कमजोर प्रदर्शन है। जियोजित फाइनेंशियल के रिसर्च हेड विनोद नायर के अनुसार, अनुकूल घरेलू मैक्रो नंबरों और आशावादी वैश्विक संकेतों के आधार पर, घरेलू सूचकांकों ने हरे निशान पर दिन की शुरुआत की। पीएसयू बैंकों ने बाजार में बढ़त का नेतृत्व किया, जबकि आईटी सेक्टर की गिरावट जारी रही। आरबीआई के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति दर तेजी से घटकर 5.88% हो गई और यह आरबीआई के सहिष्णुता बैंड के भीतर आ गया है। इसका बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन में अप्रत्याशित गिरावट से कुछ आशंकाएं भी उभरीं। अब अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े जो फेड की मौद्रित नीति की घोषणा से पहले आने है उससे फेड के नीतिगत रुख से संबंधित संकेत मिलेंगे। वहीं कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड (रिटेल) श्रीकांत चौहान के अनुसार बाजार शॉर्ट कवरिंग के कारण मजबूत स्थिति में रहा। खुदरा मुद्रास्फीति 11 महीने के निचले स्तर पर आ गई है इससे उम्मीद बढ़ी है कि रेपो रेट्स की वृद्धि में कमी आएगी या इसे घटाया जाएगा। इसके अलावा, अमेरिकी बाजारों में मजबूती के कारण भी बाजार को बढ़ मिली। तकनीकी रूप से, बाजार ने न केवल 20 दिन के एसएमए (सिंपल मूविंग एवरेज) स्तर को पुनः प्राप्त किया, बल्कि इसके ऊपर बंद भी हुआ, जो मोटे तौर पर सकारात्मक है।

# भारतीय उद्योग का सबसे खराब प्रदर्शन

## औद्योगिक उत्पादन घटकर 26 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन घटने के साथ खनन व ऊर्जा क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से अक्तूबर में देश के औद्योगिक उत्पादन में चार फीसदी की गिरावट आई है। यह अगस्त, 2020 के बाद पिछले 26 महीने में भारतीय उद्योग का सबसे खराब प्रदर्शन रहा है। उस समय औद्योगिक उत्पादन 7.1% घटा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) अक्तूबर, 2021 में 4.2 फीसदी बढ़ा था। ताजा आंकड़े बताते हैं कि उद्योग की वृद्धि केवल एक माह के अंतराल के बाद वापस नकारात्मक हो गई है। इस साल सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.5% रही थी, जबकि अगस्त में यह 0.7 फीसदी घटा था।



आंकड़ों के मुताबिक, अक्तूबर में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 5.6 फीसदी घटा है। एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 3.3 फीसदी वृद्धि हुई थी। हालांकि, खनन और बिजली उत्पादन क्रमशः 2.5 फीसदी एवं 1.2 फीसदी बढ़ा है। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों के उत्पादन में 15.3 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जबकि गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 13.4 फीसदी घटा है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर कहा, आईआईपी में गिरावट उम्मीद से कहीं ज्यादा रही है। यह निर्यात के कमजोर प्रदर्शन को भी दिखाता है। इसके अलावा, त्योहारी मौसम के दौरान रही छुट्टियों से भी औद्योगिक उत्पादन प्रभावित हुआ है।

# हवाई अड्डों पर क्यों उमड़ रही भारी भीड़?

## 25 नवंबर के बाद अचानक से बढ़ गए घरेलू यात्री, जानें दो बड़े कारण




नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कॉलमिस्ट शीला भट्ट ने आज सुबह दिल्ली एयरपोर्ट का एक वीडियो ट्वीट किया। इसमें यात्रियों की भारी भीड़ दिख रही थी। शीला ने लिखा 'टर्मिनल-3 के प्रस्थान क्षेत्र में आपका स्वागत है। सिक्योरिटी चेक-इन के लिए चार लंबी लाइनें लगी हुई हैं और हर लाइन में 200 से अधिक लोग हैं। पूरी तरह से अराजकता का माहौल है।' उन्होंने आगे केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टैग करते हुए पूछा कि ये रेलवे स्टेशन है या एयरपोर्ट? इसी तरह दिशा नाम की एक युवती ने मुंबई एयरपोर्ट की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। सोशल मीडिया पर इस वक्त आपको ऐसे कई वीडियो और तस्वीरें मिल जाएंगी। इनमें अलग-अलग भारतीय एयरपोर्ट का जिक्र करते हुए भारी भीड़ और देरी की शिकायत की जा रही है। उधर, लगातार एयरपोर्ट पर बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए ट्रांसपोर्ट, टूरिज्म और कल्चर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ और अन्य वरिष्ठ अफसरों को समन भेजा है। इन्हें 15 दिसंबर तक कमेटी के सामने पेश होने का आदेश दिया है। देश में अभी कुल 174 एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट्स और वॉटरड्रोम्स हैं। जहां, अलग-अलग तरह की फ्लाइट्स और हेलीकॉप्टर की आवाजाही होती है। इनमें ज्यादातर एयरपोर्ट्स हैं, जहां से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स उड़ाने भरती हैं। कोरोना के चलते मार्च 2020 से इस साल मार्च तक फ्लाइट्स की संख्या में काफी कमी देखी गई थी। हालांकि, धीरे-धीरे इसमें बढ़ोतरी शुरू हुई। आंकड़े देखें तो इस साल पिछले महीने 25 नवंबर तक इन एयरपोर्ट्स पर हर रोज दो से साढ़े तीन लाख घरेलू यात्री उड़ाने भरते थे। जबकि करीब एक से दो लाख अंतरराष्ट्रीय उड़ाने भरी जाती थीं। लेकिन इसके बाद इसमें काफी तेजी आई। 27 नवंबर को केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्विट कर जानकारी दी की साल 2022 में दूसरी बार 26 नवंबर को घरेलू यात्रियों की संख्या चार लाख से अधिक पहुंची है।

# चीनी कंपनियों पर संसद में सरकार का जवाब

## भारत में साढ़े तीन हजार कंपनियों में चीनी डायरेक्टर, इनवेस्टमेंट की जानकारी नहीं




नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कॉर्पोरेट डेटा मैनेजमेंट पोर्टल डेटाबेस के हिसाब से भारत में ऐसी 3,560 कंपनियां हैं जिनके बोर्ड में चीनी डायरेक्टर है। वहीं देश में 174 चीनी कंपनियां हैं जो काम करने के लिहाज से मंत्रालय में विदेशी कंपनियों के रूप में रजिस्टर्ड हैं। कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को संसद में एक लिखित जवाब में इसकी जानकारी दी। इंद्रजीत सिंह ने ये भी कहा कि चीनी निवेशकों और शेयरधारकों वाली कंपनियों की संख्या बता पाना संभव नहीं हैं, क्योंकि इस तरह के आंकड़े अलग से नहीं रखे जाते। इससे पहले 11 दिसंबर को वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में इस बात पर चिंता जताई थी कि भारत किस कदर कई चीजों के लिए चीन पर निर्भर होता जा रहा है। सीमा पर तनाव के बावजूद भारत और चीन के बीच बाइलेटरल ट्रेड में 43.3% की बढ़ोतरी हुई है। इस ट्रेड में चीन का पलड़ा पूरी तरह से भारी है। यानी चीन का एक्सपोर्ट भारत की तुलना में कई गुना ज्यादा है।

वित्त वर्ष 2020-21 में चीन ने भारत को 65.21 अरब डॉलर के मूल्य का सामान निर्यात किया था। लेकिन वित्त वर्ष 2021-22 में यह 94.57 अरब डॉलर तक पहुंच गया। गोयल ने संसद में ये भी बताया कि 2003-2004 में चीन से भारत का आयात 4.34 अरब डॉलर का था जो 2013-14 आते-आते बढ़ कर 51.03 अरब डॉलर हो गया। चीन और भारत के बीच व्यापार को लेकर ये हालात तब है जब मोदी सरकार ने चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करने के लिए 'मेक इन इंडिया' जैसा अभियान और पीएलआई स्कीम शुरू की है। इसके बावजूद दोनों देशों के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लौह अयस्क, पेट्रोलियम ईंधन, कार्बनिक रसायन, रिफाइंड कॉपर, कॉटन यार्न। खाद्य वस्तुओं में मछली एवं सी फूड, काली मिर्च, वनस्पति तेल, वसा आदि प्रमुख हैं।

# दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में | वृश्चिक. | 04-36 | बजे |
| चंद्र- | सिंह | में | धनु--- | 06-50 | बजे |
| मंगल | वृष | में | मकर- | 08-54 | बजे |
| बुध- | धनु | में | कुंभ - | 10-55 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मीन... | 12-23 | बजे |
| शुक्र- | धनु | में | मेष-- | 13-58 | बजे |
| शनि- | मकर | में | वृष-- | 15-44 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मिथुन.. | 17-45 | बजे |
| केतु- | तुला | में | कर्क... | 19-56 | बजे |
| | | | सिंह... | 22-09 | बजे |
| | | | कन्या.. | 23-19 | बजे |
| | | | तुला | 02-25 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944**, कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549**, हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी **- 23 -41** तक उपरान्त सप्तमी
मास - पौष कृष्ण पक्ष, बुधवार **Dec 14**
नक्षत्र - मघा **- 05 - 15** - अहोरात्र तक
योग - वैधृति-**06 - 53** - तक विष्कुंभ
करण- गर - **10 - 34** - तक उप- वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - धनिष्ठा २, मे शनि

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 12:11 से 13:34 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06:41 - 08:02 | शुभ | उत्पात | 17:40 - 19:20 | अशुभ |
| अमृत | 08:02 - 09:25 | शुभ | शुभ. | 19:20 - 20:57 | शुभ |
| काल | 09:25 - 10:48 | अशुभ | अमृत | 20:57 - 22:34 | शुभ |
| शुभ. | 10:48 - 12:11 | शुभ | चंचल | 22:34 - 00:11 | शुभ |
| रोग | 12:11 - 13:34 | अशुभ | रोग | 00:11 - 01:48 | अशुभ |
| उत्पात | 13:34 - 14:57 | अशुभ | काल. | 01:48 - 03:25 | अशुभ |
| चंचल | 14:57 - 16:20 | शुभ | लाभ. | 03:25 - 05:02 | शुभ |
| लाभ | 16:20 - 17:40 | शुभ | उत्पात | 05:02 - 06:41 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है, लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें। दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे। इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आप उर्जा से भरे हैं और आशावादी सोच रखते हैं। कुछ दिन पहले तक जो भी चीजें बिलकुल व्यर्थ लग रही थी, आज उतनी नही दिखेंगी। आपके दृष्टिकोण की दृढ़ता और जीवनशक्ति से आपको इस स्थिति से निपटने में मदद मिलेगी। आज का दिन अपनी सोच, विचारों और इच्छाओं को खुलकर व्यक्त करने के लिए भी बहुत उपयुक्त है।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी क्योकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती हैं। इसीलिए धीमे चलें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप क्या कह और कर रहें हैं। आपको अपने कार्य को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के लिए सभी बारीकियों पर ध्यान देने की जरुरत है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की और रहेगा। आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं या किसी तीर्थ की यात्रा कर सकते हैं। प्रेरणात्मक साहित्य पढ़ें या किसी महान नायक की जीवनी पढ़ें, हो सकता है कि इसमें से आपको अपने जीवन के लिए कुछ बहुत अच्छा हासिल हो जाए।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यस्थल पर कोई आपके खिलाफ चुपचाप काम कर रहा है लेकिन आज आपको इस बात का पक्का सबूत मिलने वाला है कि वह कौन है। लेकिन अभी इस आदमी से ना उलझें, आपको केवल यह पता चल जाने से भी काफी मदद मिलेगी कि आपके खिलाफ कौन काम कर रहा है और आप अपने दुश्मनों को अपने रास्ते से हटाने में कामयाब रहेंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप आज कल्पनात्मक रहेंगे। कार्यस्थल की ओर से किसी अन्य स्थान की यात्रा का मौका मिल सकता है। आपकी रोमांटिक प्रवृति उजागर होगी। अपने आपको थोड़ी ढील देने का दिन है, लेकिन काम में व्यवहारिकता भी दिखानी होगी। साथियों के साथ अच्छे मूड में रहेंगे। अपनी मेल देख लें, कोई महत्वपूर्ण मेल आपकी प्रतीक्षा कर रही है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा। किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा। आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं। दूसरी ओर, एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है। आज आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप जो भी करोगे, सब कुछ अच्छा ही होगा। अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है। सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें, खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आपकी सोच आज अद्भुत रूप से साफ़ और स्पष्ट है और आज आप अपने कार्यों के आने वाले समय में लाभ का बिलकुल ठीक अंदाजा लगा पायेंगे। इसीलिए आज का दिन आपके रास्ते में आने वाले अवसरों और निवेश का मुलांकन करके किसी सही निर्णय पर पहुंचने के लिए बिलकुल ठीक है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आपको कुछ घटनाओं की तह तक जाना पड़ेगा। वर्तमान की कुछ घटनाओं के लिए वही पुराने कारण जिम्मेदार हैं। इससे आपकी इज्जत को काफी ठेस पहुंची है। आपको काफी आरक्षित और सावधान रहने की जरूरत है क्योकि कुछ लोग आपके रास्ते में बाधा बनने की कोशिश कर सकते हैं।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आप सकारात्मक तरंगों से भरपूर हैं। लेकिन इसे औरों के साथ ना बाँटें, लोग आपकी सलाह का सम्मान नही करेंगे। रचनात्मक उर्जा से भरे होने के बावजूद भी चुपचाप बैठा रहना आपके लिए तनाव का कारण बन सकता है, लेकिन इससे परेशान न हों। आपकी पहचान को कोई नुकसान नही होगा, केवल इसमें देरी हो सकती है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज कोई अप्रत्याशित और काफी दबाव वाला काम मिलेगा लेकिन आप चिंता ना करें, आप आसानी से ओइसे पूरा कर लेंगे और आपको सबकी प्रशंसा भी मिलेगी। ऐसा हो सकता है कि घर पर अचानक बहुत सारे मेहमान आ जाएँ या बॉस आपको अंतिम समय पर कोई महत्वपूर्ण काम सौंप दें।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

# जिस्म बेचने को मजबूर 'बाबर की बेटियां'

## दिन में 10-10 कस्टमर, महीने में 12 लाख कमाई; बदले में सिर्फ पिटाई

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उज्बेकिस्तान की फरगना वैली में कारादरया नदी के किनारे पहाड़ों से घिरा एक छोटा सा प्रांत है अंदीजान। मुगल शासक मिर्जा जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर का घर यहीं था। 1494 में बाबर फरगना का शासक बना। 2 साल बाद ही सबसे पहले उसने समरकंद जीता। जब उसका ध्यान समरकंद पर था, तो फरगना उसके हाथ से निकल गया। बाबर ने फरगना को वापस पाना चाहा तो समरकंद भी उसके हाथ से निकल गया। इसके बाद उसने काबुल तो जीता, लेकिन समरकंद या फरगना नहीं जीत पाया। समरकंद में तीसरी बार हार मिली, तो उसने भारत का रुख किया और पानीपत की जंग में इब्राहिम लोदी को हराया। इसके बाद कई जंगें जीतीं और हारीं, लेकिन अपने घर अंदीजान नहीं लौट पाया, आखिर आगरा में उसकी मौत हो गई। आशिया (बदला हुआ नाम) भी उज्बेकिस्तान के इसी खूबसूरत शहर अंदीजान में पैदा हुई। पिता की बचपन में मौत हो गई, मां बीमार रहने लगी तो कमाना शुरू कर दिया। घर-घर काम करती, लेकिन बीमार मां का खर्चा नहीं उठा पा रही थी। जान-पहचान की एक औरत ने दुबई में काम का सपना दिखाया और नेपाल के रास्ते दिल्ली ला पटका। छोटे से फ्लैट में कैद रही, मार खाई, रेप हुआ और फिर जिस्म बेचने पर मजबूर हुई। अब बस एक ही ख्वाहिश है कि अंदीजान लौट सके। बाबर नहीं लौट पाया था, क्या आशिया लौट पाएगी? ऐसी ही हजारों आशिया हैं, जो जिस्मफरोशी के लिए भारत लाई जा रही हैं, आखिरी उम्मीद है कि घर लौट पाएं।

### अंदीजान की आशिया: एक भागी हुई लड़की

हिंदी के मशहूर कवि आलोक धन्वा की एक कविता है 'भागी हुई लड़कियां'। इसमें वे लिखते हैं- 'अगर कोई लड़की भागी है, तो यह हमेशा जरूरी नहीं है, कि कोई लड़का भी भागा ही हो'। उस छोटे से फ्लैट में दाखिल होते हुए मुझे सामने आशिया नाम की एक ऐसी ही 'भागी हुई लड़की' नजर आती है। वह लड़की, जिसने प्यार और समाज की बेड़िया तोड़ने के लिए नहीं, बल्कि बेरोजगारी और जिम्मेदारी निभाने की मजबूरी में घर छोड़ा।

खूबसूरत भूरी, लेकिन उदास आंखों वाली आशिया मुझे देखते ही अपने गोरे बदन पर काली स्याही से बने बड़े-बड़े टैटू छिपाने लगती है। मैं उन्हें देख लेती हूं, वो नाकाम रहती है। उसके हाथ लगातार कांपते रहते हैं, जैसे एक लंबा एंग्जाइटी अटैक अब उसकी जिंदगी का हिस्सा है। जितना बोलती है, उसी के अनुपात में आंसू भी बहते रहते हैं, शायद शब्द अब उसके दुख को जाहिर करने में नाकाम हैं। उम्र सिर्फ 22 साल, घर से 3000 किलोमीटर दूर। बीमार मां के पास लौटने की ख्वाहिश को ऐसे दोहराती है, जैसे मरने से पहले किसी की आखिरी इच्छा हो। न उसे ठीक से हिंदी आती है और न ही इंग्लिश।

### आशिया: कहानी जो हजारों के साथ दोहराई जा रही है

आशिया बोलना शुरू करती है- मैं उज्बेकिस्तान के अंदीजान में पैदा हुई। 15 साल की थी, तो मेरी शादी हो गई। उम्मीद थी पति सहारा देगा, पर उसने तीन महीने में ही मुझे तलाक दे दिया। मैं एक धार्मिक लड़की थी। पर्दे में रहती और नमाज पढ़ती। हमारे यहां कोई बाहरी लड़कियों का चेहरा तक नहीं देख पाता। मां की दिल की बीमारी बढ़ती जा रही थी। इस दौरान ओईनूर नाम की महिला मिली। उसने कहा कि दुबई में एक परिवार के बच्चों की देख-रेख करनी है, अच्छा पैसा मिलेगा। मैंने हां कर दिया। उसने मेरा पासपोर्ट लिया और दुबई का टिकट करवा दिया। मैं फ्लाइट से दुबई पहुंची तो मुझसे कहा गया कि दुबई में ही एक और शहर है, जहां मुझे फ्लाइट से जाना होगा। ये जनवरी 2022 की बात है।




#### दुबई से नेपाल और फिर सड़क के रास्ते दिल्ली

मैं उस शहर में पहुंची तो कहा गया कि यहां से बच्चों वाली मैडम के पास बस से जाना होगा। मेरा पासपोर्ट और आइडेंटिटी कार्ड भी ले लिया। अब तक मुझे नहीं पता था कि मैं किस शहर में हूं और मुझे कहां ले जाया जा रहा है। मैं यही समझ रही थी कि मैं दुबई में मैडम के पास जा रही हूं। मुझे सड़क के रास्ते से लंबा सफर कराया और फिर एक नए शहर में ले आया गया। यहां एक मैडम के पास मुझे भेजा, उनके छोटे-छोटे बच्चे थे, जिनकी दो दिन मैंने देखभाल की। मैं समझ रही थी कि मैं दुबई में हूं और हाऊस कीपिंग का काम कर रही हूं। दो दिन बाद मुझे एक मार्केट ले जाया गया और छोटे-छोटे कपड़े खरीदवाए गए। मैं समझ नहीं पा रही थी कि इन कपड़ों की मुझे क्या जरूरत है। फिर रात में मुझे बताया गया कि मेरे डॉक्यूमेंट उन लोगों के पास हैं और मैं बिना वीजा के भारत में हूं। मुझसे कहा गया कि यहां मुझे सेक्स वर्क करना होगा और अगर मैं ऐसा नहीं करती हूं तो अवैध तरीके से आने की वजह से मुझे गिरफ्तार करवा देंगे। मुझे बहुत बाद में पता चला कि मुझे दुबई से काठमांडू (नेपाल) और फिर दिल्ली लाया गया था। पहले मुझे पीटा, फिर मेरे साथ रेप किया और उसके बाद मुझसे जबरदस्ती सेक्स वर्क करवाया गया। जिस बॉस के पास मुझे छोड़ा गया था, उसके पास मेरे जैसी ही और कई लड़कियां थीं। इन सबको उज्बेकिस्तान और दूसरी जगहों से मेरी तरह ही लाया गया था।

#### एक दिन में 10-10 कस्टमर आते, बस पीरियड्स के दौरान आराम मिलता

आशिया रोने लगती है। मैं चुप कराने की कोशिश करती हूं। अपनी कहानी सुनाने के दौरान उसके हाथ लगातार कांपते रहते हैं, वो घबराकर अचानक उज्बेकी में बोलने लगती है। फिर ठहर जाती है, शायद लौट आती है। कुछ देर चुप रहने के बाद आगे कहती है- 'हमारी बॉस शाम को तीन बजे काम पर लगा देती। रोजाना बिना रुके सुबह 6-7 बजे तक काम करना होता। एक दिन में कम से कम 7-8 कस्टमर आते। किसी दिन दस से ज्यादा भी। हर तरह के लोग हमारे पास आते, उनकी अलग-अलग तरह की डिमांड होती। मैं बहुत थक जाती, लेकिन थकान जाहिर करने पर और पिटाई होती। बॉस को लगता कि हम मना कर रहे हैं या हिचक रहे हैं तो हमें पीटा जाता, सिगरेट से दाग दिया जाता। बॉडी पर कट लगाए जाते। बहुत थक जाने पर बीमारी का बहाना करना पड़ता। जब पीरियड्स आते तो किसी तरह आराम मिलता।'

#### जब नहीं हुआ तो भाग आई, बस अब घर जाना है

आशिया आगे बताती हैं- 'मैं दिन रात अपना जिस्म बेच रही थी। इसके बदले मुझे कोई पैसा नहीं मिल रहा था। बॉस किसी न किसी बहाने से हम पर कर्ज चढ़ा देती। मुझसे कहा गया था कि काम का आधा पैसा मुझे मिलेगा। मुझे बताया गया कि मैंने एक महीने में 12 लाख का काम किया है और 6 लाख रुपए कमा लिए हैं, लेकिन कभी पैसा नहीं दिया गया। एक बार मां की तबीयत बिगड़ी, तो मैंने पैसे मांगे। इस पर भी बहुत पीटा गया। कहा कि पहले मुझे अपना कर्ज उतारना होगा, फिर कुछ मिलेगा। हमें ड्रग्स दी जाती, जिससे नशे की लत लग जाए। फिर उस ड्रग्स का भी पैसा हम से ही लिया जाता।''भाषा ना आने की वजह से कस्टमर से भी कोई बात नहीं कर सकते। बस मुर्दा जिस्म की तरह लेटी रहती। कस्टमर अपनी भड़ास निकालते और चले जाते। मैं किसी भी तरह अपनी मां के पास लौटना चाहती थी। जब ये सब बर्दाश्त से बाहर हो गया तो अगस्त 2022 में मैं उज्बेकिस्तान दूतावास पहुंच गई। मुझे रेस्क्यू किया गया। अब मैं एक एनजीओ के साथ रह रही हूं और मेरा मुकदमा दिल्ली की अदालत में चल रहा है। मेरी बस एक ही ख्वाहिश है कि ये कानूनी कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी हो और मैं किसी तरह घर लौट पाऊं।'

## फरीदाबाद में रिश्वत लेते सब इंस्पेक्टर पकड़ा



फरीदाबाद, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सेक्टर-3 पुलिस चौकी में तैनात सब इंस्पेक्टर महेंद्र पाल को स्टेट विजिलेंस की टीम ने चार हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी को लेकर रिश्वतखोर पुलिसकर्मी के परिजनों और विजिलेंस टीम के साथ जमकर कहासुनी भी हुई। बताया जाता है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से 6 हजार रुपए पहले ही ले चुका था। सोमवार को 4 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

#### भैंस चोरी का करा दिया केस

जानकारी के अनुसार, सेक्टर 3 निवासी शंभूनाथ यादव ने करीब एक साल पहले किसी को गाय 30 हजार रुपए में बेची थी। लेने वाले ने 10 हजार रुपए ही दिए थे। बाकी 20 हजार रुपए बकाया था। पैसे न देने पर अपनी गाय वापस ले आया। बताया जाता है कि जिससे गाय बेची थी, वो शिकायतकर्ता की भैंस खोल ले गया और उल्टे शिकायतकर्ता के पोते के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

## अंबाला में लेडी एएसआई व एचसी पर गाज

### नाबालिग से गलत काम की शिकायत पर नहीं की कार्रवाई; पोक्सो एक्ट में लापरवाही पर एफआईआर

अंबाला, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पोक्सो एक्ट के मामले में समय पर उचित कार्रवाई न करने वाली जांच अधिकारी एएसआई और एचसी पर गाज गिर गई है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ एसपी जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार बलदेव नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के मुताबिक, 26 फरवरी को महिला थाने में पोक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत शिकायत आई थी, जिसमें नाबालिग ने आरोप लगाए थे कि आरोपी शुभम ने उसके साथ गलत काम किया है। जांच का जिम्मा एएसआई दया रानी और हेड कॉन्स्टेबल बेअंत कौर को सौंपा गया था।

#### समय पर नहीं की थी उचित कार्रवाई

दोनों पुलिस कर्मचारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और उचित समय पर कार्रवाई नहीं की। मामला एसपी जशनदीप सिंह रंधावा के संज्ञान में आने के बाद जांच महिला थाना प्रभारी एसआई देवेंद्र कौर द्वारा कराई गई, जिसमें पाया गया कि दोनों महिला पुलिस कर्मचारियों ने लापरवाही बरती है। अब एएसआई दया रानी एवं एचसी बेअंत कौर के खिलाफ धारा 166ए के तहत केस दर्ज किया गया।

## रोहिंग्या मुसलमानों के संकट से बांग्लादेश परेशान

### भारत से मांगा सहयोग, मौजूदा समय में 10 लाख शरणार्थियों का झेल रहा बोझ

ढाका, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने रोहिंग्या संकट का समाधान करने के लिए भारत से सहयोग मांगा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, बांग्लादेश में मौजूदा समय में 10 लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे हैं। म्यांमार में उत्पीड़न से बचने के मद्देनजर देश में शरण लेने को मजबूर किए गए रोहिंग्या समुदाय के लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से वापस भेजने के लिए बांग्लादेश ने भारत से सहयोग मांगा है। संसद के अध्यक्ष शिरीन शर्मिन चौधरी ने रविवार को संसद भवन में ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय कुमार वर्मा से मुलाकात के दौरान इस मुद्दे पर बात की और भारत की मदद मांगी। जातीय संसद सचिवालय के एक प्रवक्ता ने कहा, ''अध्यक्ष ने भारतीय उच्चायुक्त को बताया कि बांग्लादेश ने बड़ी संख्या में रोहिंग्याओं को शरण दी, यह इंगित करते हुए कि भारत ने भी, हमारे 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेशियों को आश्रय दिया था और लोग उस प्रकरण को सम्मान के साथ याद करते हैं।''शिरीन शर्मिन चौधरी ने म्यांमार के रखाइन प्रांत से जबरन विस्थापित रोहिंग्याओं को उनकी मातृभूमि में वापस शांतिपूर्ण तरीके से भेजने के लिए भारत का समर्थन मांगा है।

## अपने ही सैनिकों को जेल में बंद कर रहा है रूस

### वजह कर देगी हैरान, रिपोर्ट में बड़ा खुलासा



मॉस्को, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से संघर्ष जारी है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में लड़ाई के लिए जाने से इनकार करने पर रूस अपने ही सैनिकों को जेल में बंद कर रहा है। साथ ही उनकी पिटाई की जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी सैनिकों और उनके परिवारों ने तैयारियों में कमी को लेकर शिकायत की। लेकिन सैनिकों को उनके उद्देश्य के बारे में कम जानकारी के साथ ही आगे बढ़ने का आदेश दिया जा रहा है। दो रूसी सैनिकों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि उनमें से एक ने रूसी जवानों को मौत के मुंह में धकेलने से इनकार कर दिया था। एक सैनिक ने बताया कि जब रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया, तो उसने अग्रिम मोर्च के सैनिकों को कम समर्थन मिलने की वजह से लड़ने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसे और अन्य सैनिकों को जेल में बंद कर दिया गया था।

## पाक पुलिस ने अहमदी समुदाय के इबादत स्थल की मीनारें गिराई

इस्लामाबाद, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान पुलिस ने कथित तौर पर कुछ मौलवियों के इशारे पर पंजाब प्रांत में अल्पसंख्यक अहमदी समुदाय के इबादत स्थल की दो मीनारें गिरा दी हैं। अहमदी समुदाय के प्रतिनिधियों के अनुसार, पुलिस की एक टुकड़ी ने आठ दिसंबर को लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर गुजरांवाला के बागबानपुरा इलाके को घेर लिया और अहमदी इबादत स्थल की मीनारों को ध्वस्त कर दिया। 'जमात अहमदिया पंजाब' के पदाधिकारी आमिर महमूद ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने स्थानीय मौलवियों के इशारे पर काम किया, जिन्होंने मीनारों को नहीं गिराए जाने पर अहमदी उपासना स्थल पर हमला करने की धमकी दी थी।

## विरोध करने पर सरेआम फांसी दे रही ईरानी सरकार

### कैदी मजीद रजा को क्रेन से लटकाकर दी फांसी

तेहरान, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को सरेआम फांसी दी जा रही है। मिजान समाचार एजेंसी के मुताबिक विरोध की आवाज उठाने के आरोप में एक सप्ताह से भी कम समय में दो लोगों को सरेआम मौत की सजा दी गई है। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक ईरान में एक प्रदर्शनकारी को दो सुरक्षाकर्मियों को चाकू मारने का दोषी पाए जाने के बाद सरेआम फांसी दे दी गई। देश के सख्त महिला ड्रेस कोड का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए पुलिस हिरासत में महसा अमिनी की मौत के बाद सरकार विरोधी प्रदर्शनों को लेकर पिछले हफ्ते मोहसिन शेखरी को फांसी पर लटकाए जाने के बाद यह दूसरी फांसी है।

#### कैदी मजीद रजा रहनवार्द को क्रेन से लटकाकर दी फांसी

ईरान में धर्मतंत्र को चुनौती देने वाले हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए एक और कैदी मजीद रजा रहनवार्द को सोमवार को सरेआम एक क्रेन से लटकाकर फांसी दे दी। यह फांसी दूसरों के लिए एक भयानक चेतावनी थी। मजीद को यह फांसी एक माह से भी कम समय की जेल के बाद प्रदर्शन के दौरान दो सुरक्षा बलों की हत्या के आरोप में दी गई। इसे पहले 8 नवंबर को मोहिसन शेखरी को हिजाब विरोधी प्रदर्शनकारी के रूप में पहली ज्ञात फांसी दी गई थी। मजीद रहनवार्द को जिस तरह सरेआम क्रेन से लटकाकर फांसी दी गई उसकी सभी मानवाधिकार संगठनों ने निंदा की है।

# मिर्ची बाबा ने मुरमुरे के लिए मांगे 500 रुपए

## वकील से कहा- नेता-चेला सब मतलबी; इम्पोटेंसी टेस्ट की याचिका खारिज

भोपाल, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। रेप के मामले में जेल में बंद मिर्ची बाबा उर्फ वैराग्यानंद गिरि दुबला हो गया है। 10 दिसंबर को बाबा के वकील श्रीकृष्ण धौसेला, बाबा से मिलने भोपाल की केंद्रीय जेल पहुंचे। बाबा ने वकील से मुरमुरे खाने लिए 500 रुपए मांगे। वकील ने रुपए कैंटीन में जमा करा दिए। बाबा ने वकील से कहा- उनकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आया है। नेता-चेला सब मतलबी हैं। वकील ने दावा किया कि जेल में बाबा का वजन कम हो गया है। मिर्ची बाबा ने हाल में वकील के जरिए कोर्ट के सामने दो मांगें रखी थीं। कोर्ट को दिए आवेदन में वकील श्रीकृष्ण धौसेला ने निवेदन किया कि अभियुक्त (मिर्ची बाबा) 9 अगस्त 2022 से न्यायिक अभिरक्षा में है। वह नागा साधु है। शारीरिक संबंध बनाने में असमर्थ है। ऐसे में राजनीतिक छवि, भविष्य को बर्बाद करने के उद्देश्य से उसके खिलाफ घृणित आरोप लगाए गए हैं। इस आधार पर डॉक्टरों की पांच सदस्यीय टीम से बाबा का इम्पोटेंसी (मर्दानगी) टेस्ट कराया जाए। अभियोजन पक्ष ने इसका मौखिक विरोध किया। इस पर कोर्ट ने कहा- केस में जांच की कार्रवाई पूरी होकर चालान पेश हो चुका है। अब कोई कार्रवाई बाकी नहीं है। इस कारण कोर्ट ने मेडिकल परीक्षण का आवेदन निरस्त कर दिया।

#### दूसरे आवेदन में दिया ये तर्क

मिर्ची बाबा ने दूसरे आवेदन में बताया कि वह नागा साधु की परंपराओं का पालन करता है। पूरे जीवनकाल के दौरान उसे सिर के बाल, दाढ़ी के बाल, माथे पर चंदन का लेप लगाकर रखना पड़ता है। जेल अधिकारी उसके बाल कटवाने का दबाव बनाते हैं। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर केन्द्रीय जेल अधीक्षक को आदेश दिया कि अभियुक्त के धार्मिक एवं संवैधानिक अधिकारों की जेल नियमावली अनुसार सुरक्षा की जाए।

### पीड़िता ने जैसा एफआईआर में बताया था...

मैं रायसेन की रहने वाली हूं। मेरी उम्र 28 साल है। मेरी शादी को चार साल हो चुके हैं, लेकिन मेरी कोई संतान नहीं हैं। मैं इलाज और झाड़-फूंक भी करवा चुकी हूं। मुझे कोई फायदा नहीं हुआ। मैं परेशान चल रही थी, तभी आज से एक महीने पहले मोहल्ले की महिलाओं से पता चला कि वैराग्यनंद गिरि उर्फ मिर्ची बाबा बहुत ज्ञानी हैं। बच्चा होने की दवा देते हैं। भागवत कथा करते हैं। मेरा भी मन हुआ कि मिर्ची बाबा से दवा लेने के लिए मिलूं। गांव की दीवारों में लगे बैनर से मिर्ची बाबा का मोबाइल नंबर मिला। इसी साल जुलाई में इस नंबर पर फोन किया।

गोपाल नाम के व्यक्ति से बात हुई। उसने खुद को बाबा का चेला बताया। उसने बताया कि बैनर में जो दूसरा नंबर लिखा है, वो बाबा का है। इस पर मैंने दूसरे नंबर पर कॉल किया। बाबा से बात हुई। बाबा को बताया कि शादी के 4 साल बाद भी संतान नहीं हुई है। क्या आप कुछ कर सकते हैं? बाबा बोले कि हम इसका इलाज करते हैं। इसके लिए मेरे आश्रम में आना पड़ेगा। मैं खुश हो गई। मैंने अपने पति को बाबा की सारी बातें बताईं। बाबा ने मेरे पति से भी बात की। फिर मुझे बाबा पर विश्वास हो गया। इसके बाद बाबा ने मुझसे कई बार बात की। मैंने बाबा को फोन कर बोला कि दवाई लेने आ रही हूं। बाबा ने मुझे भोपाल में मिनाल रेसीडेंसी आने के लिए बोला। मैं अकेली बाबा के मिनाल रेसीडेंसी पहुंच गई। वहां मुझे बाबा का चेला गोपाल लेने आया। फिर मैं बाबा के बंगले पर गई। बंगला दो मंजिला है। वहां बाबा मिले। मुझे बड़े प्रेम से बैठाया। घर में एक बाई थी, जिसने मुझे चाय-पानी दिया। बाबा ने मुझसे सारी बात पूछी। मैंने अपनी सारी परेशानियां बताईं। बाबा ने हाथ की नस देखी। बोला कि तुमको संतान हो जाएगी। तुम कल 12 बजे आना। मुझे बाबा ने कुछ साबूदाना जैसी गोलियां दीं। बोला घर पर रख देना और भभूत खा लेना। मैंने बाबा के कहे अनुसार किया। पति को सारी बातें बताईं। इसके बाद 17 जुलाई को साढ़े 12 बजे मैं ऑटो से बाबा के बंगले मिनाल पहुंची। वहां मुझे गोपाल, बाबा, बाई तीनों मिले। बाबा ने मुझे सोफे पर बैठाया। उसके बाद बाबा ने मुझे वहीं पर साबूदाने की गोली और भभूति दी। कहा- ऊपर कमरा है, वहां जाकर आराम से बैठो और खा लो।

फिर मैं ऊपर कमरे में चली गई। भभूति और गोलियां मैंने खा लीं। थोड़ी देर बाद बाबा कमरे में आए। मुझसे थोड़ी देर तक बात करते रहे। इतने में मुझे चक्कर आने लगे। मैं उठकर जाने लगी। बाबा ने मुझे पकड़कर बिस्तर पर बैठा लिया। कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। मेरे पास आकर मुझे अपनी बांहों में भर लिया। गलत हरकत करने लगा। मैंने बाबा को धक्का दिया। मगर मुझे इतने चक्कर आ रहे थे कि मैं चिल्ला नहीं पा रही थी। मिर्ची बाबा ने मेरे साथ बलात्कार किया। मैं बेहोश हो गई। जब मुझे होश आया, तो मुझे बहुत दर्द हो रहा था। बाबा भी पास में बैठा था। मैंने बाबा से बोला कि तुमने मेरे साथ गलत काम किया है। मैं तुम्हें नहीं छोड़ूंगी। बाबा बोला कि ऐसे ही बच्चे पैदा होते हैं। तुझे गोल मटोल लड़का पैदा होगा। मैं बाबा से बोली- मुझे ऐसा बच्चा नहीं चाहिए।

बाबा बोला- जा बता दे, जिस-जिस को बताना है। मुझे नागा बाबा का दर्जा मिला है, तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। अगर तूने मेरे खिलाफ कुछ किया, तो तुझे और तेरे पति को मरवा दूंगा। मैंने कुछ दिन बाद अपने गुरु भाई को पूरी घटना बताई, तो मेरे पति ने सुन लिया। इसके बाद पति ने मुझे घर से निकाल दिया। मैं आठ-दस दिन से अपने गुरु भाई के यहां रह रही थी। मिर्ची बाबा ने दूसरे दिन मुझे फोन कर बोला कि तू मेरे खिलाफ रिपोर्ट कराने गई है, ऐसा मुझे पता लगा है। अगर तूने मेरे खिलाफ कहीं रिपोर्ट की तो तुझे जान से मरवा दूंगा। इसलिए हिम्मत कर के पुलिस में मामला दर्ज कराया।




#### जमानत के बाद हिमाचल में रहने की तैयारी

हाल में केन्द्रीय जेल से रिहा हुए कैदी ने बताया कि मिर्ची बाबा की जेल में उसकी हर रोज मुलाकात होती थी। बाबा बता रहा था कि उसे राजनीतिक षड्यंत्र में उलझा दिया गया है। वह खुद को बेकसूर होने का दावा करता है।

बाबा कह रहा था कि जेल से जमानत के बाद भाजपा सरकार वाले राज्य मध्यप्रदेश में नहीं रहेगा। वह जेल से रिहा होते ही हिमाचल प्रदेश चला जाएगा। जब भाजपा की सरकार रहेगी, वह नहीं आएगा।

#### ये है पूरा मामला

वैराग्यानंद गिरि उर्फ मिर्ची बाबा को ग्वालियर के होटल से 8 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। बाबा पर रायसेन की रहने वाली 28 साल की महिला ने भोपाल के महिला थाने में रेप का केस दर्ज कराया है। मिर्ची बाबा को नागा बाबा का दर्जा प्राप्त है। वे खुद को हरिद्वार के पंचायती निरंजनी अखाड़े का महामंडलेश्वर कहते हैं। महिला ने शिकायत में बताया था कि उसकी शादी को चार साल हो चुके हैं। बच्चे नहीं हैं, इसलिए मिर्ची बाबा के संपर्क में आई थी। बाबा ने पूजा-पाठ कर संतान होने का दावा किया। इलाज के नाम पर महिला को नशे की गोलियां खिलाकर रेप किया। घटना इसी साल जुलाई की है। विरोध करने पर बाबा बोला- बच्चा ऐसे ही होता है। तब से बाबा केन्द्रीय जेल भोपाल में बंद है। महीनेभर पहले पुलिस ने बाबा के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया था।

# पाकिस्तान से भी मोर्चा खोल सकता है चीन

## सेना और विदेश नीति में 80% हावी, भारत के लिए क्यों है खतरे की बात

एक्सक्लूसिव डेस्क, 13 दिसंबर। चीन तेजी से पूरी दुनिया में अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है, ये तो सभी को पता था, लेकिन किस देश में चीन का कितना प्रभाव है, अब ये भी सामने आ गया है। अलग-अलग देशों में चीन के प्रभाव को मापने के लिए 82 देशों के चीन इंडेक्स में पाकिस्तान ने टॉप किया है। यानी चीन का सबसे ज्यादा प्रभाव पाकिस्तान पर है।

**पाकिस्तान के किन सेक्टर्स में चीन का कितना प्रभाव है, और ये लिस्ट भारत के लिए चिंता की बात क्यों है?**

ताइवान के रिसर्च आर्गेनाइजेशन डबल थिंक्स लैब्स ने 82 देशों पर चीन के प्रभाव का डेटाबेस तैयार किया। यही चीन इंडेक्स 2022 है। ये अपनी तरह की पहली स्टडी है।

चीन इंडेक्स में अलग-अलग देशों को रैंकिंग दी गई है। सबसे ज्यादा चीनी प्रभाव वाले देशों की लिस्ट में पाकिस्तान टॉप पर है। इस स्टडी के मुताबिक पाकिस्तान पर चीन का कंट्रोल सबसे ज्यादा है। यूरोपीय देश जर्मनी 19वें और अमेरिका 21वें नंबर पर है।

**पाकिस्तान को कैसे कंट्रोल करता है चीन?**

अपने घरेलू बाजार के लिए पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर और मोबाइल फोन चीन से निर्यात करता है। इसके अलावा पाकिस्तान के डिफेंस सेक्टर ने चीन की मदद से आधुनिक टेक्नोलॉजी के हथियार हासिल किए हैं। 2007 से 2015 तक चीन और पाकिस्तान के बीच ट्रेड में 278% का इजाफा हुआ है।

पाकिस्तानी सेना के लिए हथियार, मिसाइलें, तोप, फाइटर जेट्स और टैंक के प्रोडक्शन और इम्पोर्ट में चीन मदद करता है। पाकिस्तानी सेना को समय-समय पर चीन की तरफ से ट्रेनिंग भी मिलती है।

पाकिस्तान को कमजोर अर्थव्यवस्था से निपटने के लिए चीन ने आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक का लोन चुकाने में भी मदद की है। संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में भी चीन ने पाकिस्तान को क्लीन चिट दिलाई और एफएटीएफ की सूची में ब्लैकलिस्ट किए जाने से भी चीन ने पाकिस्तान को बचाने में मदद की है।

2020 तक पाकिस्तान के रेलवे, एयरपोर्ट और एनर्जी सेक्टर में चीन ने करीब 5 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया है। इसमें सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर। इस प्रोजेक्ट से पाकिस्तान में 15 सालों में करीब 2.5 करोड़ लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इसके अलावा प्रोजेक्ट के पूरा होने तक पाकिस्तान की एनुअल इकोनॉमिक ग्रोथ रेट भी 2.5% की दर से बढ़ेगी।



*इसी तरह शिपिंग सेक्टर में चीन के निवेश से ग्वादर से काश्गर तक ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इससे शिपिंग इंडस्ट्री को फायदा होगा। इस नेटवर्क से शिपिंग में लगने वाला समय 45 दिन से घटकर सिर्फ 10 दिन हो जाएगा।*

चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का मकसद पाकिस्तान में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। इसमें करांची, जकोबाबाद, मुल्तान, पेशावर और खुन्ज्रेब पास को जोड़ने वाली मुख्य रेल लाइन्स बनाई जाएंगी। करांची-पेशावर लाइन पर करीब 66 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 2.7 लाख करोड़ रुपए का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट चीन ने पाकिस्तान के एनर्जी सेक्टर में किया है। 2030 तक ये प्रोजेक्ट्स पाकिस्तान के लिए 75% बिजली की जरूरत पूरी करेंगे। इसी तरह शिपिंग सेक्टर में चीन के निवेश से ग्वादर से काश्गर तक ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इससे शिपिंग इंडस्ट्री को फायदा होगा। इस नेटवर्क से शिपिंग में लगने वाला समय 45 दिन से घटकर सिर्फ 10 दिन हो जाएगा।

**चीन के पाकिस्तान में इन्वेस्ट करने की तीन बड़ी वजहें हैं**

**पहली वजहः** चीन अपनी 80% ऑयल सप्लाई की जरूरत हिंद महासागर के मलाका स्ट्रेट से इम्पोर्ट करता है। इसकी दूरी करीब 10,000 किलोमीटर से भी ज्यादा है। अगर पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट से ये इम्पोर्ट पूरा किया जा सके तो ये दूरी महज 3000 किलोमीटर हो जाएगी। इस तरह अगर चीन अपना आधा तेल भी पाकिस्तान के रास्ते से लेकर जाए तो चीन को करीब 16 हजार करोड़ रुपए का फायदा होगा।

**दूसरी वजहः** मलाका स्ट्रेट पर अक्सर जंग का डर बना रहता है क्योंकि ये रास्ता कभी भी चीन के लिए बंद हो सकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका ने जापान, साउथ कोरिया, फिलीपीन्स, थाइलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अपनी एयर फोर्स और नेवी के लिए बेस सेट अप किए हैं। इन देशों में बड़ी संख्या में अमेरिकी आर्मी फाइटर एयरक्राफ्ट और नेवल एयरक्राफ्ट के साथ तैनात हैं।

तीसरी वजहः चीन के वेस्टर्न फ्रंटियर पर रोड नेटवर्क और इंडस्ट्रीज सेटअप करना। लेकिन, इन इंडस्ट्रीज के प्रोडक्ट्स को एक्सपोर्ट करने के लिए चीन को वेस्टर्न फ्रंटियर पर भी रास्ते खोलने की जरूरत है। इसके लिए चीन ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान के जरिए ईरान और तुर्की से यूरोप तक अपने लिए मॉडर्न सिल्क रूट तैयार किया है। इसके साथ चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है।

फॉरेन एक्सपर्ट और जेएनयू में इंटरनेशनल स्टडीज के डीन डॉ. राजन कुमार के मुताबिक चीन का पाकिस्तान में इंटरेस्ट होने की एक बड़ी वजह है भारत को कंट्रोल करना। चीन भारत से डायरेक्ट संघर्ष नहीं चाहता है। इस वजह से पाकिस्तान में इन्वेस्टमेंट बढ़ा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान के रास्ते चीन गल्फ देशों तक अपनी पहुंच बनाना चाहता है। गल्फ देशों से ऑयल इम्पोर्ट के लिए चीन को हिंद महासागर का कोई विकल्प बनाना चाहता है। इस वजह से चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के रूप में आल्टरनेट रूट डेवलप किया है।

# पति का कॉलर पकड़कर घसीटा, कोर्ट परिसर में बवाल

## पत्नी बोली-भरण-पोषण के लिए पैसे नहीं दे रहा, 6 साल से अलग रह रहे हैं दोनों



मनेंद्रगढ़, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ में भरण-पोषण को लेकर परिवार न्यायालय में पेशी पर आए पति-पत्नी कोर्ट परिसर में हाथापाई पर उतारू हो गए। मामला इतना बढ़ा कि दोनों न्यायालय से निकलकर एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराने पुलिस थाने पहुंच गए। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिला अंतर्गत टीना दफाई छोटी बाजार निवासी शशि का विवाह शक्ति जिला अंतर्गत नंदेली निवासी सोहन धिरहे के साथ साल 2014 में हुआ है। पिछले 6 सालों से दोनों पति-पत्नी अलग रह रहे हैं। 7 साल की उनकी एक बेटी भी है। शशि के की ओर से परिवार न्यायालय मनेंद्रगढ़ में भरण-पोषण प्राप्त करने के लिए परिवाद पेश किया गया है। परिवाद अंतर्गत महिला का पति नंदेली जिला शक्ति निवासी सोहन धिरहे सोमवार को पहली बार कोर्ट से मिले नोटिस पर परिवार न्यायालय मनेंद्रगढ़ में उपस्थित हुआ था। कोर्ट की ओर से दोनों पति-पत्नी को मध्यस्थता के लिए भेजा गया। न्यायालय परिसर में मध्यस्थता के दौरान पति-पत्नी में भरण-पोषण की राशि को लेकर विवाद होने लगा। विवाद न्यायालय के बाहर तक आ गया। पत्नी के द्वारा पति के ऊपर राशि न देने और बच्चे का भरण पोषण नहीं किए जाने का आरोप गलाते हुए मारपीट भी की।

मामला इतना बढ़ गया कि पति की ओर से स्थानीय पुलिस थाने में पत्नी के खिलाफ लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई दी। वहीं उसकी पत्नी ने भी भरण-पोषण की राशि नहीं दिए जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस ने दोनों पति-पत्नी का बयान लेने के बाद उन्हें फिर से कोर्ट की में जाने की सलाह दी है।

# सुलग रहा है कमलदेव गिरि हत्याकांड का मामला

## चक्रधरपुर बाजार पूरी तरह बंद, कमलदेव गिरि हत्याकांड पर सीबीआई जांच की मांग और तेज

रांची, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। हिंदूवादी नेता कमल देव गिरि हत्याकांड पर सीबीआई जांच की मांग और तेज हो रही है। एक तरफ परिवार धरने पर बैठा है, तो दूसरी तरफ पूरे चक्रधरपुर बाजार को भी बंद रखा गया। मंगलवार को चक्रधरपुर शहर व्यापक रुप से बंद रहा। बंद के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो, इसको लेकर पुलिस प्रशासन सिविल ड्रेस में जगह-जगह तैनात रही।

**प्रशासन सख्त**

विधि व्यवस्था को देखते हुए एसडीओ रीना हांसदा पुलिस बल के साथ शहर का भ्रमण करती रही। बंद को लेकर एक दिन पूर्व संध्या में शहर वासियों से कमल देव गिरि के परिजन व समर्थकों ने स्वेच्छा से दुकान एवं प्रतिष्ठा ने बंद करने का आह्वान किया था। जिसे ध्यान में रखते हुए शहर



वासियों अपने स्वेच्छा से दुकान प्रतिष्ठान बंद रखे और सीबीआई और अपराधियों के नार्को टेस्ट कराने की मांग की गयी। इस बंद के दौरान मेडिकल स्टोर एवं पेट्रोल पंप खुले रहे। लंबी दूरी की बस चली। लेकिन सड़क में छोटी वाहन इक्का-दुक्का ही नजर आए।

**9 लोग हुए हैं गिरफ्तार**

मालूम हो कि हिंदूवादी नेता कमल देव गिरि की हत्या हुए एक महीने हो गया। 12 नवंबर शाम करीब 6 बजे अपराधियों ने बम और गोली मारकर भारत भवन चौक में कमल देव गिरि की हत्या की थी। हत्या के बाद पुलिस प्रशासन हत्या आरोप में सतीश प्रधान समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**निकला था कैंडल मार्च**

पुलिस की इस कार्रवाई से परिवार व समर्थक संतुष्ट नहीं है। जिसके लिए परिवार व समर्थक कमलदेव गिरि हत्याकांड की सीबीआई एवं नार्को टेस्ट कराने की मांग कर रहे हैं। बंदी के एक दिन पूर्व संध्या परिजन व हजारों समर्थकों में कैंडल मार्च निकालकर कमल को श्रद्धांजलि दी थी। हालांकि कैंडल मार्च को प्रशासन ने रोकने की कोशिश की थी लेकिन रोक नहीं पायी। समर्थक हत्या स्थल पहुंचे और वहां कैंडल जलाया, प्रार्थना की। जिसके बाद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तुलसी भवन पहुंचे और वहां भी कैंडल जलाया इसके बाद बाजार बंद रखने का आह्वान किया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में रॉकेट ब्लास्ट, 11 स्टूडेंट घायल

## झारखंड में गलती से उड़ने की जगह दबा दिया फटने वाला बटन

घाटशिला, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला कॉलेज में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने मॉडल की प्रदर्शनी लगाई थी। इंटर फिजिक्स के छात्र रॉकेट का मॉडल दिखा रहे थे। लेकिन, गलत बटन (स्विच) दबने के कारण रॉकेट में विस्फोट हो गया।

विस्फोट में 2 छात्राओं समेत 11 बच्चे जख्मी हो गए। घायल नूर इस्लाम, मो. अशरफ और दुर्गा नामाता को सुनने में परेशानी होने के कारण उन्हें एमजीएम अस्पताल में रेफर किया गया। प्रदर्शनी में इंटर के छात्र नफीस अख्तर, उमे अजगा और छात्रा कुलसुम परवीन ने रॉकेट बनाया था। रॉकेट के लिए दो स्वीच बनाए गए थे। पहला बटन ऑन करने से रॉकेट कुछ ऊंचाई तक उड़ता था। दूसरा बटन ऑन करने से उसमें विस्फोट होता और पैराशूट निकलता। रॉकेट में पोटेशियम नाइट्रेट और शुगर का इस्तेमाल किया गया था।



किसी छात्र ने गलती से रॉकेट उड़ाने के लिए ऑन किए जाने वाले बटन की बजाए विस्फोट वाला बटन दबा दिया। इंटर के फिजिक्स के शिक्षक मोहम्मद शाहिद इकबाल ने बताया कि छात्र उनके नेतृत्व में छात्र रॉकेट की तैयारी दो महीने से कर रहे थे। रॉकेट का वजन 2 किलो था। इसमें पीवीसी का इस्तेमाल किया गया था। घटना की सूचना घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी और बीडीओ कुमार एस अभिनव को दी गई। बीडीओ प्रदर्शनी में निर्णायक मंडली के सदस्य में शामिल थे। उन्होंने तत्काल अपने वाहन से घायल छात्रों और अन्य को तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया। सभी सुरक्षित बताए गए हैं। आरती हेंब्रम, कुलसुम परवीन, दुर्गा नामाता, सौरभ नामाता, राहुल कैवर्त, सुनील महतो, अमन कुमार झा, सुदीप साह, अंबी अख्तर, नूर इस्लाम, मोहम्मद अशरफ। घाटशिला कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आरके चौधरी ने बताया कि गलत बटन दबने से रॉकेट में विस्फोट हो गया। कुछ छात्र मामूली रूप से जख्मी हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी लौट आए।

# अब शहर-गांव की सरकारों में उपचुनाव

## 14 शहरों के 15 वार्डों में 9 जनवरी को मतदान, जिला-जनपद और ग्राम पंचायतों में भी वोटिंग इसी दिन

रायपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा उप चुनाव खत्म होते ही नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों में उप चुनाव होने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग 16 दिसम्बर को इसकी अधिसूचना जारी करेगा। इसी के साथ नामांकन शुरू हो जाएगा। जरूरत पड़ी तो 9 जनवरी को इसके लिए मतदान होगा। पंचायतों की मतगणना उसी दिन लेकिन नगरीय निकायों की मतगणना 12 जनवरी को होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 12 जिलों के 14 नगरीय निकायों में 15 वार्ड पार्षद के पदों पर उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। आयोग ने इसका कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिसके अनुसार चुनाव की सूचना का प्रकाशन 16 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी उसी दिन स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन करेंगे। उसी दिन मतदान केंद्रों की सूची भी प्रकाशित कर दी जाएगी। 16 दिसम्बर सुबह 10.30 बजे से ही नामांकन पत्र मिलने शुरू हो जाएंगे।

नामांकन की अंतिम तिथि 23 दिसम्बर तय हुई है। 24 दिसम्बर को स्क्रूटनी होगी। 26 दिसम्बर नाम वापसी की अंतिम तिथि है। उसी दिन चुनाव चिन्ह का आवंटन भी हो जाना है।

# पेड़ से टकराई कार में भीषण आग, 2 जिंदा जले

## वहां से गुजर रहे लोगों ने फेसबुक लाइवकर मदद मांगी, 4 बुरी तरह झुलसे

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में बेलबहरा के पास जंगल में देर रात पेड़ से कार टकरा गई। टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है। राहगीरों ने कार से सभी 6 लोगों को बाहर निकाला। घायलों को मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। मामला मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र का है। घटना के समय वहां से गुजर रहे लोगों ने कार में फंसे लोगों को निकाला और फेसबुक लाइव कर पुलिस व लोगों से मदद मांगी।

घटना में कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। 4 लोग झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दो लोगों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक- 43 में मनेंद्रगढ़-अंबिकापुर मार्ग पर देर रात सूरजपुर से एक कार में सवार लोग कोतमा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बैकुंठपुर-मनेंद्रगढ़ मार्ग पर लगभग 11.30 बजे बेलबहरा के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई और कार में भीषण आग लग गई। दुर्घटना के समय वहां से गुजर रहे पटना (कोरिया) निवासी दो युवक अरविंद सिंह और अखिलेश गुप्ता ने जान जोखिम में डालकर 6 लोगों को जलती कार से बाहर निकाला। जिसमें से कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

उस वक्त मोहम्मद ख्वाजा नाम के एक शख्स की शिनाख्त हो पाई थी। सभी लोगों को कार से निकालने के बाद दोनों युवकों ने मोबाइल से पुलिस को सूचना दी और फेसबुक लाइव के माध्यम से मदद की गुहार लगाई। इस दौरान पूरी कार जलकर खाक हो गई। घटना के काफी देर बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान एक घायल की और मौत हो गई। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

इसी साल अप्रैल के महीने में राजनांदगांव में हुए सड़क हादसे के बाद आग लग गई थी, जिसमें माता-पिता और उनकी 3 बेटियों समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। हादसा खैरागढ़ रोड पर सिंगारपुर के पास हुआ था। हादसे का शिकार परिवार खैरागढ़ का रहने वाले था। पुलिस के अनुसार खैरागढ़ निवासी सुभाष कोचर अपनी पत्नी अपनी बेटियों के साथ कार में बालोद से रात करीब 12 बजे खैरागढ़ के लिए निकले थे। रात लगभग दो



बजे सिंगारपुर के गणेश मंदिर के पास एक पुलिया से टकराकर कार बेकाबू हो गई थी। इसके बाद कार में आग लग गई थी। मृतकों में पति-पत्नी और तीन 20 से 25 वर्षीय बेटियां शामिल थीं।

करीब 3 महीने पहले रायपुर में एक लग्जरी कार में आग लग गई थी। देखते ही देखते गाड़ी पूरी तरह से जल गई थी। गाड़ी में दो लोग मौजूद थे। दोनों ने गाड़ी से भागकर अपनी जान बचाई थी। ये हादसा भाटागांव रिंगरोड के पास हुआ था। गाड़ी दुर्ग की दिशा में जा रही थी। सड़क पर ही गाड़ी के बोनट से धुआं निकलता देखकर ड्राइवर ने गाड़ी रोड किनारे खड़ी की थी। गाड़ी में सवार लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही लपटें भड़क उठीं। गाड़ी के अंदर के प्लास्टिक पार्ट जलने लगे, कार से बाहर निकलकर दोनों लोगों ने खुद को बचाया और फायर रेस्क्यू की टीम को खबर दी। जब तक टीम पहुंची तेजी से कार का पूरा भीतरी हिस्सा जल चुका था।

हादसे के प्रत्यक्षदर्शी और घायलों को कार से निकालने वाले अखिलेश गुप्ता के मुताबिक सोमवार रात करीब 11 बजे मरवाही से वापस लौट रहे थे, तभी बेलबेहरा के पास देखा कि एक कार पेड़ से टकरा गई हैं और कार में आग लग गई है। कार के नजदीक जाकर देखा तो उसमें 6 लोग सवार थे। आगे वाली सीट पर बैठे लोग बुरी तरह से फंस चुके थे और घायल थे। कार में पीछे भी 4 लोग सवार थे। पहले तो समझ नहीं आ रहा था कि उनलोगों को बचाने की शुरुआत कहां से करें। कार में भी आग लग चुकी थी कोई राहगीर मदद करने को तैयार नहीं था फिर भी हमने हिम्मत नहीं हारी।

**मदद को छोड़ वीडियो बनाते रहे लोग**

किसी तरह पीछे का डोर खोला और पीछे से पहले 4 घायलों को बाहर निकाला। आगे वाली सीट में 2 लोग काफी बुरी तरहर फंसे थे, आसपास लोग तो थे लेकिन कोई मदद करने को तैयारी नहीं था। वे फोटो और वीडियो बना रहे थे। कार में आग बढ़ती जा रही थी। मेरी हिम्मत भी जवाब दे रही थी तभी कार में एक छोटा सा धमाका हुआ मैं और भी डर गया।

**एक धमाका और 10 मिनट में कार खाक**

किसी तरह कार की आगे वाली शीट को तोड़ कर पहले एक घायल को बाहर निकाला। कार में फंसे ड्राइवर को भी बाहर निकाला। कार में आग लग चुकी थी पर अपनी जान की परवाह न करते हुए उन सभी लोगों को बाहर निकाल लिया। लेकिन कुछ देर ड्राइवर की मौत हो गई। उसके बाद कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें जिसको भी फोन लगा रहे थे वो नहीं उठा रहा था। जिससे भी मदद मांग रहा थे कोई मदद करने को तैयार नहीं था। तभी फेसबुक लाइव कर मदद मांगी। लाइव वीडियो देख रहे बैकुंठपुर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने मुझे कॉल किया फिर उनके द्वारा मदद भेजी गई। वे मुझसे पल-पल की जानकारी ले रहे थे और सबसे बड़ी बात अगर मेरे साथ अरविंद सिंह नहीं होते तो मैं शायद हिम्मत नहीं कर पाता और जैसे ही सभी 6 लोगों को बाहर निकाला। उसके 2 से 3 मिनट में कार में आग फैल गई और फिर एक जोरदार धमाका हुआ। 10 मिनट में कार पूरी खाक हो गई।

# सुषमा बड़ाईक को मारी गोली, मेडिका में भर्ती

## दो गोली लगी स्थानीय लोगों ने किया अस्पताल में भर्ती, सुषमा ने पहचाना कौन था शूटर

रांची, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी रांची में दिन दहाड़े मुख्य सड़क पर सुषमा बड़ाईक पर गोली चली। मोटरसाइकिल पर सवार तीन अपराधियों ने स्कूटी में जा रही सुषमा बड़ाईक पर हमला किया और फरार हो गये। अब तक आयी खबरों के अनुसार एक गोली सुषमा के शरीर से निकल गयी। दूसरी गोली अब भी शरीर के अंदर है। बॉडीगार्ड बाल-बाल बच गया है। सूत्रों की मानें तो सीसीटीवी फुटेज में कैद तीन अपराधियों में से एक अपराधी की पहचान सुषमा बड़ाईक ने की है।

घटना रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास हुई। यह वीआईपी रोड है इसी रास्ते से विधानसभा, सचिवालय सहित कई महत्वपूर्ण जगहों के लिए मंत्री-नेता निकलते हैं। रांची में दिन दहाड़े चली गोली ने एक बार फिर रांची पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घायल सुषमा बड़ाईक को मेडिका में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर है। सुषमा बड़ाईक अपने पिता के घर से बॉडीगार्ड के साथ टू व्हीलर पर लौट रही थी। बॉडीगार्ड टू व्हीलर चला रहा था। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गये। अब पुलिस जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**कई हाईप्रोफाइल लोगों पर सुषमा ने लगाये हैं गंभीर आरोप**

सुषमा बड़ाईक ने कई हाईप्रोफाइल लोगों पर गंभीर आरोप लगाये थे। सुषमा बड़ाईक का नाम सबसे पहले चर्चा में तब आया जब



पीएस नटराजन के साथ उनका वीडियो सामने आया। सुषमा बड़ाइक ने पीएस नटराजन पर यौन शोषण का आरोप लगाया। मामले की जांच हुई, आईपीएस अधिकारी पीएस नटराजन आरोपों से बरी कर दिये गये हालांकि इससे पहले भी साल 2012 में पीएस नटराजन को बर्खास्त कर दिया गया था।

सुषमा बड़ाइक ने 50 से अधिक लोगों पर बलात्कार और यौन शोषण के आरोप लगाये थे। कई मामले अब भी कोर्ट में चल रहे हैं। सुषमा बड़ाइक की बहन माया बड़ाईक ने कहा, उसे लगातार धमकी मिल रही थी। लालपुर में जहां वह रहती थी वहीं के कुछ लोग थे जो धमकी दे रहे थे। उनकी बेटी को लेकर भी शिकायत की थी। पांच दिनों पहले भी उसके दरवाजे पर तोड़फोड़ की थी। उसकी पानी और बिजली काट दी गयी थी। वह सुरक्षित महसूस नहीं कर रही थी। दानिश रिजवान के एक बेटे को भी वह मुश्किल से पाल रही है।

### फेक वकील ने इंजीनियर को लगाया 58 लाख का चूना

रायपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर की पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है। ये जब भी कारोबारियों से मिलता था तो खुद को वकील बताता था। इसने तो खुद का पेट नेम भी वकील ही रखा हुआ था, कहता था लोग मुझे वकील के नाम से जानते हैं। ठग का असल नाम देव सिन्हा है। इसने भिलाई के एक इंजीनियर के साथ करीब 58 लाख 50 हजार की ठगी की। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों में ये बदमाश करोड़ों की ठगी कर चुका है। लोगों को ठगने का काम पूरे प्रोफेशनल अंदाज में होता था। टिकरापारा इलाके में इसने सी.पी.डी.एल सर्विसेज प्रा.लिमिटेड नाम की फर्म खोल रखी थी। ऑफिस में बुलाकर लोगों को झांसे में लिया करता था।



# राहुल की यात्रा का टेंट जलाने की कोशिश

## पुलिस ने 4 लोगों को पकड़ा-बेरोजगार टीचर ने शिकायत की तो गांधी ने गले लगाया



भारत जोड़ो यात्रा में प्रियंका गांधी की बेटी मिराया भी मौजूद थीं।

सवाईमाधोपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बीच कुछ अज्ञात लोगों ने यात्रा से जुड़े एक टेंट में आग लगाने की कोशिश की है। सवाईमाधोपुर के बामनवास में सोमवार देर रात कुछ अज्ञात लोग कार से आए, इस दौरान वहां यात्रा के लिए खाना बनाया जा रहा था। इस बीच 10 से 15 लोगों ने आकर टेंट में गोवंश छोड़कर आग लगाने की तैयारी कर रहे थे। एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने गोवंश को खदेड़ने की कोशिश के दौरान आरोपियों की बात सुन ली। कुछ कार्यकर्ताओं ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगे, पुलिस ने पीछा कर 4 लोगों को पकड़ लिया है। इधर, आज की यात्रा का पहला फेज कंप्लीट होने के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि 16 दिसंबर को ही राहुल गांधी दौसा में एक प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। राहुल की यात्रा का आज राजस्थान में 9वां दिन है।

सवाई माधोपुर में चल रही यात्रा में दिन का दूसरा फेज 3.30 बजे सूरवाल (सवाई माधोपुर) से स्टार्ट होगा।

**डोटासरा की राहुल से शिकायत**

इससे पहले आज सुबह यात्रा में एक बेरोजगार उर्दू टीचर ने राजस्थान सरकार के स्टाफिंग पैटर्न की राहुल से शिकायत की। सवाई माधोपुर के इकराम अहमद ने कहा कि मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा जाता है, वोट के लिए याद किया जाता है, लेकिन जब मुसलमान को हक देने की बात आती है तो वह नहीं मिलता। उर्दू टीचर की भर्ती इसका उदाहरण है। इस पर राहुल ने पूछा की ऐसा क्यों कह रहे हैं, क्या हुआ। युवा ने कहा कि 2021 के बजट में 2100 उर्दू शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी, लेकिन केवल 300 की भर्ती की। स्टाफिंग पैटर्न बदला गया, तब ये गोविंद सिंह डोटासरा ही शिक्षा मंत्री थे। इनके कार्यकाल से ही भर्ती अब तक अटकी है। राहुल गांधी ने डोटासरा से कहा कि युवाओं की रोजगार नौकरी की दिक्कतों को हर हाल में दूर किया जाए। इसके बाद राहुल गांधी ने बेरोजगार उर्दू टीचर को गले लगाया और उर्दू टीचर्स से लेकर माइनॉरिटी की दिक्कतों को दूर करने आश्वासन दिया।

### मुसलमान को केवल वोट बैंक माना

### हक नहीं मिला-बेरोजगार का छलका दर्द, राहुल गांधी ने गले लगाया

सवाई माधोपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मंगलवार को राजस्थान में 9वां दिन है। यात्रा सुबह सवाई माधोपुर में खंडार के जीनापुर से शुरू हुई। 10 बजे यात्रा सूरवाल बाइपास पहुंची। राहुल की यात्रा दुब्बी बनास गांव में विराम लेगी। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक बेरोजगार उर्दू टीचर ने राहुल गांधी से मुलाकात की। जिसमें बेरोजगार शिक्षक ने सरकार के स्टाफिंग पैटर्न की शिकायत की। इकराम अहमद ने कहा कि मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा जाता है। केवल वोट के लिए याद किया जाता है लेकिन जब मुसलमान को हक देने की बात आती है तो वह नहीं मिलता। उर्दू टीचर की भर्ती इसका उदाहरण है। शिक्षक की शिकायत के बाद राहुल गांधी ने गोविंद सिंह डोटासरा से शिक्षक की नाराजगी का कारण पूछा। युवा इकराम ने राहुल से कहा कि 2021 के बजट में 2100 उर्दू शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी लेकिन केवल 300 की भर्ती की। स्टाफिंग पैटर्न बदला गया, तब ये गोविंद सिंह डोटासरा ही शिक्षा मंत्री थे। इनके कार्यकाल में ही स्टाफिंग पैटर्न बदले जाने से उर्दू शिक्षक की भर्ती अटकी है। इस पर डोटासरा ने अपनी सफाई दी।

# बीजेपी की नेताओं ने एक-दूसरे पर बरसाए थप्पड़

## गाली-गलौज के बाद भिड़ीं धमकी भी-उठाकर गाड़ी में पटक दूंगा




रूबिया, उपाध्याय | प्रियंका शर्मा

अलवर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा की जनाक्रोश यात्रा में नेताओं के बीच चल रही खींचतान सामने आने लगी है। मामला अलवर का है। यहां यात्रा के दौरान दो महिला नेताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों ने एक-दूसरे पर थप्पड़ भी बरसाए। मामला इतना बढ़ गया कि वहां मौजूद लोगों का बीच बचाव करना पड़ा।

इधर, इस यात्रा से पहले हुई बैठक में भी दो भाजपा नेताओं के बीच बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि मंडल अध्यक्ष ने दूसरे नेता को धमकाया कि यहां से जाओ नहीं तो उठाकर गाड़ी में पटक दूंगा। ये पूरा मामला अलवर के थानागाजी का है।

**महिला मोर्चा संयोजक व पूर्व जिला मंत्री में विवाद**

दरअसल,10 दिसंबर को थानागाजी के सालेटा में जनाक्रोश यात्रा पहुंची थी। यहां महिला मोर्चा संयोजक प्रियंका शर्मा और पूर्व जिला मंत्री रूबिया उपाध्याय के बीच रथ में बैठने को लेकर विवाद शुरू हो गया। रूबिया ने खुद को सीनियर बताया तो प्रियंका शर्मा भड़क गई और कहने लगी कि तेरी औकात दो कौड़ी की भी नहीं है...इतना सुनते ही रूबिया आग बबूला हो गई और प्रियंका शर्मा को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद दोनों भिड़ गईं और एक-दूसरे पर थप्पड़ बरसाती रही। इस दौरान वहां मौजूद नेता सब देखते रहे।

वहीं, रूबिया ने प्रियंका शर्मा को यह कह दिया कि ये आग लगा रही है सीनियर मैं हूं या ये, इससे पूछो तो सही। इस दौरान वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने मामला शांत करवाया। रुबिया ने कहा कि जनाक्रोश यात्रा की कुल 22 लोगों की टीम है। इसमें मैं महिला संयोजक हूं। मुझे धमरेड़ी मंडल में जाना नहीं हुआ। आगे किशोरी में गए। गड़बसी में मुझे रुबिया सहित चार जनों ने अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद सालेटा पहुंचे तो वहां कार्यक्रम के बाद रुबिया ने मेरे बारे में गलत बात बोली। मुझे धक्का मारा। मैंने मेरे बचाव में हाथ उठाया है। पहले रुबिया ने मुझे थप्पड़ मारा है।

# कोटा में 3 बच्चों का सुसाइड

## पढ़ाई के दबाव से डिप्रेशन में थे, क्लास भी नहीं जा रहे थे, पेरेंट्स को पता नहीं था

कोटा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कोचिंग सिटी कोटा में 12 घंटे में तीन स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली। सोमवार को सुसाइड करने वाले तीनों स्टूडेंट्स राजस्थान के सबसे बड़े इंस्टीट्यूट एलन में पढ़ते थे। शुरुआती इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि ये बच्चे पढ़ाई के दबाव में थे। इस वजह से डिप्रेशन में चले गए।

इसके साथ ही यह भी पता चला है कि ये बच्चे कुछ दिनों से कोचिंग मिस कर रहे थे। अब तक ये खुलासा नहीं हुआ कि वे कितने से कोचिंग नहीं जा रहे थे। दोस्तों और हॉस्टल से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे क्लास और टेस्ट मिस कर रहे थे। इन स्टूडेंट्स का कोई सुसाइड नोट नहीं आया है। कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की आत्महत्या पुलिस के लिए भी पहेली बन गया है। 3 महीने पहले सुसाइड करने वाले स्टूडेंट का सुसाइड नोट सामने आया था। बिहार में गया के रहने वाले 16 साल के अभिषेक ने सुसाइड नोट में लिखा था कि कुछ लोग उसे डिस्ट्रैक्ट कर रहे थे, ताकि वो क्लास अटेंड नहीं कर सके। वह खुद को फेल समझने लगा था। सुसाइड नोट में उसने डिप्रेशन की बात भी कही थी, लेकिन पुलिस अभी भी यह पता नहीं लगा पाई है कि उसे कौन डिस्ट्रैक्ट कर रहा था।

इन सब के बीच, सोमवार को सुसाइड करने वाले दो स्टूडेंट के परिजन कोटा पहुंच गए हैं। शवों का पोस्टमार्टम किया गया। कोटा पहुंचे तीनों परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस दौरान एक स्टूडेंट की बहन व दूसरे स्टूडेंट्स के दोस्त महाराव भीम सिंह अस्पताल(एमबीएस) की मॉर्च्युरी पर मौजूद रहे। जवाहर नगर थाना सीआई वासुदेव ने बताया कि एक स्टूडेंट के परिजन आ गए हैं। दूसरे के आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों के सुसाइड करने के कारण अभी सामने नहीं आया है।

# राजस्थान भाजपा के दिग्गजों को चिंतित कर रहा पार्टी का गुजरात फॉर्मूला

जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पड़ोसी राज्य गुजरात में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा लागू किए गए फामूर्ले से राजस्थान के कई वरिष्ठ नेताओं की नींद उड़ी हुई है।

इसका कारण यह है कि गुजरात में पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को घर बैठने को कह दिया गया था, जबकि फ्रेशर्स को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया। इस प्रयोग से राज्य में भगवा पार्टी को अब तक की सबसे बड़ी जीत मिली। राजस्थान के राजनीतिक गलियारों में चर्चा अब इसी गुजरात फॉमूर्ले पर केंद्रित हो गई है और कई वरिष्ठ नेता दबी जुबान में इस पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि अगर गुजरात फॉर्मूला यहां अपनाया जाता है तो यह कई वरिष्ठ नेताओं के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा, भाजपा के लिए अगला चुनाव केंद्रीय नेतृत्व में संघ की रणनीति से लड़ा जाएगा, जो राजस्थान में काफी मजबूत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के लिए संघ के फैसलों की अनदेखी करना बहुत मुश्किल होगा। पार्टी गुजरात मॉडल को राजस्थान में भी अपनाना चाहती है और नए चेहरों को मौका देना चाहती है। दरअसल गुजरात चुनाव ने साफ कर दिया है कि 10 हजार वोटों से हारने वाले नए नेताओं और 20 हजार से ज्यादा वोटों से हारने वाले पुराने नेताओं को मुकाबले से बाहर रखा ज सकता है। उन्होंने कहा कि कई मौजूदा विधायक, पूर्व विधायक आदि को उनके खराब प्रदर्शन के आधार पर नजरअंदाज किया जा सकता है।

राजस्थान में बीजेपी अपने 'पन्ना' मॉडल को मजबूत करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है। पार्टी पदाधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि 52 हजार में से 47 हजार बूथों पर काम हो चुका है। यह स्पष्ट है कि पार्टी हारने वालों को दोबारा मौका देकर देने के मूड में नहीं है। नए चेहरों को अपनी काबिलियत साबित करने का मौका दिया जाएगा और पार्टी उनका समर्थन करेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत का फार्मूला है, जिसका पालन गुजरात और कर्नाटक चुनावों में किया गया था। हालांकि पार्टी का यह निर्णय संगठन के भीतर संघर्ष को बढ़ा सकता है। चुनाव केंद्रीय नेतृत्व के तहत लड़ा जाएगा और आरएसएस संकटमोचक के रूप में कार्य करेगा।

# चिकित्सा मंत्री के घर के बाहर नौ दिन से धरने पर बैठी थी महिलाएं, पुलिस ने जबरन हटाया




जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के आवास के बाहर नौ दिनों से महिलाएं धरने पर बैठी थी। पुलिसकर्मियों ने मंगलवार सुबह महिलाओं को जबरन धरनेस्थल से उठाकर गाड़ियों में ले गई। महिलाएं एनएनम भर्ती 2018 को पूरा करने की मांग को लेकर धरने पर बैठी थीं। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार परसादी लाल मीणा के घर के बाहर महिलाएं चार दिन से धरने पर थीं। मंगलवार सुबह चार बजे पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारी महिलाओं को जबरन धरनास्थल से उठा दिया। इस दौरान पुलिस जवानों और महिलाओं में बहस में बहस हुई। पुलिस जबरन महिलाओं को अलग-अलग स्थानों पर छोड़कर आई। धरने पर बैठी एक महिला ने बताया कि हमारा नौ दिन तक धरना जारी था लेकिन चिकित्सा मंत्री एक बार भी मिलने नहीं आए। सर्द रातों में हम फुटपाथ पर सो रहे थे। मंगलवार सुबह पुलिस आई और हमें जबरन धरनास्थल से हटा दिया। प्रदर्शनकारियों महिलाओं का आरोप है कि गहलोत सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है।

हम एएनएम भर्ती 2018 भर्ती को पूरा करने की मांग कर रही है। कोर्ट के आदेश के बाद भी अधिकारी एएनएम भर्ती को पूरा नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिल पाई है।

### व्यापारी से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी, नहीं देने पर राजू ठेहट जैसा हाल करने की धमकी

जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर के एक प्रॉपर्टी डीलर से गैंगस्टर रोहित गोदारा ने पांच करोड़ रुपए फिरौती मांगी है। रोहित गोदारा ने फोन पर व्यापारी धमकी दी कि अगर जिंदा रहने है तो पैसे दे दे। नहीं तो राजू ठेहट की तरह तुझे गोलियां मारूंगा। मामला हरमाड़ा थाना इलाके का है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर शाम साढे. 6 बजे एक बदमाश का फोन आया था। उसने व्यापारी को धमकाते हुए पांच करोड़ रुपए की मांग की। इस दौरान बदमाश ने कहा कि राजू ठेहट को 25 गोलियां मारी है। तूझे 50 गोलियां मारूंगा। पुलिस ने रोहित गोदारा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पीएम मोदी की सभा में भिड़ गए थे डीएसपी और सीआई

## अनुशासन तोड़ने को लेकर अब सस्पेंड



बांसवाड़ा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम आए थे। पीएम की सभा में डीआईजी के सामने ही डीएसपी और सीआई एक दूसरे से भिड़ गए थे। अब झगड़ने वाले डीएसपी विवेक सिंह और इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह को पुलिस मुख्यालय ने सस्पेंड कर दिया है।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार डीजीपी उमेश मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। पीएम मोदी की सभा के दौरान डीएसपी विवेक सिंह और इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह एक दूसरे से भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे पर अभद्रता और अनुशासनहीनता का आरोप लगाया था। इस संबंध में दोनों ने लिखित शिकायत दी थी। जिसके बाद आईजी ने एएसपी अंजना सुखवाल के नेतृत्व में जांच कराने के निर्देश दिए थे। वायरल वीडियो और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के बयान पर दोनों को अनुशासनहीनता का दोषी माना गया है। निलंबन के दौरान विवेक सिंह का मुख्यालय पीएचक्यू और शैलेन्द्र का मुख्यालय डूंगरपुर पुलिस लाइन रहेगा।

**क्या है मामला**

बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पर पीएम नरेंद्र मोदी की जनसभा थी। सभा के दौरान कई जिलों की पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। पब्लिक एंट्री वाले गेट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रस्सा लगाया गया था।

डीआईजी सिक्योरिटी ने कार्यक्रम के बाद रस्सा जमा कराने के लिए डीएसपी विवेक सिंह राव को कहा। राव की पोस्टिंग उदयपुर में अभय कमान में है। राव ने कहा कि सागवाड़ा सीआई शैलेंद्र सिंह चौहान और आंतरी (डूंगरपुर) थानाधिकारी देवेंद्र सिंह लोकल ही हैं। ये लोग मिलकर रस्सा जमा करा देंगे। थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने रस्सा जमा करने से इनकार कर दिया। इसी बात पर दोनों में गाली-गलौज शुरू हो गई और दोनों एक दूसरे से भिड़ गए।

# जनाक्रोश रैली में बीजेपी विधायक पर भड़के लोग, वापस लौटे

## एमएलए ने कहा-काम नहीं कराया तो वोट न देना, लेकिन धमकाओ मत

नागौर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। नागौर जिले की मकराना विधानसभा के चावण्डिया गांव में ये बातें भाजपा विधायक रूपाराम मुरावतिया को जनाक्रोश यात्रा के दौरान सुनने को मिली। अपने ही क्षेत्र में लोगों के गुस्से का सामना करने के बाद विधायक को कहना पड़ा कि काम नहीं हुआ है तो वोट मत देना, लेकिन धमकाओ मत। लोगों के विरोध के 3 वीडियो सामने आने के बाद मुरावतिया ने कहा कि यह कांग्रेस के लोगों की साजिश थी। हमने क्षेत्र में पर्याप्त विकास के काम कराए हैं।

इन दिनों प्रदेश भाजपा संगठन राज्य की सभी 200 विधानसभाओं में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालकर चुनावी माहौल तैयार कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मकराना विधानसभा क्षेत्र में एमएलए रूपाराम मुरावतिया की अगुवाई में गांव-गांव में रैलियां निकाली गई थीं। इस दौरान उन्हें बरवाला, चावण्डिया और गेलासर गांव में जबरदस्त विरोध झेलना पड़ा। पहला वीडियो गेलासर गांव का बताया जा रहा है। यहां नरेगा



श्रमिकों ने विधायक से कहा कि उनके क्षेत्र में श्रमिकों को न समय पर मजदूरी मिल रही है और न ही पूरा काम। हालांकि मुरावतिया उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन वे सुनने को ही तैयार नहीं थे। ऐसे में काफी प्रयास करने के बाद भी जब समझाइश सफल नहीं हुई और बात बिगड़ने लगी तो एमएलए मुरावतिया वहां बैठे श्रमिकों का हाथ जोड़कर चुपचाप निकल गए। उधर, श्रमिक पीछे जमकर चिल्लाते रहे।

**चावण्डिया में बोले- धमकाओ मत, वोट जंचे तो देना**

दूसरा वीडियो चावण्डिया गांव का बताया जा रहा है। जहां एमएलए को लोगों ने खूब खरी खोटी सुनाई। विधायक को घेरते हुए लोगों ने नाराजगी जाहिर की। एमएलए मुरावतिया लोगों को समझाने लगे तो लोग उल्टा आवेश में आ गए। इस पर एमएलए मुरावतिया ने उन्हें कहा कि अगर आप लोगों को लग रहा है कि मैंने कोई काम नहीं कराया है तो आप मुझे वोट मत देना, लेकिन धमकाओ मत।

**बरवाली में लोगों ने किया जबरदस्त विरोध**

तीसरा वीडियो बरवाली गांव का बताया जा रहा है। वहां भी लोगों ने विकास कार्यों की अनदेखी करने और द्वेषपूर्ण राजनीति को लेकर एमएलए मुरावतिया का विरोध किया। यहां एमएलए मुरावतिया ने उन्हें खूब समझाया, लेकिन लोग नहीं माने और लगातार आलोचना करते रहे।

**मुरावतिया बोले-ये सब कांग्रेसियों का प्लांड अभियान**

इस पूरे मामले को लेकर दैनिक भास्कर ने मुरावतिया से बात की तो उन्होंने बताया कि मकराना विधानसभा के कुल 85 गांवों में जनाक्रोश रैलियां निकालीं गईं।

### नोटिस तामील करवाने आई पाली पुलिस पर हमला, हॉकी से कांस्टेबल का पैर तोड़ा

बाड़मेर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बाड़मेर के चौहट्टन में नोटिस तामील कराने आई पाली पुलिस पर लोगों ने हमला कर दिया। हमले में एक कांस्टेबल घायल हो गया। सूचना पर पहुंची चौहटन पुलिस ने कांस्टेबल को अस्पताल में भर्ती करवाया। रिपोर्टस के अनुसार पाली जिले के सांडेराव थाना का एक कांस्टेबल मोहनलाल पुत्र पूनमाराम धोखाधड़ी के मामले में नोटिस तामिल करवाने के लिए आरोपी के घर चौहटन दूधवा पहुंचा। आरोपी के घर पहुंचने से पहले ही 4-5 लोगों ने कांस्टेबल मोहनलाल को घेर लिया और रास्ता रोककर उसके मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में कांस्टेबल का पैर फ्रैक्चर हो गया। सूचना मिलने पर चौहटन पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद कांस्टेबल को चौहटन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# लाश देखकर बेटी बोली : मम्मी सो क्यों रही है?

## 2.17 मिनट का आखिरी फोनकॉल, जिसके बाद बिजनेसमैन की पत्नी फंदे से लटक गई



पाली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। 30 साल की हेमलता ने 8 साल की बेटी खुशबू को खूब लाड-प्यार किया और मोबाइल देकर कहा- हॉल में जाकर मोबाइल देख लो और खुद कमरे में चली गई। कुछ समय बाद घर के बाहर भीड़ थी। पुलिस जमा थी। खुशबू की समझ में कुछ नहीं आ रहा था। खुशबू के नाना भी वहां पहुंच गए थे। खुशबू मोबाइल छोड़कर नाना के पास गई और बोली- नाना-मम्मी के गले में क्या हुआ है? मम्मी सो क्यों रही है? दोहिती की बात सुनकर नाना फूट-फूटकर रोने लगे।

हेमलता की शादी 10 साल पहले 12 जून 2012 को बिजनेसमैन जितेन्द्र सिंह राजपुरोहित के साथ हुई थी। दोनों के एक बेटी है। रविवार देर शाम घर में केवल उसकी बेटी थी। ससुर दूध लेने बाहर गए थे। फंदा लगाने से पहले उसने अपनी बेटी को खूब लाड-प्यार किया। मोबाइल देकर हॉल में बैठाया और कमरे में जाकर जान दे दी। ससुर घर लौटे तो सुसाइड का पता चला। हेमलता के पिता जोरसिंह ने आरोप लगाया है कि पति के तानों और झगड़े से परेशान होकर उनकी बेटी ने सुसाइड कर लिया। जोर सिंह का कहना है कि बेटी हैदराबाद में अपने पति और ससुराल वालों के साथ रहती थी। पाली में भी उनका एक मकान है। पति के तानों से परेशान होकर बेटी पिछले महीने नवंबर को पाली में अपने ससुराल के घर में आ गई। यहां उसके ससुर भी थे। मरने से पहले का एक ऑडियो भी सामने आया है। जिसमें उसकी अपने पति के साथ बातचीत है। पति उसे हैदराबाद आने या फिर अपने मायके चले जाने की बात कह रहा है। इस पर वह कहती है, मैं यहां पाली रह रही हूं मेरा घर है। मेरा हक हैं यहां पर। शादी करके आई हूं आपसे...।

# सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य ने गति पकड़ी



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेल मंत्रालय ने स्टेशनों पर भव्य विशेषताओं के साथ विश्व स्तरीय सुख-सुविधाएं प्रदान करने और स्टेशनों का सौंदर्यीकरण करने हेतु 'रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास' की प्रतिष्ठित परियोजना आरंभ किया है। इसके अंतर्गत दक्षिण मध्य रेलवे ने सिकंदराबाद स्टेशन का उन्नयन कार्य आरंभ की है और मेसर्स गिरधारीलाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को अक्तूबर, 2022 में इसका ठेका प्रदान किया है। परियोजना को ईपीसी मोड में प्रदान किया गया है और 36 महीनों के भीतर अर्थात् अक्तूबर, 2025 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इस परियोजना का निष्पादन लागत 699 करोड़ रुपये है। निर्धारित समय में काम पूरा करने के लिए आवश्यक मौलिक कार्य आरंभ हो चुका है। पहले चरण में, लीड डिज़ाइन निदेशक, संरक्षा सलाहकार और प्रूफ सलाहकारों की नियुक्ति की गई है ताकि समय के भीतर डिज़ाइन से संबंधित कार्यों को अंतिम रूप दिया जा सके. भवन के नए अवसंरचना डिजाइन का मूल्यांकन करने के लिए आईआईटी दिल्ली को प्रूफ सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा, स्थान का पूरा विवरण देते हुए टोपोग्राफिक सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। बेसमेंट, ग्राउंड, मेजेनाइन, पहली और दूसरी मंजिल जैसे विभिन्न स्तरों पर प्रस्तावित सतह की ऊंचाई का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण कार्य किया गया है. स्टेशन के पुनर्विकास से संबंधित प्रस्तावित भवन अवसंरचना, स्काई कॉनकोर्स, एफओबी आदि के निर्माण संबंधी डिजाइन के 3डी प्लांट बनाने के लिए भी वास्तुकार इस टोपोग्राफिकल सर्वेक्षण का उपयोग करते हैं। मिट्टी की स्थिति का पता लगाने और तदनुसार भवन अवसंरचनाओं/ इस्पात अवसंरचनाओं की नींव को डिजाइन करने के लिए स्टेशन भवन के उत्तर और दक्षिण टर्मिनलों में विभिन्न स्थानों पर भू-तकनीकी परीक्षण अर्थात् मिट्टी का अन्वेषण भी किया गया है. स्टेशन उन्नयन के अंतर्गत रेल सुरक्षा बल शस्त्रागार और कैश गार्ड को शामिल करते हुए एक नए भवन/ अवसंरचना का निर्माण किया जा रहा है. इसके लिए पुराने रेलवे क्वार्टरों को ढाने की आवश्यकता है। अतः निर्माण कार्य शुरू करने हेतु इन अवसंरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया है। निर्माण कार्य आरंभ करने और वास्तविक समय के आधार पर कार्य की निगरानी करने के लिए, मौजूदा सिकंदराबाद स्टेशन भवन के दक्षिणी ओर साइट प्रयोगशाला के साथ साइट कार्यालय स्थापित किया गया है। सिकंदराबाद स्टेशन, इस जोन का एकमात्र एनएसजी 1 श्रेणी स्टेशन (गैर उपनगरीय ग्रेड 1) है, जो सालाना 20 मिलियन से अधिक यात्रियों का वहन करता है।

# अधिक नवोन्मेषी हों और नए आविष्कार करें उद्योगपति : केटीआर

## दाइफुकु तेलंगाना में करेगा 450 करोड़ का निवेश




हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने मंगलवार को दाइफुकु कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो स्वचालित सामग्री प्रबंधन तकनीक और समाधान प्रदान करके तेलंगाना में एक नई विनिर्माण सुविधा स्थापित करेगी। स्वचालित सामग्री प्रबंधन प्रौद्योगिकी का दुनिया का अग्रणी प्रदाता 450 करोड़ का निवेश करेगा और 800 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। आईटी और उद्योग मंत्री केटी रामाराव की उपस्थिति में, राज्य सरकार के अधिकारियों और दाइफुकु के प्रतिनिधियों ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और कंपनी ने राज्य में एक नई विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का वादा किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि वे चाहते हैं कि उद्योगपति अधिक नवोन्मेषी हों और नए आविष्कार करें। मंत्री केटीआर ने कहा कि भारत को आर्थिक विकास हासिल करने के लिए दुनिया के विभिन्न हिस्सों और पोल-वॉल्ट से सर्वोत्तम तत्वों को चुनना है। स्कूली स्तर पर बुनियादी डिजाइन सोच और उच्च शिक्षा में शिक्षुता मॉडल पेश करने और बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा करने की आवश्यकता है।

मंत्री ने कहा कि अपेक्षाकृत छोटे जनसंख्या आकार, लगातार भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं, हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु विस्फोटों के इतिहास के बावजूद, जापान एक प्रमुख आर्थिक शक्ति बना हुआ है। दंडुमलकापुर में औद्योगिक पार्क का उदाहरण देते हुए, मंत्री ने कहा कि कि उद्योगपति अपने संचालन को बढ़ाने और राज्य में बड़े पार्क स्थापित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करें। इस अवसर पर जुबली हिल्स के विधायक मगंती गोपीनाथ, प्रमुख सचिव, उद्योग विभाग जयेश रंजन, विशेष सचिव (निवेश प्रोत्साहन और बाहरी जुड़ाव) डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी, टीएसआईआईसी के एमडी नरसिम्हा रेड्डी, श्रीनिवास गरिमेला, प्रबंध निदेशक, दाइफुकु की भारतीय सहायक, वेगा कन्वेयर और इसके कार्यकारी निदेशक उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्ताव तैयार किया जाए : राहुल राज



आसिफाबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि जिला केन्द्र में जुबली बाजार को मुख्य मार्ग एवं मंचिर्याला जाने वाली सड़क से जोड़ने वाले सड़क निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार किये जायें। पथ निर्माण विभाग एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों के साथ पथ निर्माण क्षेत्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला केंद्र से मंचिर्याला तक सड़क संपर्क, पुल निर्माण एवं अन्य कार्यों से संबंधित प्रस्तावों के साथ एक पूरी रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि जिले के निवासियों को आरामदायक यात्रा प्रदान की जा सके।बाहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सड़कें बनाकर्।इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी व अन्य शामिल हुए।

# भय को समाप्त करने के लिए आत्मविश्वास जागृत करना जरूरी : बीके अंजलि बहन



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रह्माकुमारीज हिमायतनगर केंद्र की बीके अंजलि बहन ने बताया कि इंसान अज्ञात परिस्थितियों से डरता है। अकेलेपन के कारण डर लगता है। हार जाने का डर लगता है। कुछ खोने का डर लगता है। भय को समाप्त करने के लिए आत्मविश्वास जागृत करना पड़ता है। भय का सामना हिम्मत से करना होता है। जब हम परमात्मा में पूरी आस्था रखते है, तो डर नाम की चीज हो ही नहीं सकती। अंधेरे से डर लग सकता है। उजाले में तो हम आराम अनुभव करते हैं। जब परमात्मा से हम मन से जुड़ जाते है तो हमारे जीवन में प्रकाश आता और तब भय की बात ही नहीं रहती। जीवन में समर्पणता को धारण करते है तो भय की बात ही नहीं रहती। डर का और एक कारण है- मेरे विचारों को, भावनाओं को किसी ने सम्मान नहीं दिया और ठुकराया तो मैं वह तत्काल कैसे सहन कर सकूंगा? इसलिए भी डरते हैं। मन को सशक्त बनाने के लिए, मनोबल बढाने के लिए ऊपर बताई गई बातें-जैसे अहंकार का त्याग कर नम्रता को धारण करना, परमात्मा पर अपना सर्वस्व न्योछावर करना आदि विधियों को अपनाना चाहिए।

## हैदराबाद 10के रन का 18वां संस्करण 18 को

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोविड महामारी के कारण दो साल के ब्रेक के बाद, हैदराबाद 10के रन का 18वां संस्करण 18 दिसंबर को नेकलेस रोड पर आयोजित होने के लिए तैयार है। देश में सबसे पुराने रनों में से एक माने जाने वाला हैदराबाद 10के में लगभग 5,000 शौकिया और पेशेवर धावकों के शामिल होने की उम्मीद है।

16 और 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक पीपल्स प्लाजा में होने वाले रेस एक्सपो में दौड़ में दो श्रेणियां होंगी, जिसमें टाइम्ड 10के रन और बिब के साथ 5के फन-रन और रेस किट वितरण शामिल है। हैदराबाद 10के फाउंडेशन ने मंगलवार को श्यामगोपाल रेड्डी, सुरेश बाबू, बॉस्को, शिवानी मुआपुदी विशवा, चंद्रशेखर सहित इसके पदाधिकारियों की मौजूदगी वाले एक कार्यक्रम में दौड़ पूरी करने वाले प्रतिभागियों को दिए जाने वाले आधिकारिक कार्यक्रम की टी-शर्ट और एक फिनिशर पदक का अनावरण किया।

10 किलोमीटर की दौड़ पीपल्स प्लाजा से शुरू होगी और प्रतिभागियों को हुस्न सागर के आसपास दौड़ लगानी होगी और शुरुआती बिंदु पर खत्म करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 दिसंबर है और व्यक्ति मौके पर भी पंजीकरण करा सकते हैं। रन के लिए रिपोर्टिंग टाइम शाम 5.30 बजे है। 10 हजार एलीट रनर्स सुबह 6.15 बजे, जनरल कैटेगरी रन 6.20 बजे और 5 किमी फन रन शाम 6.30 बजे शुरू होंगे।

## सीपी ने पुलिस भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सरूरनगर स्टेडियम में चल रही पुलिस भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा का मंगलवार को रचाकोंडा सीपी महेश भागवत ने निरीक्षण किया। सीपी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की है और अधिकारियों को उम्मीदवारों को परेशानी मुक्त तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। सीपी ने उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए उपस्थित होने के दौरान उचित देखभाल और सावधानी बरतने का निर्देश दिया है। डीसीपी सनप्रीत सिंह, एसीपी श्रीधर रेड्डी, एडिशनल डीसीपी शमीर सीएआर अंबरपेट और राचकोंडा के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## जीएचएमसी के अधिकारियों ने कोंडापुर में अतिक्रमण हटाया



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के अधिकारियों ने कोंडापुर में जेवीजी हिल्स पार्क, हाई टेंशन रोड पर अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

सड़क के दोनों ओर फुटपाथों पर उगने वाली अस्थायी संरचनाओं को अधिकारियों द्वारा अर्थ मूवर्स का उपयोग करके खींच लिया गया। पुलिस की मौजूदगी में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। जीएचएमसी ने हाल ही में दक्षिण क्षेत्र में भी एक विध्वंस अभियान चलाया था और कई अस्थायी ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया था। जीएचएमसी एक साथ फुटपाथ बना रहा है और नव निर्मित फुटपाथ यात्री सुविधाओं और मौजूदा लोगों की सुरक्षा के लिए प्रवर्तन गतिविधि कर रहा है।

# सरकारी स्कूलों को कॉर्पोरेट लुक देती 'मन ऊरु मन बड़ी' योजना



वारंगल/हनमकोंडा, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार के प्रमुख कार्यक्रम 'मन ऊरु मन बड़ी' के तहत चुने गए कई सरकारी स्कूल, अब पूर्ववर्ती वारंगल जिले के कॉर्पोरेट स्कूलों से मिलते जुलते हैं। पूर्ववर्ती जिले में 'मन ऊरु मन बड़ी' कार्यक्रम के पहले चरण में सुविधाओं में सुधार के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्च विद्यालयों सहित कुल 1,165 स्कूलों को चुना गया था, जिसके लिए राज्य सरकार ने 250 करोड़ रुपये मंजूर किए थे।

इसके हिस्से के रूप में, जिला अधिकारियों ने पानी की सुविधा के साथ शौचालयों के निर्माण, विद्युतीकरण, पेयजल आपूर्ति, छात्रों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त फर्नीचर, पूरे स्कूल को रंगने, हरे चाक बोर्ड बनाने, चारदीवारी, रसोई घर बनाने, हाई स्कूलों में जर्जर कमरों की जगह क्लासरूम, डाइनिंग हॉल और इन स्कूलों में डिजिटल शिक्षा की सुविधा आदि काम करने के लिए काम किया है।

जनगांव जिले में योजना की प्रगति के बारे में विवरण देते हुए, कलेक्टर सीएच शिवलिंगैया ने कहा कि उन्होंने योजना के तहत कुल 176 स्कूलों का चयन किया था। उन्होंने कहा कि 62 स्कूलों में काम पहले ही पूरा हो चुका है, 103 स्कूलों में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि नौ और स्कूलों में काम करने के लिए निविदाएं बुलाई जाएंगी। महबूबाबाद के जिला कलेक्टर के शशांक ने कहा कि उन्होंने योजना के पहले चरण में 16 मंडलों के 316 स्कूलों में मरम्मत और मरम्मत का काम शुरू किया था। हम 32 स्कूलों को मॉडल स्कूल बना रहे हैं। 32 के मुकाबले चार स्कूलों का काम पूरा हो चुका है, जबकि नौ स्कूलों में काम तेजी से चल रहा है और पांच स्कूलों में 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के तहत लिए गए स्कूलों में लंबित कार्यों को दिसंबर के अंत तक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी, जिन्होंने कुछ दिन पहले एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, ने कलेक्टरों को स्कूलों का दौरा करने और पुस्तकालय स्थापित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया था। उन्होंने अधिकारियों से उन स्कूलों की पहचान करने को भी कहा जहां सौर फोटोवोल्टिक पैनल स्थापित किए जा सकते हैं।

वारंगल के जिला कलेक्टर डॉ. बी. गोपी ने कहा कि उन्होंने पहले चरण में कार्यक्रम के तहत सुविधाओं में सुधार के लिए 223 स्कूलों को चुना था। काम कई चरणों में है। हम दिसंबर के अंत तक उन्हें खत्म करने के लिए काम पर हैं। हनमकोंडा जिले में, कुल 492 स्कूलों के मुकाबले 176 स्कूलों (84 प्राथमिक विद्यालय, 18 उच्च प्राथमिक विद्यालय और 74 उच्च विद्यालय) को नवीनीकरण के लिए लिया गया है।



दिव्यांगों के लिए आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम के कोच चंद्रभान गिरि का सम्मानित करते हुए हिंदी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल एवं उपप्राचार्या श्रीमती अश्वनी सनपूरकर। चन्द्रभान गिरि हिंदी महाविद्यालय में कार्यरत हैं एवं भारतीय दिव्यांग टीम के भी कोच हैं।



राजस्थान पाली जिला बीजेपी युवा अध्यक्ष कन्हैया लाल ओझा ने सिकंदराबाद श्री उज्जैनी महाकाली माता के दर्शन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय गौ सेवा संघ तेलंगाना के अध्यक्ष गज्जू भाई कोलारिया ने उनका स्वागत किया। साथ में दिनेश पांडे (मुल्ताई) घनश्याम व्यास, नवीन तिवारी, व अन्य।

# बेटे ने पिता की हत्या कर 32 टुकड़े किए

## खेत में पानी न डालने को लेकर हुआ था झगड़ा



बेंगलुरू, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। राज्य के बागलकोट जिले में एक व्यक्ति ने अपने पिता की हत्या करके 32 टुकड़े कर दिए। हत्या के बाद शव को एक बोरवेल में फेंक दिया। हत्या का खुलासा होने पर पुलिस ने जेसीबी की मदद से बोरवेल को खुदवाकर बॉडी के पार्ट्स को निकाला।

पुलिस ने आरोपी बिट्ठल कुलाल को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, पिछले मंगलवार को बिट्ठल का अपने 54 साल के पिता परशुराम कुलाल से गन्ने के खेत में पानी न डालने के कारण झगड़ा हुआ था। इस दौरान परशुराम ने अपने बेटे की पिटाई भी कर दी थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी बिट्ठल ने अपने पिता के सिर पर लोहे की रॉड से मार दी, जिससे परशुराम की मौके पर ही मौत हो गई।

### नशे में हमेशा बेटे को पीटता था पिता

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने हत्या की बात कबूल ली है। बिट्ठल ने बताया कि उसका पिता हमेशा शराब के नशे में उसे पीटता था, उसे गालियां देता था, जिसे वह सहन नहीं कर पाया। मृतक के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा और पत्नी मारपीट के चलते ही पिछले कई सालों से अलग रह रहे हैं।

### कैसे सामने आया मामला

पुलिस के मुताबिक बड़े बेटे और पत्नी की शिकायत के बाद मामले का खुलासा हुआ। परिजन ने बताया कि परशुराम के रोज-रोज के मारपीट से तंग आकर दोनों उससे अलग रहने लगे थे। घटना के तीन दिन बाद परिवार ने जब छोटे बेटे से परशुराम के बारे में पूछा तब उसने हत्या के बारे बताया। मां और बड़े बेटे ने उसे सरेंडर करने के लिए भी कहा, लेकिन वह नहीं माना। जिसके बाद परिजनों ने मुधोला थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# भगिनी समाज का पर्यटन कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री गुजराती प्रगति समाज हैदराबाद की संस्था श्री गुजराती भगिनी समाज का पर्यटन कार्यक्रम का आयोजन इंजापुर स्थित परम पूज्य रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौसाला में सम्पन्न हुआ। समाज की अध्यक्षा कोकीलाबेन पारेख ने बताया कि लव फॉर काऊ फाउंडेशन के सहयोग से गौशाला प्रांगण मे पर्यटन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वामीनारायण गुरूकुल के ट्रस्टी नानजीभाई पटेल, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, रंजना शाह एवं जयंती पटेल, आल इंडीया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट के चेयरमेन आर.के. जैन ने भाग लिया। पर्यटन कार्यक्रम मे पधारी सभी भगीनीयों का महिला विभाग की अध्यक्ष कोकीला पारेख ने स्वागत किया, मंत्राणी आरती पुरोहित ने कार्यक्रम का संचालन किया। गौशाला पधारी सभी भगीनी बहनो ने प्रथम गौ पूजा, गौ सेवा का आनंद उठाया। अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। रंजना शाह ने पधारी सभी महिलाओ को अपने सामाजीक, धार्मिक कार्यक्रमो के साथ साथ गौसेवा में जुडने का आह्वान किया।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## चीन की 43 ...

दोनों देश एक-दूसरे को मान्यता नहीं देते। लेकिन, चीन दावा करता है कि ताइवान भी उसका ही हिस्सा है।

11 मार्च 2020 को लोकसभा में दिए जवाब में उस वक्त के विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने बताया था कि लद्दाख का करीब 38 हजार स्कायर किमी का हिस्सा चीन के कब्जे में है। इसके अलावा 2 मार्च 1963 को चीन-पाकिस्तान के बीच हुए एक समझौते के तहत पाकिस्तान ने पीओके का 5 हजार 180 स्कायर किमी चीन को दे दिया था।

अभी जितने भारतीय हिस्से पर चीन का कब्जा है, उतना एरिया स्विट्जरलैंड का भी नहीं है। कुल मिलाकर चीन ने भारत के 43 हजार 180 स्कायर किमी पर कब्जा जमा रखा है, जबकि स्विट्जरलैंड का एरिया 41 हजार 285 स्कायर किमी है। इसके अलावा चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार स्कायर किमी के हिस्से पर अपनी दावेदारी करता है।

1949 में कम्युनिस्ट सरकार बनने के बाद से ही चीन दूसरे देशों, इलाकों पर कब्जा जमाता रहता है। चीन की सीमाएं 14 देशों से लगती है, लेकिन एक रिपोर्ट बताती है कि चीन 23 देशों के इलाकों को अपना हिस्सा बताता है।

चीन दक्षिणी चीन सागर पर भी अपना हक जताता है। इंडोनेशिया और वियतनाम के बीच पड़ने वाला यह सागर 35 लाख स्कायर किमी में फैला हुआ है। यह सागर इंडोनेशिया, चीन, फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ताइवान और ब्रुनेई से घिरा है। लेकिन, सागर पर इंडोनेशिया को छोड़कर बाकी सभी 6 देश अपना दावा करते हैं।

आज से कुछ सालों पहले तक इस सागर को लेकर कोई तनातनी नहीं होती थी। लेकिन, आज से करीब 5 साल पहले चीन के समंदर में खुदाई करने वाले जहाज, ईंट और रेत लेकर दक्षिणी चीन सागर पहुंचे। पहले यहां एक छोटी समुद्री पट्टी पर बंदरगाह बनाया गया। फिर हवाई जहाजों के उतरने के लिए हवाई पट्टी। और फिर देखते ही देखते चीन ने यहां आर्टिफिशियल द्वीप ही तैयार कर सैन्य अड्डा बना दिया।

चीन के इस काम पर जब सवाल उठे, तो उसने दावा किया कि दक्षिणी चीन सागर से उसका ताल्लुक 2 हजार साल से भी ज्यादा पुराना है। इस सागर पर पहले जापान का कब्जा हुआ करता था, लेकिन दूसरे विश्व युद्ध के खत्म होने के तुरंत बाद चीन ने इस पर अपना हक जता दिया।

# बांग्लादेश से 1 भी टेस्ट नहीं हारा है भारत

## दो मैचों की सीरीज आज से, दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

खेल डेस्क, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत-बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट की सीरीज 14 दिसंबर से शुरू हो रही है। दोनों मुकाबले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के हिसाब भारत के लिए बहुत अहम हैं। वनडे सीरीज में 2-1 से हार के बाद टीम इंडिया अटैकिंग अप्रोच अपनाएगी और टेस्ट सीरीज जीतकर बांग्लादेश से बदला लेना चाहेगी। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि इस फॉर्मेट में उसे बांग्लादेश के खिलाफ 22 साल में अब तक 1 भी मुकाबले में हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

2-0 से सीरीज जीतने पर भारत डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर भी आ सकता है। वहीं, बांग्लादेश को भारत के ऋषभ पंत और रविचंद्रन अश्विन जैसे प्लेयर्स से बचना होगा। खबर में आगे हम आपको पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया की स्ट्रैटजी और दोनों टीमों पॉसिबल प्लेइंग-11 बताएंगे। साथ ही बताएंगे कि टेस्ट सीरीज जीतने पर भारत WTC फाइनल में एंट्री के करीब कैसे पहुंच सकता है।

**भारत का पलड़ा भारी**

दोनों देशों के बीच अब तक 11 टेस्ट खेले गए। 9 भारत ने जीते और 2 मैच ड्रॉ रहे। बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं जीत सकी। भारत ने 9 में से 5 बार उन्हें पारी के अंतर से हराया है। 2 बार 9 विकेट से ज्यादा और 2 बार 100 रन से ज्यादा के अंतर से हराया है। भारत ने बांग्लादेश में भी 8 टेस्ट खेले हैं, इनमें से 6 जीते और 2 टेस्ट ड्रॉ रहे।

**टीम इंडिया के पास मजबूत बैटिंग ऑर्डर**

वनडे सीरीज में 2-1 से हार के बाद टीम इंडिया टेस्ट सीरीज में एग्रेसिव अप्रोच अपनाएगी। टीम बांग्लादेश को हावी होने का कोई भी चांस नहीं देगी। टीम में राहुल, गिल, कोहली, पुजारा, अय्यर और पंत के रूप में मजबूत बैटिंग लाइन-अप है। अश्विन और अक्षर के रूप में 2 टॉप क्लास स्पिनर भी मौजूद हैं। जो लोअर ऑर्डर में बैटिंग भी कर सकते हैं।

बॉलिंग में भारत के पास कुलदीप यादव के रूप में तीसरा स्पिनर मौजूद है। साथ ही उमेश यादव और मोहम्मद सिराज के रूप में बेहतरीन पेसर्स अवेलेबल हैं। दोनों ही लगातार 140 किमी से ज्यादा की स्पीड से बॉलिंग कर बांग्लादेशी बैटर्स को परेशान कर सकते हैं।

**बांग्लादेश में भारत का टेस्ट में प्रदर्शन**



| मैच | जीता | हारा | ड्रॉ |
| --- | --- | --- | --- |
| 08 | 06 | 00 | 02 |

**राहुल दूसरी बार करेंगे कप्तानी**

रोहित शर्मा वनडे सीरीज में चोटिल होकर पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह केएल राहुल टीम की कमान संभालेंगे। राहुल ने इसी साल जनवरी में साउथ अफ्रीका दौरे पर पहली बार टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। साउथ अफ्रीका ने यह मैच 7 विकेट से जीता था।

राहुल सीरीज के दोनों मैच जीतकर टेस्ट कप्तान के रूप में अपना रिकॉर्ड सुधारना चाहेंगे। टेस्ट के अलावा राहुल ने 7 वनडे में भी कप्तानी की है। इनमें भारत को 4 में जीत और 3 में हार मिली। एक टी-20 में भी उन्होंने टीम इंडिया की कप्तानी की, इसमें भारत को जीत मिली थी।

**पंत टेस्ट के पीक फॉर्म में**

24 साल के विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत टेस्ट में भारत के लिए सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 10 मैचों में वे 720 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 4 फिफ्टी भी निकली हैं। उनके अलावा केएल राहुल ने 7 मैचों में 541 रन बनाए हैं। उनके बैट से भी 2 सेंचुरी आई हैं।

**एशियन पिचेस के मास्टर हैं अश्विन**

एशिया में रविचंद्रन अश्विन 58 टेस्ट में 355 विकेट ले चुके हैं। वे भारत के अनिल कुंबले और श्रीलंका के मुथैया मुरलीथरन से ही पीछे हैं। उन्होंने इस वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 7 मैचों में भी 29 विकेट अपने नाम किए हैं। ऐसे में बांग्लादेश के लिए टेस्ट में भारत से पार पाना बहुत मुश्किल होगा।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

भारतः केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेशः शाकिब अल हसन (कप्तान), मोमिनुल हक, अनामुल हक, लिटन दास, मुश्फिकुर रहीम, नजमुल होसैन शांतो, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, इबादत हुसैन, तैजुल इस्लाम और शोरिफुल इस्लाम।

**मैच जीतने पर डब्ल्यूटीसी में तीसरे पर होगा भारत**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में भारत 52.08% पॉइंट के साथ चौथे नंबर पर है। पहला मैच जीतने पर 55.76% होंगे। ऐसे में टीम इंडिया पॉइंट्स टेबल में श्रीलंका को पीछे कर तीसरे नंबर पहुंच जाएगी। श्रीलंका के इस वक्त 53.33% पॉइंट्स हैं। 75% पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया पहले और 60% पॉइंट्स के साथ साउथ अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। मैच हारने और ड्रॉ होने पर भारत चौथे नंबर पर ही रहेगा।

**सीरीज जीतते ही नंबर-2 पर पहुंचेगा भारत**

2-0 सीरीज जीतने पर भारत के 58.92% पॉइंट्स हो जाएंगे। वहीं, 17 दिसंबर को शुरू होने वाले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अगर साउथ अफ्रीका को हरा दे तो भारत पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगा। ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका का मैच ड्रॉ रहा तो भी भारत दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। साउथ अफ्रीका के जीतने पर भारत तीसरे नंबर पर रहेगा।

1-0 से सीरीज जीतने टीम इंडिया पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रहेगी। 1-1 और 0-0 से सीरीज ड्रॉ होने पर भारत चौथे नंबर पर रहेगा। 0-1 या 0-2 से सीरीज हारने पर भारत पांचवें स्थान पर पहुंच जाएगा।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मनु भाकर ने जीते सात स्वर्ण

## दिव्या एयरपिस्टल में बनीं चैंपियन



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। क्वालिफाइंग राउंड में 583 का स्कोर कर टॉप करने वाली ओलंपियन मनु भाकर ने जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। इससे पहले मनु ने 25 मीटर पिस्टल में चार स्वर्ण जीते थे। मनु ने इस चैंपियनशिप में कुल सात स्वर्ण जीते।

कर्नाटक की 27 वर्षीय टीएस दिव्या 10 मीटर एयर पिस्टल में नई राष्ट्रीय चैंपियन बन गई हैं। उन्होंने भोपाल में खेली जा रही 65वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में उत्तर प्रदेश की संस्कृति बाना को कड़े संघर्ष में 16-14 से पराजित कर स्वर्ण जीता। हरियाणा की रिद्म सांगवान ने कांस्य जीता। दिव्या कर्नाटक के लिए बास्केटबाल खेल चुकी हैं।

क्वालिफाइंग राउंड में 583 का स्कोर कर टॉप करने वाली ओलंपियन मनु भाकर ने जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने फाइनल में ईशा सिंह को 17-13 से हराया।

उन्होंने हरियाणा के लिए सीनियर और जूनियर वर्ग में भी स्वर्ण जीता। इससे पहले मनु ने 25 मीटर पिस्टल में चार स्वर्ण जीते थे। मनु ने इस चैंपियनशिप में कुल सात स्वर्ण जीते।

रिद्म ने यूथ वर्ग में संस्कृति को हराकर स्वर्ण जीता। वहीं लंदन ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार ने 583 के स्कोर के साथ 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल का स्वर्ण जीता।

# हॉकी वर्ल्ड कपः भारत को तैयार करेंगे नीदरलैंड के दो पूर्व दिग्गज

## ड्रैगफ्लिकिंग और गोलकीपिंग की देंगे कोचिंग





नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने 33 खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए बेंगलुरु बुलाया है, जहां 14 से 20 दिसंबर तक विशेष ड्रैग फ्लिकंग और गोलकीपिंग शिविर लगाया जा रहा है।

अटलांटा (1996) और सिडनी ओलंपिक (2000) का स्वर्ण जीतने वाले नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग्ग फ्लिकर ब्राम लोमांस और गोलकीपिंग कोच डेनिस वान डि पोल भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 जनवरी से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए भारतीय खिलाडियों को तैयारियां कराएंगे।

हॉकी इंडिया ने 33 खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए बेंगलुरु बुलाया है, जहां 14 से 20 दिसंबर तक विशेष ड्रैग फ्लिकंग और गोलकीपिंग शिविर लगाया जा रहा है। 27 दिसंबर को भारतीय खिलाड़ी राउरकेला के लिए रवाना होंगे।

**2019 में भी आए थे वान डि पोल**

2019 में भी हॉकी इंडिया ने डेनिस वान डि पोल को बेंगलुरु गोलकीपिंग कोचिंग के लिए आमंत्रित किया था, जिसका काफी फायदा मिला था। भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलियाई कोच ग्राहम रीड का कहना है कि विश्व कप से पहले ड्रैगफ्लिकंग और गोलकीपिंग का दिग्गजों की अगुवाई में शिविर काफी फायदेमंद रहेगा।

इससे हमारे ड्रैग फ्लिकर और गोलकीपरों को विश्व कप से पहले न सिर्फ नई धार मिलेगी बल्कि रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। शिविर के लिए गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, जुगराज सिंह, अमित रोहीदास, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मंदीप सिंह, ललित उपाध्याय जैसे खिलाड़ियों को बुलाया गया है।

# बाईचुंग भूटिया बोले, अर्जेंटीना वर्ल्ड कप की दावेदार

## मेसी सबसे मजबूत हथियार, लेकिन मैच पेनल्टी शूटआउट तक गया तो पलटेगा पासा

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडिया के स्टार फुटबॉलर और पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अर्जेंटीना को फुटबॉल वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा दावेदार बताया है। 40 इंटरनेशनल गोल करने वाले भूटिया ने कहा कि अर्जेंटीना का सबसे मजबूत हथियार लियोनल मेसी ही हैं। उन्होंने आशंका भी जताई कि क्रोएशिया के खिलाफ सेमीफाइनल पेनल्टी शूटआउट तक जाता है तो अर्जेंटीना को हार का मुंह देखना पड़ सकता है। कतर में चल रहे वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल अर्जेंटीना और क्रोएशिया के बीच मंगलवार देर रात 12:30 बजे से खेला जाएगा।



बाईचुंग भूटिया, पूर्व कप्तान भारतीय फुटबॉल टीम

मेरे हिसाब से अर्जेंटीना ही इस वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा दावेदार है, क्योंकि टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और वह लय में है।

लियोनल मेसी का होना ही अर्जेंटीना का सबसे मजबूत पक्ष है। यह मेसी का आखिरी टूर्नामेंट भी है। वो अकेले ही मैच पलटने की क्षमता रखते हैं। मैं भी चाहता हूं कि वह जीतें। वह टीम का स्ट्रॉन्गेस्ट वेपन हैं। अर्जेंटीना को 90 मिनट में ही मुकाबला जीतना होगा। अगर मैच पेनल्टी में गया तो वह हार सकती है। यह खिताब निश्चित ही फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे को मिलेगा। वह कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 2(4)-4(3) से हराया था। शनिवार रात को अर्जेंटीना की टीम 90 मिनट तक 2-1 की बढ़त पर थी। इंजरी टाइम में आए गोल के कारण मुकाबला ड्रॉ हो गया। फिर पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना की टीम ने 4-3 से हराया।

# प्लेन क्रैश में बाल-बाल बचे डबल ओलिंपिक चैंपियन रुदिशा

## केन्या में हुई दुर्घटना...उलट गया प्लेन, एथलीट ने कहा- खौफनाक



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। लगातार 2 ओलिंपिक गोल्ड जीतने वाले केन्या के मिडिल डिस्टेंस रनर डेविड रुदिशा एक प्लेन क्रैश में बाल-बाल बच गए। उनका प्लेन एक मैदान पर क्रैश हो गया।

33 साल के इस पूर्व केन्याई एथलीट ने इस दुर्घटना को खौफनाक बताया। रुदिशा ने लंदन-2012 और रियो-2016 के ओलिंपिक गेम्स में एथलेटिक्स के 400 मीटर इवेंट के गोल्ड मेडल जीते थे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, रुदिशा सहित 5 अन्य को ले जा रहा प्लेन शनिवार को दक्षिण-पूर्व केन्या के काजियाडो काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सभी किमाना वाइल्ड लाइफ में आयोजित एनुअल मसाई इवेंट में हिस्सा लेकर लौटे रहे थे।

दुर्घटना के बाद रुदिशा ने डेली नेशन से कहा- 'उड़ान के 7-8 मिनट तक सब ठीक था। अचानक प्लेन का इंजन बंद हो गया। ऐसे में पायलट ने एक खाली स्थान देखा। जहां प्लेन को लैंड कराया जा सके, लेकिन प्लेन का एक पंखा पेड़ से टकरा गया और प्लेन मैदान पर ही गोल-गोल चक्कर खाने लगा, लेकिन उस पायलट ने अविश्वसनीय काम किया है।'

**रुदिशा सुरक्षित, एक अस्पताल में भर्ती**

मिली जानकारी के अनुसार, प्लेन क्रैश में रुदिशा को कोई चोट नहीं आई है। जबकि एक अन्य यात्री को पसलियों में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया है।

**3 साल पहले कार एक्सीडेंट से बाल-बाल बचे थे**

रुदिशा 3 साल पहले एक कार एक्सीडेंट से भी बाल-बाल बचे थे। अगस्त 2019 में उनकी एसयूवी कार नैरोबी-किसुमू राजमार्ग पर टायर फटने के बाद एक बस से टकरा गई थी।

**टॉप लेवल एथलेटिक्स से रिटायर, अब कोचिंग देंगे**

रुदिशा टॉप लेवल एथलेटिक्स से रिटायर हो चुके हैं और अब कोचिंग देने पर विचार कर रहे हैं।

# दिग्गज क्रिकेटर ने वॉर्नर को बताया बूढ़ा

## बोले- उनके कप्तान बनने पर लगा बैन हटाने की जरूरत नहीं



मेलबर्न, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। सैंडपेपर विवाद के बाद डेविड वॉर्नर के कप्तान बनने पर बैन लगा दिया गया था। स्टीव स्मिथ के कप्तान बनने पर भी रोक थी, लेकिन अब वह कई मौकों पर टीम की कमान संभाल चुके हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने डेविड वॉर्नर को ऑस्ट्रेलिया का कप्तान न बनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वॉर्नर की कप्तानी पर लगा बैन हटाने की जरूर नहीं है, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनने के लिए काफी बुजुर्ग हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वॉर्नर को पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान सौंपी जाती तो वह बेहतरीन कप्तान साबित हो सकते थे।

सैंडपेपर विवाद के बाद डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ को एक साल के लिए, जबकि कैमरून बेनक्राफ्ट को नौ महीने के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर कर दिया गया था। इसके साथ ही वॉर्नर के कप्तान बनने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया था। स्मिथ से भी कप्तानी छीन ली गई थी और उनके कप्तान बनने पर दो साल का बैन लगा दिया गया था। 2020 में स्मिथ के कप्तान बनने पर लगा बैन हट गया।

चैपल ने कहा, अगर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया वार्नर के कप्तान बनने पर लगा प्रतिबंध हटा देता है, तो वह क्या करने जा रहे हैं? मेरा मतलब है, आप वार्नर को किसी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान नियुक्त नहीं करने जा रहे हैं, है ना? वह बहुत बूढ़े हैं और उन्हें यह भूमिका नहीं दी जा रही है, क्योंकि कप्तान को युवा होना चाहिए जो आगे बढ़कर अच्छा प्रदर्शन करते हुए नेतृत्व करने में सक्षम हो, और डेविड वॉर्नर के वह दिन जा चुके हैं।

# बीसीसीआई के एनुअल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हो सकते हैं रहाणे-ईशांत

## सूर्या-गिल को मिल सकता है प्रमोशन

मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। टेस्ट स्पेशलिस्ट अजिंक्य रहाणे, तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और ऋद्धिमान साहा BCCI के एनुअल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हो सकते हैं। वहीं, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव का ग्रेड प्रमोशन हो सकता है। हालांकि, एनुअल कॉन्ट्रैक्ट की फाइनल लिस्ट के लिए 21 दिसंबर का इंतजार करना होगा। क्योंकि, उसी दिन अपेक्स कमेटी की मीटिंग में नए कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी मिलेगी।




पीटीआई ने अपने सूत्रों के हवाले से ये दावे किए हैं। एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा कि बीसीसीआई साल 2022-23 के कॉन्ट्रैक्ट में बड़े बदलाव करने वाली है।

ऋद्धिमान साहा को भी कॉन्ट्रेक्ट से बाहर किया जा सकता है। उनसे इस साल की शुरुआत में कहा गया था कि उन्हें टीम इंडिया में शामिल होने का मौका नहीं दिया जाएगा। ईशांत शर्मा और रहाणे की भी टीम इंडिया में वापसी बेहद मुश्किल नजर आ रही है।

**बी ग्रेड में आ सकते हैं पंड्या**

भारतीय टी-20 टीम के भावी कप्तान माने जा रहे हार्दिक पंड्या को भी ग्रेड प्रमोशन मिल सकता है। वे सी से बी ग्रेड में प्रमोट हो सकते हैं।

**सूर्या-गिल को इनाम, ईशान को सी ग्रेड**

सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल को उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। दोनों इस साल शानदार प्रदर्शन किया है और दोनों ही टी-20 और वनडे का अहम हिस्सा हैं। इसलिए दोनों को C कैटेगरी से B में प्रमोशन मिलना तय है। बोर्ड पिछले मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जमाने वाले ईशान किशन को C कैटेगरी में जगह दे सकता है।

**टीम इंडिया से बाहर चल रहे रहाणे-ईशांत**

अजिंक्य रहाणे पिछले कुछ साल से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। वे 14 दिसंबर से बांग्लादेश में शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। यही हार तेज गेंदबाज ईशात शर्मा का है।

# अर्जेंटीना के 2 खिलाड़ी सेमीफाइनल से पहले सस्पेंड

## मेस्सी को ऐसे रोकेगा क्रोएशिया?



खेल डेस्क, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों को सस्पेंड कर दिया गया है. सस्पेंड होने के चलते वो खिलाड़ी सेमीफाइनल में नहीं खेल सकेंगे. इतना ही नहीं अर्जेंटीना के लिए सेमीफाइनल में खेलने को लेकर सस्पेंस की स्थिति मेसी को लेकर भी बनी है.

अर्जेंटीना के 2 खिलाड़ी सेमीफाइनल से पहले सस्पेंड, मेस्सी को ऐसे रोकेगा क्रोएशिया?मेसी और अर्जेंटीना को रोकने के लिए क्रोएशिया ने बनाया प्लान. फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप 2022 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज खेला जाना है. मुकाबला अर्जेंटीना और क्रोएशिया में है. दोनों में जो जीता उसे फाइनल का टिकट मिलेगा. हालांकि, इस अहम मैच से पहले अर्जेंटीना मुश्किल में है. दरअसल, उसके दो खिलाड़ियों को सस्पेंड कर दिया गया है. सस्पेंड होने के चलते वो खिलाड़ी सेमीफाइनल में नहीं खेल सकेंगे. इतना ही नहीं अर्जेंटीना के लिए सेमीफाइनल में खेलने को लेकर सस्पेंस की स्थिति मेसी को लेकर भी बनी है. वहीं क्रोएशिया की टीम बगैर इसकी परवाह किए मेसी और अर्जेंटीना के खिलाफ प्लान बनाने में जुटी है. अर्जेंटीना के खिलाफ सेमीफाइनल में क्रोएशिया का प्लान बताएं, उससे पहले आपको बता दें कि क्रोएशिया की टीम ने ब्राजील का सपना तोड़ सेमीफाइनल का टिकट कटाया था. जबकि अर्जेंटीना ने क्वार्टर फाइनल में नेदरलैंड्स को हराया था. इसी मुकाबले के दौरान मेसी-रेफरी से उलझ पड़े थे, जिसके चलते उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का फैसला आना बाकी है.


अब वो फैसला क्रोएशिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले आता है तो हो सकता है कि बाकी दो साथियों की तरह मेसी भी सेमीफाइनल से बाहर रहें. हालांकि, ये फिलहाल कयास ही है. अब जरा अर्जेंटीना के सस्पेंड हुए दोनों खिलाड़ियों के नाम भी जान लीजिए. एक हैं मार्कस अकुना और दूसरे हैं गोंजालो मॉन्टिएल. इन दोनों खिलाड़ियों को सस्पेंड येलो कार्ड के चलते किया गया है.

# दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल प्रमुख की मांग

## पेले-माराडोना को सम्मान दे फीफा, इन देशों में हो 2030 विश्व कप

दोहा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल के प्रमुख के अनुसार फीफा को पैसे की बजाय खेल को ज्यादा तवज्जो देनी चाहिए। इस लिहाज से पेले और माराडोना को श्रद्धांजलि के रूप में 2030 विश्व कप का आयोजन दक्षिण अमेरिकी देशों में होना चाहिए।

फीफा विश्व कप 2022 का आयोजन कतर में हो रहा है। यह टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अब सिर्फ चार टीमें खिताब जीतने की दौड़ में बनी हुई हैं और एक सप्ताह के अंदर इस विश्व कप का चैंपियन मिल जाएगा। हालांकि, इस विश्व कप के खत्म होने से पहले ही 2030 विश्व कप की मेजबानी के लिए सभी देश जोर लगाना शुरू कर चुके हैं।



दक्षिण अमेरिका के फुटबॉल प्रमुख ने रविवार को कहा कि फीफा को पेले और डिएगो माराडोना जैसे दिग्गजों की विरासत का सम्मान करना चाहिए और 2030 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अमेरिकी देशों को देनी चाहिए। 2030 शताब्दी विश्व के मेजबान का फैसला 2024 में होना है और इसके लिए कई देश दावेदारी पेश कर रहे हैं। अलेजांद्रो डोमिंगुएज ने कहा कि फीफा विश्व कप के मेजबान के चयन की प्रक्रिया में पैसे पर कम ध्यान देना चाहिए। 1930 में उरुग्वे ने फीफा विश्व कप की मेजबानी की थी, जिसमें कुल 13 टीमें शामिल थीं। 2030 विश्व कप के लिए उरुग्वे ने अर्जेंटीना, चिली और पैराग्वे के साथ मिलकर मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की है। 2030 विश्व कप में कुल 48 टीमें शामिल होंगी और यह दूसरा मौका होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में टीमें विश्व कप का हिस्सा बनेंगी। दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे, अर्जेंटीना, चिली और पैराग्वे को मुख्य चुनौती स्पेन, पुर्तगाल और यूक्रेन से मिलेगी, जिसे यूईएफए का समर्थन प्राप्त है। रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब मिस्र और ग्रीस के साथ मिलकर बोली लगा सकता है।

बीमार पेले के सम्मान में एक समारोह में डोमिंगुएज से पूछा गया कि क्या ब्राजील के पूर्व स्टार पेले और अर्जेंटीना के दिवंगत महान माराडोना की विरासत फीफा को मेजबान देश का चयन करने में मदद कर सकती है। जवाब में उन्होंने कहा कि फीफा को पैसे और फुटबॉल के बीच चयन करना है।

